

■ अमेरिका सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार - 12



■ भारत-फिनलैंड में कौशल विकास और कार्यबल आवाजाही में सहयोग पर चर्चा - 12



■ नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर - 13



■ अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की - 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.35
सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया 05:53 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 6 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 194, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत को डुबोया, 87 की मौत

**महायुद्ध**

## अभ्यास करने के बाद भारत से लौट रहा था युद्धपोत, हिंद महासागर में बनाया निशाना

## अब तक 1230 लोगों की युद्ध में गई जान, ईरान ने नए सिरे से किए हमले

दुबई, एजेंसी

अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के तट के पास ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबो दिया। इस हमले में 87 नौसैनिकों की मौत हुई है, जबकि 32 को बचा लिया गया है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की पहली ऐसी घटना बताया है। आईरिस देना उन 19 विदेशी युद्धपोतों में से एक था जो भारत मेहमान बनकर आए थे।

इन जहाजों ने 17 और 18 फरवरी को विशाखापत्तनम में हुए इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लिया था। जब इस पर हमला किया गया तब यह मिलिट्री एक्सरसाइज से लौट रहा था। इस महायुद्ध में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,230 हो गई है।



लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह में गुरुवार को इजराइली हवाई हमले के बाद उठता धुआं। ● एजेंसी

वहीं, ईरान ने गुरुवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नए सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमला करके डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान के एक धार्मिक नेता ने ट्रंप का खून बहाने का आह्वान किया, वहीं इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान पर व्यापक हमला शुरू कर दिया है। इजराइल ने कई मिसाइल से हमले होने की घोषणा करते हुए तेल अवीव और यरूशलम में सायरन बजाए। ईरान ने हमलों में अमेरिकी अड्डों को भी निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरानियों द्वारा समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह से जुड़े 80 ठिकानों पर पिछले 24 घंटे में हमला किया है। उसने कहा कि ईरान पर हमलों में एक बैलिस्टिक मिसाइल लांच स्थल और अन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नौसेना पर हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत आईरिस देना पर हमले के लिए 'समुद्र क्षेत्र में अत्याचार' का आरोप लगाया। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी मारे गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, मेरी बात लिखकर ले लो। अमेरिका को अपने किए पर बुरी तरह पछताना पड़ेगा। युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है, अंतर्राष्ट्रीय नौवहन बाधित हुआ है जबकि पश्चिम एशिया में लाखों यात्री फंसे हुए हैं। ईरान के अयातुल्ला (धर्मगुरु) अब्दुल्ला जवादी अमोली का संदेश गुरुवार को प्रसारित किया गया, जिसमें इजराइलियों और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का खून बहाए जाने का आह्वान किया गया।

### प. एशिया में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए प्रयास तेज

**दुबई।** पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध का दायरा फैलने और बड़े हिस्से में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण दुबई समेत कई शहरों में फंसे हजारों यात्रियों की स्वदेश वापसी के लिए विभिन्न देशों की सरकारें निकासी उड़ानों की व्यवस्था कर रही हैं। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले तथा इसके बाद ईरान की कार्रवाई के मद्देनजर उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द हुई हैं जिससे लोग ओमान, मिस्र और सऊदी अरब जैसे मार्गों के जरिए बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसके लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



अमेरिका द्वारा जारी की गई तस्वीर जिसमें ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबोया गया।

### ईरान के विदेश मंत्री बोले- नौसैनिक पोत डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया, उस पर उसे गहरा पछतावा होगा

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि श्रीलंका के तट पर एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी नौसैनिक पोत को डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा। अब्बास अराघची की यह टिप्पणी हिंद महासागर में आईरिस देना के डूबने की घटना को लेकर ईरान सरकार की ओर से पहली स्वीकारयोक्ति है। ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे समुद्र में की गई ज्यादती बताया और कहा कि यह घटना ईरान के तट से लगभग 2,000 मील दूर हुई। उन्होंने एक्स पर कहा, लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे एवं भारत की नौसेना के अतिथि पोत 'आईरिश देना' पर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया। मेरी बात याद रखना– अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा।



### श्रीलंका तट के पास ईरानी युद्धपोत डूबने के बाद भारतीय नौसेना खोज अभियान में हुई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागे गए टॉरपीडो के लगने से श्रीलंका तट के पास डूबे ईरानी युद्धपोत 'आईरिस देना' से संकटकालीन संदेश मिलने के बाद वह खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई। ईरानी युद्धपोत भारत द्वारा आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसने श्रीलंका के नेतृत्व में चलाए जा रहे बचाव अभियान में सहयोग करने के लिए बुधवार सुबह 10 बजे लंबी दूरी के एक समुद्री गश्ती विमान के साथ खोज और बचाव अभियान तुरंत शुरू किया। आसमान से गिराए जा सकने वाले जीवनरक्षक राफ्ट से लैस एक अन्य विमान को भी तत्काल तैनाती के लिए तैयार रखा गया था। आसपास ही तैनात आईएनएस तरंगिनी को बचाव कार्य में सहायता के लिए भेजा गया और वह शाम 4 बजे तक खोज क्षेत्र में पहुंच गई।

**ब्रीफ न्यूज**

### इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत



**मुंबई।** टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच में भारत ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। संजू सैमसन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 7 विकेट खोकर 246 रन ही बना पाई। (...विस्तृत खेल पेज पर)

### शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सूचकांक चढ़े

**मुंबई।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# पश्चिम एशिया, यूक्रेन के संघर्ष शीघ्र हों समाप्त : मोदी

- कहा- किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता
- प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये टिप्पणियां कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों को शीघ्र समाप्त करने का गुरुवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद मोदी ने ये टिप्पणियां कीं।

दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ युद्ध छठे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें दोनों पक्षों ने नए हमले किए, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया। स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का जोरदार समर्थन किया, और तर्क दिया कि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में व्यापक सुधार के साथ-साथ यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी-स्टब वार्ता में पश्चिम एशिया का संकट प्रमुखता से उठाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड, दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के शीघ्र अंत और शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे। मोदी ने भारत-यूरोप संबंधों में आए सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में, दुनिया की दो सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्तियां भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नयी मजबूती दे रहा है। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि युद्ध समाप्त करना सभी के हित में है।



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### पश्चिम एशिया के मुद्दे पर मैक्रों से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से गुरुवार को टेलीफोन पर बात की और पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को लेकर साझा चिंताओं पर चर्चा की। मैक्रों के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि वे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ रूप से बातचीत करना और प्रयासों में समन्वय करना जारी रखेंगे।

# भारत ने ईरानी नेता खामेनेई की मौत पर शोक जताया



- विदेश सचिव मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया
- शोक पुस्तिका पर साइन किए श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ईरानी राजदूत को नई दिल्ली की ओर से संवेदना संदेश दिया।

वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया और भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने विदेश सचिव और भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली के बीच हुई बातचीत की तस्वीर भी जारी की। खामेनेई की मौत 28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका के हमले में हुई थी। भारत ने हालांकि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का आह्वान किया।

# लोस अध्यक्ष को हटाने वाले नोटिस पर चर्चा 9 को

नई दिल्ली, एजेंसी

- सदन में उपस्थित रहेंगे बिरला कार्यवाही का नहीं करेंगे संचालन

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिए गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिए जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत 9 मार्च को होगी।

लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर खुलकर भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है। नियमों और तय प्रक्रिया के अनुसार, जब निचले सदन में प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तो बिरला को अपना बचाव करने का अधिकार होगा। संविधान विशेषज्ञ पीडीटी आचारी ने बताया कि बिरला को प्रस्ताव के खिलाफ मत देने का भी अधिकार होगा। आचारी ने कहा कि जब प्रस्ताव सदन के समक्ष आएगा, तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सत्तापक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। जिस दिन नोटिस दिया गया था, उसी दिन बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था। लोस सचिवालय के एक पदाधिकारी ने कहा, हालांकि, वह नोटिस प्रस्तुत किये जाने तक सदन की अध्यक्षता कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने खिलाफ प्रस्ताव का निपटारा होने तक सदन में उपस्थित न होने का निर्णय लिया।

## पश्चिम एशिया संकट : मुंबई दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण गुरुवार को मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। मुंबई हवाई अड्डे पर कुल 105 उड़ानें रद्द की गईं। दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 रवाना होनी वालीं और 18 आने वाली उड़ानें रद्द कर दी गयीं जबकि बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 16 उड़ान भरने वाली और 14 आने वाली उड़ानें रद्द हुईं।

# चुनाव से पहले बंगाल के राज्यपाल का इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार शाम को नई दिल्ली में अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके इस कदम पर हैरानी जताई और कहा कि बोस के इस्तीफा देने के बाद तमिलनाडु के राज्यपाल एवं पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) आरएन रवि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

17 नवंबर, 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल नियुक्त किए गए बोस ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि मैं साढ़े तीन साल तक बंगाल का राज्यपाल रहा हूं, यह मेरे लिए पर्याप्त है। उन्होंने अचानक इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं किया और न ही यह बताया कि क्या कोई राजनीतिक दबाव था जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले केंद्रीय गृहमंत्री शाह के दबाव में आनंद बोस को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया हो सकता है।



- अचानक इस्तीफा देने के कारणों का नहीं किया खुलासा, ममता ने इस्तीफे पर जताई हैरानी

# नीतीश ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्ष 2005 से रिकॉर्ड 10 बार मुख्यमंत्री रहे कुमार और नवीन ने बिहार विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह के कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर अमित शाह के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि वह राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिसके साथ ही बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल का अंत हो जाएगा। कुमार ने कहा कि राज्य में जो नई सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन बनाए रखा। इसी भरोसे की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की नयी पहचान प्रस्तुत कर पा रहा है।



राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल नीतीश कुमार।

- अमित शाह व बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री रहे मौजूद, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दाखिल किया नामांकन

**होली मिलन** | मुख्यमंत्री बोले– सनातन पर सवाल उठाने वालों को होली जैसे पर्व का अहसास नहीं

# सकारात्मक सोच वाली ताकतों की सदैव होती विजय : योगी

- गोरखनाथ मंदिर में आयोजित होली समारोह में सीएम ने लोगों को दी बधाई

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ गोरखपुर

**अमृत विचार :** रंगोत्सव के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाली ताकतों की हमेशा विजय होती है। नकारात्मक सोच वाली शक्तियां विध्वंसात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं, जबकि सकारात्मक सोच समाज को आगे बढ़ाने का काम करती है।

बुधवार दोपहर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने लोगों पर पुष्पवर्षा कर सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साह और उमंग के साथ समरसता के महापर्व होली का आयोजन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व की अनुभूति की है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की श्रेष्ठता पर वही लोग प्रश्न उठाते हैं, जिन्हें होली जैसे पर्व का वास्तविक भाव समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि होली ऐसा पर्व है जिसमें न कोई भेदभाव होता है और न ही छुआछूत। सनातन धर्म के पर्व-त्योहार समाज को नई दिशा देने के साथ धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इनमें सामूहिकता का भाव होता है और समाज का हर वर्ग इसमें सहभागी बनता है।



महापर्व होली पर भगवान श्री नरसिंह जी की रंगभरी भव्य शोभायात्रा के अवसर पर आरएसएस गोरखपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में सहभाग करते योगी।

### राष्ट्र प्रथम के भाव से हो दायित्वों का निर्वहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया के कई हिस्सों में अव्यवस्था दिखाई देती है, जबकि भारत में शांति और उल्लास के साथ पर्व-त्योहार मनाए जा रहे हैं। इसका कारण भारत की सकारात्मक सोच है। भारत ने कभी किसी के साथ बुरा नहीं किया और न ही बुरा कहा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए सभी नागरिकों को अपने-अपने क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। भक्ति को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने की जरूरत है। समारोह में मुख्यमंत्री ने होली गीतों का आनंद भी लिया।

# गोरखपुर में होलिका भस्म की पूजा कर मुख्यमंत्री योगी ने मनाई होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- गोरक्षपीठाधीश्वर व संतों ने एक दूसरे को लगाया भस्म का तिलक
- गोरखनाथ मंदिर में फाग और फूलों के संग हुआ रंगोत्सव

**अमृत विचार :** होली के महापर्व पर बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलिका भस्म की पूजा कर होली उत्सव का शुभारंभ किया। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका की भस्म (सम्मत की राख) की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और भस्म का तिलक लगाया।

मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने विधि-विधान से पूजा की। इसके बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने भी सभी को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित की। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने कुछ देर रुककर फाग गीतों का आनंद लिया और उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी।

इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री के ऊपर अबीर-गुलाल, रंग और फूलों की वर्षा कर उत्साहपूर्वक होली खेली। पूरा परिसर रंग और भक्ति के माहौल से सराबोर दिखाई दिया। गोरखनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और संतों के बीच भक्ति, परंपरा और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला।

### गोवंश को लगाया तिलक गुड़ खिलाकर की गोसेवा

होली के अवसर पर मुख्यमंत्री मंदिर की गोशाला भी पहुंचे, जहां उन्होंने गोवंश को भस्म और गुलाल का तिलक लगाया तथा गुड़ खिलाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री की आवाज सुनते ही गोवंश उनके पास आ गए, जिन्हें उन्होंने दुलार करते हुए उनके माथे और गर्दन को सहलाया।



होली पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गोरखपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित समारोह में शामिल मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# यूपी पुलिस को होंडा इंडिया देगा 50 क्यूआरटी वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस को होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से 50 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। फाउंडेशन अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत ये वाहन देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश पुलिस और होंडा इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इन 50 दोपहिया वाहनों को उत्तर प्रदेश पुलिस के बेड़े में शामिल किया जाएगा। इनका उपयोग विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थिति या अपराध की सूचना मिलने पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

जानकारी के अनुसार सहारनपुर को पांच वाहन दिए जाएंगे, जबकि शामली, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, बिजनौर, पीलीभीत, महोबा, बांदा, प्रतापगढ़, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, देवरिया और सोनभद्र को तीन-तीन वाहन मिलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### निमोनिया व दस्त का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** बदलते मौसम में बरती जा रही लापरवाही बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रही है। खानपान में गड़बड़ी व सफाई की अनदेखी के चलते डायरिया व निमोनिया से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ रही है। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. डी. एच. अग्रवाल का कहना है कि सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस और जिंक की दवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं तथा बच्चों के लिए आवश्यक जांच एवं उपचार की व्यवस्था है। इसलिए इन दोनों बीमारियों के लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने बच्चों को दिखाएं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डॉ. मिलिंद वर्धन ने बताया कि बदलते मौसम में छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है, जिससे दस्त और निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। यदि अभिभावक प्रारंभिक लक्षणों की पहचान कर तुरंत आशा, एएनएम या नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य इकाई से संपर्क करें तो बच्चे को गंभीर स्थिति में जाने से रोका जा सकता है। समय पर ओआरएस, जिंक और आवश्यक दवाओं से अधिकतर मामलों में बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हो जाते हैं। डफरिन अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान के अनुसार, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली मृत्यु का लगभग 15–20 प्रतिशत हिस्सा दस्त और निमोनिया से जुड़ा होता है। अच्छी बात यह है कि ओआरएस, जिंक और समय पर उपचार से दस्त के 90 प्रतिशत से अधिक मामलों का प्रभावी प्रबंधन संभव है।

### विद्युत सखी योजना से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की विद्युत सखी योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रही है। अब तक 30 हजार महिलाओं को विद्युत सखी के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। इनमें से 15 हजार से अधिक महिलाएं सक्रिय रूप से फील्ड में काम करते हुए घर-घर जाकर बिजली बिल जमा करा रही हैं। इन महिलाओं ने अब तक 3250 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल संग्रह कर नया रिकॉर्ड बनाया है। सरकार का कहना है कि प्रशिक्षण और अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शेष महिलाओं को भी जल्द फील्ड में तैनात किया जाएगा। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को बिजली बिल कलेक्शन एजेंट के रूप में जोड़ा गया है इन्हें बिजली बिल संग्रह पर कमीशन भी दिया जाता है। दो हजार रुपये तक के बिल कलेक्शन पर उन्हें 20 रुपये का कमीशन मिलता है, जबकि दो हजार रुपये से अधिक के बिल पर एक प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। इस व्यवस्था से हजारों महिलाएं अच्छी आय अर्जित कर रही हैं और कई 'दीदियां' लखपति भी बन चुकी हैं।

# डॉक्टर पर भरोसा हो तो दवा भी असर करती है और दुआ भी : योगी

## ग्रेटर नोएडा में केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा



ग्रेटर नोएडा में केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में पूर्व क्रिकेटर कपिल देव व अन्य।

- बोले- डॉक्टर के व्यवहार से आधी बीमारी हार जाती है

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास व मानवीय व्यवहार भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। डॉक्टर का सकारात्मक व्यवहार मरीज की आधी बीमारी खत्म कर देता है।

मुख्यमंत्री, गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव को देखकर पाकिस्तान की टीम आधा मैच हार जाती थी, वैसे ही डॉक्टर को देखकर मरीज की आधी बीमारी हार जाती है। कहा, जब मरीज को डॉक्टर पर विश्वास हो जाता है तो उसकी मानसिक शक्ति बढ़ जाती है। ऐसे में दवा भी असर करती है और दुआ भी काम करती है। इससे मरीज जल्दी स्वस्थ होता है और अस्पताल की प्रतिष्ठा भी बढ़ती है।

सीएम योगी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बिना भेदभाव पांच लाख रुपये तक की कैशलेस उपचार सुविधा दी जा रही है। उत्तर प्रदेश इस योजना में अग्रणी है और यहां अब तक 5 करोड़ 60 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 तक देश में केवल छह एम्स कार्यरत थे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी की पहल के बाद अब देश में 23 एम्स संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में सरकार के साथ निजी क्षेत्र की सहभागिता भी जरूरी है, ताकि बड़ी आबादी को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। यदि मेडिकल कॉलेजों की स्थापना में निजी क्षेत्र निवेश करता है तो इससे नए मेडिकल प्रोफेशनल तैयार होंगे और लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 300 बेड वाला यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा।

इस अवसर पर अस्पताल के संस्थापक और पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव, उद्योगपति सुनील कुमार गुप्ता, प्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, धीरेन्द्र सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और अतिथि मौजूद रहे।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल

ग्रेटर नोएडा में स्थापित केडीएसजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का संचालन अजिंक्य डीवाई पाटिल हेल्थकेयर द्वारा किया जाएगा। 300 बेड वाले इस अस्पताल में अत्याधुनिक मॉड्यूलर ओटी, मल्टी-स्पेशियलिटी आईसीयू, कैथेटराइजेशन लैब, इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर के साथ रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी और न्यूक्लियर मेडिसिन की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, क्रिटिकल केयर, पल्मोनोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और पीडियाट्रिक्स समेत कई विशेषज्ञ सेवाएं दी जाएंगी।

# जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

- गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार :** गोरखपुर में जनता के साथ बुधवार को दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी। जनता की समस्याओं का समाधान तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर में गुरुवार सुबह परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री खुद लोगों के बीच पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उसकी मदद की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों और कमजोरों को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज के लिए पूरी मदद करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज से संबंधित इस्टीमेट की प्रक्रिया जल्द पूरी कर शासन को भेजी जाए, ताकि समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# लखीमपुर खीरी के दो ब्लॉकों को सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- धौरहरा को गोल्ड और बांकेगंज को ब्रॉन्ज मेडल
- स्वास्थ्य, पोषण व कृषि योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल

**अमृत विचार :** प्रदेश को एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम में एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। नीति आयोग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा ब्लॉक को गोल्ड और बांकेगंज ब्लॉक को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया है।

जुलाई से सितंबर 2024 के बीच चले संपूर्णता अभियान में दोनों ब्लॉकों ने विभिन्न विकास सूचकांकों पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। यह सम्मान लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन भी प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले के आकांक्षात्मक ब्लॉकों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। इसी के तहत बांकेगंज ब्लॉक ने स्वास्थ्य और पोषण, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं तथा सामाजिक विकास से जुड़े तीन प्रमुख इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं धौरहरा ब्लॉक ने छह प्रमुख इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच, पोषण सुधार की पहल और कृषि योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने के प्रयासों से यह सफलता मिली।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की मौजूदगी में बांकेगंज के बीडीओ ऋषिकांत अहिरवार और धौरहरा के तत्कालीन बीडीओ सुमित कुमार सिंह (वर्तमान में बीडीओ फूलबेहड़) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# 3,300 किसानों को मिलेंगे कृषि यंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिलों में आज ई-लॉटरी से होगा चयन, ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** प्रदेश में 3300 से अधिक किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र दिए जाएंगे। इसका लाभ उन किसानों को मिलेगा जिन्होंने 4 मार्च तक कृषि विभाग की वेबसाइट www.agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया है। जिन जिलों में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, वहां शुक्रवार को ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया जाएगा।

कृषि विभाग के अनुसार, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन और अन्य एकल कृषि यंत्रों के लिए 2519 किसानों को अनुदान दिया जाएगा। वहीं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के अंतर्गत 800 किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

चयनित किसानों को बुकिंग टोकन कंफर्म होने के बाद 10 दिन के भीतर कृषि यंत्र खरीदकर उसकी रसीद और फोटो विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in या upyantratraking.in पर अपलोड करनी होगी।

ई-लॉटरी में चयनित किसानों को मोबाइल पर एसएमएस के जरिए सूचना दी जाएगी। साथ ही प्रतीक्षा सूची में शामिल किसानों को भी इसकी जानकारी भेजी जाएगी। चयनित न होने वाले किसानों की जमानत राशि अधिकतम छह महीने के भीतर वापस कर दी जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने पोर्टल पर कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग की है, वे अपने-अपने जिलों में आयोजित होने वाली ई-लॉटरी प्रक्रिया में जरूर भाग लें।

प्रदेश में वर्ष 2017-18 से 2025 तक लगभग तीन लाख कृषि यंत्र किसानों को उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इनमें 2.31 लाख एकल कृषि यंत्र, 8405 कस्टम हायरिंग सेंटर और 7351 फार्म मशीनरी बैंक शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी तक 7777 कृषि यंत्र, 51 कस्टम हायरिंग सेंटर और 64 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित करने के बिल पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं।

# ईसीसीई किट से खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

## किट के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को दी जा रही 39 हजार रुपये की धनराशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 20 हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) किट का वितरण किया गया है। ईसीसीई किट के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को 39 हजार रुपये की धनराशि दी जा रही है।

राज्य सरकार का मानना है कि तीन से छह वर्ष की आयु बच्चों के बौद्धिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। ऐसे में इस चरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री और वैज्ञानिक पद्धति उपलब्ध कराकर बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

ईसीसीई के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट, ईसीसीई मैनुअल (पहल), वार्षिक गतिविधि कैलेंडर और बाल गतिविधि पुस्तिका उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही नेशनल बुक ट्रस्ट से प्रकाशित छह कहानियों की पुस्तकों का सेट तथा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (टीएलएम) आधारित पुस्तिकाएं भी दी जा रही हैं।

प्रदेश सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल पोषण वितरण तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इन्हें चरणबद्ध तरीके से आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। बेहतर फर्नीचर, सुरक्षित वातावरण और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की उपलब्धता से आंगनबाड़ी केंद्रों का स्वरूप बदल रहा है और ये गांवों व मोहल्लों में छोटे-छोटे लर्निंग हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। इन किटों के माध्यम से बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा दी जा रही है, जिससे वे खेल-खेल में सीख रहे हैं।

### बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा को महत्व

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया है और इसे स्कूली शिक्षा के बुनियादी स्तर से जोड़ा गया है। सरकार का कहना है कि पोषण, स्वास्थ्य जांच और शिक्षा को एकीकृत कर बच्चों के सर्वांगीण विकास का मॉडल तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में उन्हें बेहतर अवसर मिल सकें।

नई परियोजनाएं

विदेशी साझेदारी से टेक्नोलॉजी और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# यीडा क्षेत्र में बन रहा औद्योगिक कॉरिडोर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर, फिल्म सिटी और फिनटेक सिटी समेत कई परियोजनाएं ले रहीं आकार

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में विकसित और प्रस्तावित औद्योगिक सिटीज अब पारंपरिक औद्योगिक प्लॉटिंग से आगे बढ़कर सेक्टर आधारित आर्थिक ढांचे के रूप में उभर रही हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, टॉय सिटी और अपैरल पार्क जैसी परियोजनाओं के साथ फिल्म सिटी, फिनटेक सिटी और विदेशी साझेदारी पर आधारित थीम सिटीज यमुना एक्सप्रेस-वे को बहुक्षेत्रीय औद्योगिक कॉरिडोर में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क और सेक्टर-24 में 200 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य उच्च मूल्य उत्पादन को बढ़ावा देना है। इसके अलावा सेक्टर-33 में 100 एकड़ में टॉय सिटी और सेक्टर-29 में 175 एकड़ का अपैरल पार्क श्रम आधारित उद्योगों को संगठित ढांचा उपलब्ध करा रहे हैं। इन परियोजनाओं को इस तरह डिजाइन किया गया है कि कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की सप्लाई चेन एक ही कॉरिडोर में विकसित हो सके।

टप्पल क्षेत्र में 200 एकड़ का प्रस्तावित लॉजिस्टिक्स पार्क औद्योगिक ढांचे की आपूर्ति और वितरण प्रणाली को मजबूत करेगा। वहीं सेक्टर-29 में 200 एकड़ का एमएसएमई पार्क छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े उद्योगों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। भूमि उपयोग, आवासीय टाउनशिप, स्किल डेवलपमेंट संस्थानों और सहायक सेवाओं के विस्तार से सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव की संभावना है।

### 1000 एकड़ में फिल्म सिटी

सेक्टर-21 में करीब 1000 एकड़ में प्रस्तावित फिल्म सिटी को मीडिया, कंटेंट प्रोडक्शन, पोस्ट प्रोडक्शन और डिजिटल सेवाओं के केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। वहीं सेक्टर-11 में 500 एकड़ में प्रस्तावित फिनटेक सिटी मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र को डिजिटल वित्तीय सेवाओं से जोड़ने का काम करेगी। इससे औद्योगिक इकाइयों को भुगतान, निवेश और वैश्विक लेनदेन के लिए एकीकृत प्लेटफॉर्म मिलने की संभावना है।

### जापानी सिटी और सिंगापुर सिटी बनेंगी

अंतरराष्ट्रीय सहयोग के तहत सेक्टर-5ए में जापानी सिटी, सेक्टर-4 में कोरियन सिटी और सेक्टर-7 में सिंगापुर सिटी के लिए 500-500 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल विदेशी निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि तकनीक, प्रबंधन प्रणाली और औद्योगिक कार्य संस्कृति को भी स्थानीय ढांचे में शामिल करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन सिटीज में एंकर कंपनियां स्थापित होने पर सहायक उद्योगों और सेवा क्षेत्र को भी गति मिलेगी।

# प्रदेश के 6 प्रत्याशी अयोग्य घोषित 3 साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्वाचन व्यय का लेखा समय पर न देने के कारण भारत निर्वाचन आयोग ने किया फैसला

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में भाग लेने वाले छह प्रत्याशियों को अयोग्य घोषित कर दिया है। इनमें से चार अभ्यर्थी अकेले बदायूं हैं। आयोग ने यह निर्णय इन प्रत्याशियों द्वारा नियमानुसार अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल नहीं करने पर लिया है।

अयोग्य घोषित किए गए प्रत्याशी 25 फरवरी 2026 से अगले तीन वर्ष तक किसी भी लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा या विधान परिषद के चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। यह कार्रवाई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के तहत की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी को निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर अपने सभी व्यय वाउचर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना होता है। इन छह प्रत्याशियों ने आयोग का नोटिस मिलने के बाद भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया।

### अयोग्य घोषित प्रत्याशी

- प्रज्ञा यशोदा- 112, बिसौली विधानसभा, ग्राम पिसनहारी, बदायूं
- सुरेन्द्र- 112, बिसौली, ग्राम लभारी, बदायूं
- ममता देवी- 116, शेखूपुर, ग्राम सराय पिपरिया, बदायूं
- ओमवीर- 117, दातागंज, ग्राम खजुरारा, बदायूं
- मुन्ना लाल-117, दातागंज, हसनपुर खेवली, लखनऊ
- अनिल कुमार-113, सहसवान विधानसभा, चन्दौसी, संभल

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि
से आपरेशन
अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# बिना टेंडर लगा दीं करोड़ों की हाईमास्ट लाइटें

अजय मिश्र कन्नौज

- बिना निविदा के हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति में अनियमितता एवं घोटाले की शिकायत
- शिकायतकर्ता ने तकनीकी एवं वित्तीय ऑडिट की मांग की, ग्राम निधि के दुरुपयोग का भी आरोप
- पीजी पोर्टल से हुई शिकायत शासन तक पहुंची, लखनऊ व कानपुर में जांच शुरू

**अमृत विचार।** सूबे के कन्नौज, लखनऊ व कानपुर समेत 16 जिलों में बिना टेंडर के करोड़ों रुपये से हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी शिकायत शासन में हुई है। प्रकरण की तकनीकी एवं वित्तीय ऑडिट कराने की मांग व ग्राम निधि का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया गया है। पीजी पोर्टल से हुई शिकायत की जनपद में जांच भी शुरू हो गई है।

शिकायतकर्ता बृजेश पांडेय ने पीजी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि लखनऊ स्थित रुचि इलेक्ट्रिकल प्रोपाइटर रवि गोयल एवं कृष्णा कंस्ट्रक्शन प्रोप्राइटर कृष्णा गोयल नामक दो फर्मों ने कन्नौज, लखनऊ, सीतापुर, अमेठी, सुल्तानपुर, गोरखपुर, फतेहपुर, हमीरपुर, प्रयागराज, कौशांबी, उरई, झांसी, इटावा, कानपुर नगर व कानपुर देहात के विकास खंडों में बिना टेंडर या निविदा प्रक्रिया के करोड़ों रुपये मूल्य की हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति की है।

यह आपूर्ति सरकारी नियमों एवं प्रक्रियाओं का स्पष्ट उल्लंघन है क्योंकि ऐसी खरीदारी में पारदर्शिता तय करने के लिए टेंडर प्रक्रिया अनिवार्य है। इसके साथ ही आपूर्ति की गई सामग्री में गंभीर अनियमितताएं हैं। जिन प्रतिष्ठित कंपनियों की मूल सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए था, उसके स्थान पर सप्लाई करने वाली दोनों फार्मों की ओर से कंपनी के लोगो युक्त डुप्लीकेट एवं घटिया गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति की है। इससे न केवल सार्वजनिक धन की बर्बादी हुई है बल्कि सुरक्षा एवं स्थायित्व के मानकों का भी उल्लंघन हुआ है। इस घोटाले से 15 से 20 करोड़ रुपये का सरकारी कोष का नुकसान होने की आशंका जताई गई है।

### एडीओ पंचायत से मांगी गई तत्काल आख्या

- कन्नौज। मामले की शिकायत एसीएस व प्रमुख सचिव पंचायती राज, ग्राम्य विकास समेत कई अधिकारियों से हुई है। ग्राम्य विकास आयुक्त ने 10 फरवरी को शिकायत कन्नौज के सीडीओ को जांच के लिए भेजी। सीडीओ ने 11 फरवरी को डीपीआरओ को पत्र भेजा। उधर, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश की ओर से जिले के सभी एडीओ पंचायत को चिट्ठी भेजी है। कहा है कि पीजी पोर्टल पर 11 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई गई है। इसकी जांच आख्या तत्काल मांगी गई है।

### मनोरंजन के लिए अधिकारी गए नेपाल

- कन्नौज। शिकायतकर्ता ने कहा है कि पिछले तीन सालों में कंपनी के प्रतिनिधि रवि गोयल की ओर से नेपाल की कितनी यात्राएं की गई हैं और उन यात्राओं में प्रदेश के कौन-कौन से अधिकारी गए हैं इसकी भी जांच हो क्योंकि अधिकारी नेपाल में मनोरंजन करने जाते हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि जांच के दौरान वह साक्ष्य भी पेश करेगा। अगर निष्पक्ष जांच न हुई तो वह हाईकोर्ट की शरण लेगा।

> शासन में मामले की शिकायत हुई है। जांच के लिए पत्र आया है। प्रदेश के कई जनपदों के नाम इसमें लिखे हैं। ग्राम पंचायत हाईमास्ट लाइटें नहीं लगाता है। क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत से जुड़ा मामला है। हालांकि इसके लिए एडीओ पंचायत को जांच के लिए लिखा गया है।
> **- राजेंद्र प्रकाश, डीपीआरओ- कन्नौज**

# सकरावा में नई होली को लेकर तनाव, पीएसी तैनात

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** सकरावा के मोहद्दीनगर में बुधवार को नए स्थान पर होली रखने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस ने पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। तनाव को देखते हुए गांव में पीएसी बल तैनात कर दिया गया है।

सकरावा थाना क्षेत्र के मोहद्दीनगर गांव में बुधवार को कुछ लोगों ने बगैर किसी प्रशासनिक अधिकारी के आदेश के नई जगह होली रख दी। साथ ही होलिका दहन के बाद आखत भी डाल दिए। जानकारी मिलते ही विशेष समुदाय के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए और ताजिया रखने की जगह बताते हुए होलिका दहन का विरोध करने लगे। देखते ही देखते दोनों तरफ से सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष आलोक कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। साथ ही दोनों पक्षों को काफी देर तक समझाने का प्रयास करते रहे। और बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों को मौके से हटा दिया। तनाव को देखते हुए मौके पर पीएसी बल तैनात कर दिया गया।

**पुलिस को नई होली का पता क्यो नहीं चलाः** घटना को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा है कि बगैर किसी उच्च अधिकारी एवं पुलिस के आदेश के लोगों ने नए स्थान पर होली रख दी। साथ ही होलिका दहन के बाद आखत भी डाल दिए गए। इसके बावजूद पुलिस को इस पूरे मामले की भनक तक नहीं लगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गौ सम्मान आह्वान अभियान की रणनीति बनाने को 8 को बैठक

**छिबरामऊ।** क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और गौ रक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से संचालित 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के आगामी कार्यों की रूपरेखा तय करने हेतु एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक 8 मार्च को होगी। प्रात : 11 बजे पश्चिमी बाईपास स्थित पंडित कन्हैया लाल पांडेय मार्केट में होने वाली बैठकमें कोई औपचारिक पद या मंचीय व्यवस्था नहीं होगी। अभियान से जुड़े सदस्यों ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य केवल ठोस रणनीति तैयार करना है। इसमें उन सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है जो गौ सम्मान के विषय पर गंभीरता से कार्य करने के इच्छुक हैं।

### तमंचा और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**छिबरामऊ।** छिबरामऊ पुलिस ने संजेश कुमार सक्सेना पुत्र रतन कुमार सक्सेना निवासी मोहल्ला गीतापुरम को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस जबकि अभिषेक उर्फ कपिल जाटव पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम रुई, थाना भोगांव मैनपुरी को देशी तमंचा समेत ताजपुर रोड स्थित मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। दोनों पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### तालाब में पलटी सरिया लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दो घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बहबलपुर गांव के पास होली के दिन सरिया लेकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर गहरे तालाब में पलट गई। हादसे में चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई, जबकि ट्रॉली पर सवार दो अन्य लोग घायल हो गए। मंगलवार देर शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली सरिया लादकर छिबरामऊ से तालग्राम के त्योर कॉलोनी गांव जा रही थी। त्योहार होने के कारण वाहन नहीं मिल रहे थे, जिसके चलते बंसीलाल और राम मनोहर सरिया लदी इसी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार हो गए थे। बहबलपुर के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर सीधे सड़क किनारे तालाब में जा गिरा। चालक ने पहले ही छलांग लगा दी, लेकिन उक्त दोनों पानी में डूब गए। स्थानीय निवासियों ने तुरंत मशक्कत कर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों घायलों को तत्काल सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

### युवक ने गले में फंदा लगा की जीवन लीला समाप्त

**कन्नौज।** किसी बात से नाराज युवक ने मकान के कमरे में गले में फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। जिला अस्पताल में डाक्टर ने मौत की पुष्टि की है। सदर कोतवाली के मोहल्ला काजीटोला में किसी बात से नाराज हरिओम (26) पुत्र महावीर ने बुधवार को दोपहर बाद दो बजे के करीब अपने मकान के कमरे में गले में रस्सी का फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों रस्सी काट कर उसे नीचे उतारा। इसके बाद लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की।

### रंजिश में युवक को पीटकर घायल किया

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के मुकुनगला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की गई। गांव के कुछ युवकों ने सुमित यादव को घेरकर पीटा, जिससे उसके सिर में चोट आई ।मुकुनगला निवासी सुमित यादव का गांव के कुछ युवकों से पहले से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने सुमित को रास्ते में घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद पीड़ित युवक अपने परिजनों के साथ कमालगंज थाने पहुंचा। उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल सुमित को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज भेजा। घायल युवक के सिर में चोट आई है।

## छिबरामऊ कोतवाली के गांव भगवंतपुर में विवाद सुलझाने पहुंची थी पुलिस

# दबंगों का दरोगा, सिपाही पर हमला, वर्दी फाड़ी

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये पुलिस लगातार भ्रमण पर रही। सूचना मिली कि भगवंतपुर गांव में दो पक्षों में विवाद हो रहा है। इस पर पुलिस पहुंची तो एक पक्ष ने उस पर ही हमला बोल दिया। यही नहीं पथराव कर दरोगा की पिटाई करते हुए उनकी वर्दी फाड़ डाली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनको स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

बुधवार को दिलीप कश्यप ने कोतवाली के दरोगा दयाशंकर पांडे को सूचना दी कि भगवंतपुर गांव में दो पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। इस पर वह हेड कांस्टेबल उमेश चंद्र के साथ गांव पहुंच गये। वहां गांव के भगवानदास का महेश, जितेंद्र नाम के युवकों के साथ विवाद हो रहा था। दरोगा व सिपाही ने दोनों पक्षों को शांत कराया। भगवान दास को समझाकर घर भेज दिया। इसके बाद दरोगा व सिपाही गांव से बाहर निकले थे कि रास्ते में दूसरे पक्ष के महेश और जितेंद्र ने अपने कई महिला-पुरुष साथियों के साथ उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने अभद्रता शुरू कर दी। पुलिस ने उक्त लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक उन्होंने उन पर पथराव कर दिया। दरोगा व सिपाही ने भाग कर जान बचाने का प्रयास किया पर अधिक लोग होने से उन्होंने दौड़ाकर पकड़ लिया। दरोगा के सिर पर ईंट लगने से वह घायल हो गये। अराजक तत्वों ने मारपीट की और उनकी वर्दी भी फाड़ दी। घटना के तुरंत बाद साथ मौजूद दीवान ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाल विष्णुकांत तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने तत्काल घायल दरोगा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इसके बाद गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि उप निरीक्षक पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।


सीएचसी में उप निरीक्षक दयाशंकर पाण्डेय का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी।

### महिलाओं समेत 10 आरोपी गिरफ्तार

छिबरामऊ। कोतवाली पुलिस ने भगवंतपुर गांव में दरोगा पर हमला करने के मामले में दरोगा की तहरीर पर आरोपी कमलेश, महेश, जितेंद्र, रामदेव, प्रांशू, विवेक, सर्वेश, प्रियंका, रीना, अंजली समस्त निवासी भगवंतपुर पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में कोतवाली पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए सभी 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### एसपी कार्यालय में तैनात सिपाही को दबंग भाइयों ने पीटा

- **कन्नौज।** किराये के मकान में रहे रहे सिपाही की गाड़ी रास्ते में खडी देख दबंग भाइयों ने पिटाई कर दी। मामले में दो लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसपी के गोपनीय कार्यालय में तौनात सिपाही यशवीर सिंह बुधवार को दोपहर के समय ड्यूटी के दौरान लंच होने पर किराये के कमरे पर आया था। इसी बीच दो लोग ट्रैक्टर लेकर गली में पहुंचे और गाली देते हुए गाड़ी हटाने को कहा। जब सिपाही ने कहा कि उसका वाहन गली की साइड में खड़ा है। सभी वाहन निकलते रहते हैं किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है। इसके बाद वह वाहन की चाबी लेने के लिये कमरे पर जाने लगा। इसी बीच उक्त दोनों लोगों ने जातिसूचक गाली देते हुए हमला बोल दिया। सिपाही को कमरे के बाहर पीटा। वह अपने कमरे में घुसा तो पीछा करते हुए दोनों भी घुस आये और मारपीट की। इसके बाद सिपाही ने कोतवाली पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक उक्त लोग जा चुके थे। सिपाही ने सदर कोतवाली में इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नेकापुर निवासी मुनीष कुमार, पारस पुत्रगण आनन्द कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू की है।



**होली मिलन**
तिर्वा में नगर पंचायत अध्यक्ष की ओर से आयोजित होली मिलन में मौजूद अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता व संभ्रांत लोग।

### ट्रैक्टर की टक्कर से मजदूर की मौत

**छिबरामऊ।** बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिशुनगढ़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार एक भट्ठा मजदूर की मौत हो गई।

अंकित पुत्र छोटेलाल मूल रूप से जनपद हरदोई के मोहद्दी नगर का रहने वाला था। चतुरीपुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। गुरुवार को मोटरसाइकिल से बिशुनगढ़ बाजार जा रहा था। रास्ते मेंत ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया।।

# महिला की मौत के बाद मायके पक्ष का हंगामा

संवाददाता गुरसहायगंज

- बच्चे को जन्म देने के बाद अस्पताल में महिला ने दम तोड़ा
- ससुराल पक्ष पर लगाया गया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** बच्चे को जन्म देने के बाद उपचार के दौरान मां ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। परिजन महिला के शव को लेकर गांव आए। जहां पहुंचे परिजनों ने ससुरालियों पर महिला की हत्या करने का आरोप लगा कर हंगामा काटा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई की।

ग्राम बनियानी निवासी दिनेश पुत्र श्रीदयाल हरियाणा में परिवार के साथ मजदूरी करता है। उसकी पत्नी प्रियंका को मंगलवार को प्रसव पीड़ा हुई। तो परिजनों ने उसे हरियाणा के कारेआम स्थित अस्पताल में भर्ती कराया जहां आपरेशन के बाद महिला ने लड़के को जन्म दिया। दूसरे दिन बुधवार को उसकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके बाद ससुराली महिला के शव को गांव ले आए। जहां मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया। इंदिरा नगर चौकी इंचार्ज राजेन्द्र सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद ससुरालियों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाओं समेत कई घायल, लूट का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** म रामनगर बरबटापुर में बुधवार दोपहर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। प्रथम पक्ष पूजा पत्नी उमेश का आरोप है कि दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही हरिओम, कप्तान, जीवन, शिवकुमार समेत करीब 12 लोग एकजुट होकर आए और गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उसकी गर्भवती जेठानी शारदा और देवरानी वीनेश के साथ मारपीट की गई। वीनेश को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हमले में देवर अतिवीर भी घायल हुए हैं। वहीं द्वितीय पक्ष पिंकी पत्नी राजेश का आरोप है कि मोहल्ले के ही गोविंदा, राजेश, विपिन, अरविंद और सोनू समेत अन्य लोग नशे की हालत में आए। उक्त लोगों ने उपासना पत्नी गिरन्द सिंह के साथ अभद्रता की। जब बीचबचाव करने हजारी देवी पत्नी चोभ सिंह आईं तो उन्हें भी पीटकर लहूलुहान कर दिया। दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और 22,000 रुपये लूट लिए।

# किसान के घर पर किया हमला

संवाददाता तिर्वा

- मामूली बात पर हुआ झगड़ा 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** मामूली सी बात पर उग्र भीड़ ने किसान के घर हमला बोल दिया। भीड़ ने लाठी डंडे चलाने के साथ जमकर पथराव किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर 16 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गुमदापुर गांव निवासी श्यामजी बुधवार शाम को स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान खनियापुर गांव निवासी सीतेंद्र सिंह ने उनको रोक लिया। स्कूटी तेज चलाने का आरोप लगाते हुए गालीगलौज करने लगा। घर के बाहर शोरशारबा सुन श्यामजी के परिजन मौके पर आ गए और गाली गलौज कर उग्र हो गए। इसी दौरान सीतेंद्र ने गांव फोन कर लोगों को बुला लिया। भीड़ को आता देख श्यामजी परिजनों के साथ घर के अंदर चले गए। मौके पर पहुंची उग्र भीड़ ने फायरिंग कर पथराव शुरू कर दिया जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची पुलिस को देख अफरा तफारी मच गई। इसी दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने पथराव का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने श्याम सिंह की तहरीर के आधार पर खनिया पुर गांव निवासी सीतेंद्र सिंह, नवीन सिंह, रोहित, आनंद, जितेंद्र, प्रदीप, पुष्पेंद्र, जीतू, जगपाल सिंह, काली चरण, दीपक, जितेंद्र फौजी, पंकज, अमन, युवराज सिंह समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विशेष शिविर में 87 पात्र लाभार्थियों के जारी किये आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिये विशेषकैंपों का आयोजन किया गया। कैंप में 87 पात्रों के आयुष्मान कार्डजारी किये।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जिले में गुरुवार को विशेष शिवरों का आयोजन किया गया। इसमें 87 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सतेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 1,65,648 परिवार में लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 1,46815 परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जो कि 88.63 प्रतिशत प्रगति को दर्शाता है। वहीं लाभार्थियों के सापेक्ष कुल लक्ष्य 7,76,281 के मुकाबले 4,66991 लाभार्थियों के कार्ड बनाए जा चुके हैं, जो 60.16 प्रतिशत है। उन्होंने बताया अब तक लगभग 59227 लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार दिया गया।


होली खेलकर खुशियां मनाते तिर्वा के युवा। अमृत विचार

# तिर्वा में भी उड़ा अबीर-गुलाल होली मिलन के भी रंग

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** होली का त्यौहार पूरे जोश उमंग के साथ मनाया गया। कहीं गुलाल बरसा तो कहीं सार्वजनिक होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

बुधवार को सुबह से ही होली खेलने को लेकर जगह जगह युवकों की टोली नजर आने लगी थी। सड़कों, गलियों तथा घरों की छतों से जमकर होली के रंगों की बौछार की गई। रंगों से सराबोर युवकों ने बड़े बुर्जुगों को अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। गांधी चौक से चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता के नेतृत्व में परंपरागत होली का जलूस शुरू हुआ।बैंड बाजे की धुन पर मस्ती से झूमते होलियारे एक दूसरे से पर रंग डालते हुए रामलीला मैदान पहुंचे। लोगों ने सामूहिक रूप से होली खेली।

**उल्लास** | होलिका दहन के बाद डीजे की धुन पर झूमे युवा

# होली पर उड़ा अबीर गुलाल, हर्षोल्लास से मनाया पर्व

संवाददाता गुरसहायगंज/ कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले भर में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इससे पहले होलिका दहन स्थलों को रंगीन झालरों, गुब्बारों आदि से सजाया गया। लोगों ने होलिका मैया की पूजा अर्चना कर दहन किया। जैसे ही होली में आग लगी। होलिका मैया के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

बुधवार की सुबह से ही जिले भर में होली का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगा। होली का हुल्लड़, ढोल नगाड़ों के साथ ही डीजे की धुनें सुनाई देने लगीं। खासकर युवाओं में ज्यादा उत्साह दिखाई दिया। गुरसहायगंज के रामगंज बाईपास पर समर्थकों के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, रेलवे रोड पर समाजसेवी मयंक गुप्ता, जीटी रोड पर क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, राजीव ठाकुर, भाजपा नेता शिवम राज वर्मा, सागर अग्रवाल लकी, डॉ. सुधीर दीक्षित, डॉ. सूर्यकांत कुशवाहा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना, कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, सपा नेता छोटे ठाकुर, समाजसेवी इंद्र कुमार गुप्ता, व्यापारी नेता संजीव गुप्ता संजू, अनुराग गुप्ता, दीपू शर्मा, आदि सहित तमाम लोगों ने समर्थकों के साथ होली मनाई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल अलर्ट रहा। **रमजान व होली में दिखी गंगा जमुनी तहजीब :** गुरसहायगंज। नगर पंचायत तालग्राम में हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए रमजान के महीने में रामनिवास शर्मा ने रोज़ेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया।


होली पर रंग से सराबोर करता युवक। अमृत विचार


तालग्राम चेयरमैन के रंग लगाता नागरिक। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### आलू के ढेर को फूंका थाने में दी तहरीर

**फर्रुखाबाद।** खेत में आलू के ढेर में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। घटना के संबंध में जहानगंज थाने में तहरीर दी गयी है। आलोक यादव पुत्र अखिलेश यादव, निवासी ग्राम रतनपुर, थाना जहानगंज ने तहरीर में कहा कि 4 मार्च बुधवार को रात्रि में उसके खेत में पेड़ के नीचे आलू का ढेर लगा हुआ था। उसी रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर आलू के ढेर में आग लगा दी गई, जिससे आलू जलकर नष्ट हो गए और लगभग 70 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ है। तहरीर में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गयी है।

### छत से गिरने से छात्रा की मौत

**फर्रुखाबाद।** शंकरपुर गांव में होलिका दहन की तैयारी के दौरान बुधवार शाम छह बजे 17 वर्षीय इंटर की छात्रा अंकिता राठौर की छत से गिरकर मौत हो गई। अंकिता, जो राजेश कुमार राठौर और श्रीदेवी की पुत्री थीं, अपने घर की छत पर होलिका दहन के लिए उपले भर रही थीं। इसी दौरान वह छत से छज्जे की ओर लटकीं और छज्जा टूट गया। अंकिता सिर के बल नीचे गिर गईं। परिजन तुरंत अंकिता को अपने निजी वाहन से फर्रुखाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। अंकिता दो भाई-बहनों में से एक थीं। उनके बड़े भाई मिलन सिंह ने बताया कि परिवार शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाहता और न ही कोई कानूनी कार्यवाही करना चाहता है।

### खूनी संघर्ष में वृद्ध की मौत, महिला घायल

**कायमगंज।** कायमगंज के अलाहदादपुर गांव में बुधवार शाम खेत के विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। इस घटना में एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हुई है। परिवार में होली की खुशियां मातम में बदल गईं।जानकारी के अनुसार, अलाहदादपुर निवासी 70 वर्षीय सूरज सिंह अपने परिवार की मीरा देवी और विकास के साथ आ रहे थे। रास्ते में गांव के ही दूसरे पक्ष से खेत के विवाद को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। हमले में सूरज सिंह और मीरा देवी के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर विपिन ने प्राथमिक उपचार के बाद सूरज सिंह की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मीरा देवी का उपचार जारी है। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि खेत को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई थी। घायल वृद्ध की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। तहरीर मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### युवती को लेकर दो पक्ष भिड़े

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज के मुख्य चौराहे पर बुधवार रात एक युवती को लेकर दो गुटों के युवक आपस में भिड़ गए। पुलिस की गश्त गाड़ी को आता देख दोनों गुटों के युवक और वहां मौजूद अन्य लोग मौके से भाग निकले, जिससे चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना होली के त्योहार के बीच बुधवार रात को हुई। मुख्य चौराहा लोगों की आवाजाही से गुलजार था। इसी दौरान एक युवती अपने प्रेमी से मिलने के लिए वहां खड़ी थी। तभी अचानक दो अलग-अलग गुटों के युवक वहां पहुंच गए। युवती को लेकर दोनों गुटों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमलावर होने को तैयार हो गए, जिससे तनाव की स्थिति बन गई। चौराहे पर हंगामे के बीच अचानक थाने की गश्त गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनते ही विवाद कर रहे युवकों में हड़कंप मच गया। पकड़े जाने के डर से दोनों गुटों के युवक और वहां मौजूद अन्य लोग आनन-फानन में गलियों की ओर भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवकों के बीच काफी गहमागहमी थी और माहौल बिगड़ सकता था। गनीमत रही कि पुलिस समय पर पहुंच गई और कोई बड़ी वारदात होने से बच गई। थाना प्रभारी निरीक्षक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं लगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से खंभे से टकराई बाइक, दो की मौत

## मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बनकटी गांव पोस्ट बिहार में हुआ हादसा, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता फर्रुखाबाद


सतीश उर्फ सोनू।


सुखवीर सिंह।

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बनकटी गांव पोस्ट बिहार में बुधवार शाम छह बजे एक सड़क दुर्घटना में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। स्वर्गीय आनंद प्रकाश के 35 वर्षीय पुत्र सतीश उर्फ सोनू और सुखवीर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र सोनू की बाइक अज्ञात वाहन की टक्कर से खम्भे से टकरा गयी, जिससे उनकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार, दोनों चचेरे भाई नबीगंज रोड से सिनौडा की ओर अपनी बाइक से जा रहे थे। ग्राम बढ़नपुर के सामने एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सन्नी मिश्रा ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सतीश अपने चार भाइयों में सबसे छोटे थे, जबकि सोनू अपने दो भाइयों में छोटे थे। दोनों जयपुर में वाहन चलाने का काम करते थे। सोनू की 10 वर्षीय बेटी सोलानी और पत्नी रिंकी कानपुर में रहती हैं। घटना की सूचना मिलने पर मदनपुर चौकी प्रभारी जसवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा भरा और उन्हें मोर्चरी में रखवाया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत


शिवशरण।

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। गुरुवार को बसा नगला गांव निवासी शिवशरण साइकिल से दवा लेने बाजार जा रहे थे, तभी उबरी खेड़ा क्रॉसिंग के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। बुधवार को शाम 4 बजे हुए हादसे में टक्कर लगने से शिवशरण गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही बुजुर्ग शिवशरण ने दम तोड़ दिया।

**दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल: अमृतपुर।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को अमृतपुर मुख्य बस अड्डे के पास बाजार जाने वाली गली के समीप दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास के लोग तुरंत मौके पर जुट गए। घायलों को उपचार के लिए राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायलों में से एक की पहचान अमृतपुर निवासी बृजेश पुत्र रतिराम के रूप में हुई है। दूसरा घायल युवक राजपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है। दोनों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

# जिले में 2228 से अधिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन, पुलिस रही अलर्ट

संवाददाता फर्रुखाबाद


होली पर गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में 4 मार्च 2026 को होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनपद में 2,228 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन हुआ। प्रशासन की व्यापक सतर्कता और सुरक्षा इंतजामों के कारण त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर था। संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही थी। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं, और संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील चिन्हित स्थलों पर कड़ी नजर रखी गई। मऊ दरवाजा क्षेत्र में थाना प्रभारी अजब सिंह और बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने शांति बनाए रखने के लिए गश्त की। उन्होंने अराजक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी और नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी अजब सिंह और बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार के साथ कांस्टेबल सौरव चौधरी, कांस्टेबल विनीत चौधरी, कांस्टेबल सुभाष पांडेय, कांस्टेबल अनुज तिवारी, कांस्टेबल नितिन कुमार और कांस्टेबल कपिल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी क्षेत्र में पैदल गश्त करते नजर आए। त्योहार के दौरान डीजे बजाने को लेकर भी निर्देश जारी किए गए थे। रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध था, और नियम तोडने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। लोगों ने टोलियां बनाकर, एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और पारंपरिक रूप से होली खेलकर त्योहार का आनंद लिया।

**रंग डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल: अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के चाचूपुर गांव में होली के दिन रंग डालने और कपड़े फाड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विवाद शांत कराया। इसके बाद घायल थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने चारों घायलों का राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मेडिकल परीक्षण कराया है। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप-बाइक टक्कर में युवक की मौत, कोहराम

संवाददाता फर्रुखाबाद

- कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर बुधवार दोपहर हुआ हादसा
- बुआ के घर कायमगंज जा रहा था पवन


पवन कुमार।

**अमृत विचार।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में लोहिया अस्पताल में मौत हो गई।

पवन कुमार फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर नौखंडा का निवासी था। वह अपनी बुआ के घर कायमगंज जा रहा था। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के बरोन के पास पहुंचने पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से पवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पवन कुमार राजमिस्त्री का काम करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी काजल और दो बच्चे हैं। वह अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था। पुलिस जांच कर रही है।

# पुलिस कर्मियों की होली में जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

संवाददाता फर्रुखाबाद


डीजे की धुन पर नृत्य करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को जिले की रक्षा का भार उठाने वाले पुलिस कर्मियों ने होली का पर्व मनाया। रिजर्व पुलिस लाइन सहित सभी थाना कोतवालियों में पुलिस कर्मियों ने खूब अबीर-गुलाल उड़ाया। डीजे की धुन पर जमकर ठुमके लगाए और खूब जश्न मनाया।

पुलिस कर्मियों का होली का यह उत्सव सुबह से शुरू होकर दोपहर बाद तक चला। पुलिसकर्मियों ने पहले एक-दूसरे को गुलाल लगाया, फिर रंगों और पानी से भी होली खेली। इस दौरान कई जगहों पर डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी थिरकते नजर आए। नवाबगंज थाने में होली का विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां थाना अध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली और गाना भी गाया। चौकी इंचार्ज बवाना भी इस दौरान डांस करते दिखे। कमालगंज थाने में भी पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। यहां दरोगा भूकेंद्र, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल शेखर, सचिन, अक्षय और अखिलेश ने डांस किया। शमशाबाद थाने में निरीक्षक धर्मेंद्र मलिक, एसआई आशू यादव, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार और कांस्टेबल धर्मेंद्र नीरज सहित अन्य पुलिसकर्मी रंग लगाते और डांस करते नजर आए।कायमगंज कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने अलग-अलग अंदाज में होली मनाई, कुछ ने चश्मा लगाकर तो कुछ ने टोपी पहनकर। कम्पिल, राजेपुर, अमृतपुर, जहानगंज और शमशाबाद थानों के साथ-साथ अन्य थानों में भी होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई।

# बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

संवाददाता कायमगंज

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बोलेरो कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

जौरा निवासी उमेश चंद्र कठेरिया (40) उमेश का पुत्र योगेश (15) व दामाद उदय राज निवासी सौरिख जनपद कन्नौज तीनों बाइक पर सवार होकर कायमगंज बाजार जा रहे थे जब वह जौरा रोड पर मेहंदिया वली के पास पहुंचे और जैसे ही गांव घसिया चिलौली जाने के लिए जैसे ही कंम्पिल मार्ग पर पहुंचे तभी आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार बाइक में टक्कर मार दी और टक्कर लगते ही तीनों बाइक सवार उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप घायल हो गए। मौका देखकर ड्राइवर बोलेरो लेकर भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने उधर दौड़कर घायलों के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भर्ती कराया जहां गंभीर रूप से घायल ससुर उमेश चंद्र को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सुनीता देवी पुत्रियां निशा व नेहा एवं पुत्र सन्देश, योगेश का रो रो कर बुरा हाल था। उमेश चंद्र का दामाद उदय राज अपनी पहली होली ससुराल मनाने के लिए आया था। मृतक उमेश चंद्र कायमगंज नगर की एक गोदाम में काम करता था। दामाद उदय राज की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने लोहिया रेफर कर दिया।

### सड़क हादसों में 8 घायल, तीन की हालत गंभीर

**संवाददाता।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोग घायल हो गए। जिसमें तीन की हालत गंभीर है।

जौरा निवासी ऋषभ (27) नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी सूरज (25) कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरगंज निवासी हर्ष चंद्र का 17 वर्षीय पुत्र सौरभ थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव जयंतपुरा निवासी संतराम का 16 वर्षीय पुत्र सुभाष कायमगंज नगर के पुलगालिव निवासी आशीष (23) क्षेत्र के गांव भगौतीपुर निवासी रामतीर्थ (28) कंम्पिल नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी विकास (21) व क्षेत्र के गांव नगला टीन निवासी रवि (22) घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों व 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया।

# लूट में दो गिरफ्तार, बाइक और अंगूठियां बरामद

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तीन दिन पहले कार सवार दंपति से लूटपाट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे एक तमंचा, दो कारतूस, एक बाइक और तीन अंगूठियां बरामद की हैं।

घटनाक्रम के अनुसार बुधवार की शाम थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार उपनिरीक्षक सुबोध सहाय, सिपाही दिलीप कुमार और मनोज कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड से सकरावा की तरफ जाने वाली सड़क पर उन्होंने एक बाइक पर तीन लोगों को आते देखा। रुकने का इशारा किया तो वे लोग भागने लगे। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी की तो दो हत्थे चढ़ गए जबकि तीसरा साथी भाग निकला। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम अंकित पुत्र मिलाप सिंह और अभिषेक पुत्र छोटेलाल निवासी अम्बेडकर नगर नगरिया महादेव बताए। फरार हुए साथी का नाम विवेक उर्फ पिंकू पुत्र अमर सिंह निवासी गिहार कॉलोनी ओमपुरी हरदोई बताया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो पीली धातु की अंगूठी और 150 रुपये नकद बरामद हुए। अभिषेक से एक पीली धातु की अंगूठी और 110 रुपये मिले। आरोपियों ने स्वीकारा कि उन्होंने रविवार सुबह एक्सप्रेस-वे पर कार सवार दंपति से तमंचे के बल पर तीन अंगूठी और एक चेन लूटी थी। लूटी गई चेन फरार साथी के पास है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 7 घायल

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में होली पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें सात लोग घायल हो गए।

क्षेत्र के गांव नगला मुकुट निवासी धर्मेंद्र, चंदा देवी, मालती देवी, दीपांशु व राखी वहीं दूसरे पक्ष से भूरे व गगन उर्फ़ बाबू को पुलिस घायल अवस्था मे मेडिकल व इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंची जहां उपचार के दौरान प्रथम पक्ष से धर्मेंद्र ने बताया कि उसका भतीजा अमन अपनी भाभी के साथ होली खेल रहा था तभी दूसरे पक्ष के लोग उस पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे जिसका विरोध किया तो उन लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से गगन ने बताया कि भूरे वहां बीच बचाव करने गए थे तभी उन लोगों ने इस पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू की।

# कार सवारों का स्टंट, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


हाईवे पर कार से स्टंट करते युवक। अमृत विचार

- पाल चौराहे के निकट हाईवे का बताया जा रहा वीडियो

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर कार से स्टंट करते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। होली के मौके पर रंगों से सराबोर युवक चलती कार की छत पर बैठे दिख रहे हैं। यही नहीं कुछ युवक कार की खिड़कियों से लटक रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

हाईवे पर कार में स्टंट करने के वायरल वीडियो में एक काली कार हाईवे पर तेज रफ्तार में दौड़ती दिख रही है। कार के अंदर से दो युवक बाहर निकले हुए छत पर बैठे हैं, जबकि तीन अन्य युवक साइड की खिड़कियों से लटके हुए हैं। एक युवक कार की स्टेयरिंग थामें है। होली के मौके पर स्टंट करने का वीडियो बताता है कि युवक पूरी तरह से मस्ती में स्टंट कर रहे हैं। यह वीडियो 'पुष्पा भाउ 8003' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि यह स्टंट कन्नौज शहर के पाल चौराहे के आसपास नेशनल हाईवे का बताया जा रहा है। आगे चल रही कार में सवार किसी ने स्टंट का वीडियो बनाया है। खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही युवकों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**मनमानी** | खुमारी उतारते रहे सरकारी कार्यालयों के ज्यादातर अधिकारी व कर्मचारी

# कई स्कूल रहे बंद तो दफ्तरों से अफसर गायब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- परिषदीय स्कूलों से कई शिक्षक-शिक्षिकाएं लगा गए गोला
- जिन विद्यालयों में शिक्षक ही नहीं पहुंचे तो बच्चे भी घर लौट गए


विकास भवन में पहली मंजिल पर पसरा सन्नाटा।

**अमृत विचार।** जनपद के कई परिषदीय स्कूलों के ताले गुरुवार को नहीं खुले। काफी विद्यालयों में शिक्षक- शिक्षिकाएं ही नदारद रहे। दूसरी ओर सरकारी कार्यालयों से कुछ अफसर व कर्मी भी गायब हो गए। होली की खुमारी उतारने में जिम्मेदार ड्यूटी से ही गोला मार गए।

अधिकारियों के मुताबिक गुरुवार को जिले में प्राथमिक, जूनियर व उच्च प्राथमिक स्कूलों में अवकाश नहीं था। इसके इतर सदर कन्नौज, हसेरन व उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के काफी विद्यालयों के ताले नहीं खुले। जिन स्कूलों के गेट खोले भी गए तो वहां ज्यादातर स्टाफ पहुंचा ही नहीं। छात्र- छात्राओं की संख्या भी काफी कम थी। जिन विद्यालयों में शिक्षक ही नहीं पहुंचे तो वहां के बच्चे भी घर लौट गए। विकास भवन, तहसील सदर परिसर में स्थित कार्यालयों में कुछ अधिकारी व कर्मी नहीं दिखे। जिन अफसरों का गृह क्षेत्र दूर है वह भी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच सके। अवकाश के चलते भी कुछ अधिकारी दफ्तरों से नदारद रहे। होली की वजह से जिम्मेदार खुमारी उतारते रहे। दूसरी ओर कुछ कर्मियों ने बताया कि कई जनपदों में गुरुवार को अवकाश रहा, लेकिन कन्नौज जनपद के कार्यालयों को बंद नहीं किया गया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**अमृतपुर।** मोटर मैकेनिक के बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गूजरपुर गहलवार निवासी सतीश का पुत्र राहुल (28) खेती का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। बीते बुधवार को उसने मायके में गई अपनी पत्नी को फोन किया और उससे बात की। आपसी कहासुनी से नाराज होकर उसने कमरे के अंदर जाकर छत के कुंडे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के दो पुत्र जिसमें काव्य (3) और अनुराग (2) है। अचानक हुई मौत पर पत्नी सोनी और मां सुमन बिलख कर रो रही थीं। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ठठिया, समेत कई गांवों में फार्मर रजिस्ट्री पिछड़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में कृषकों की भूमि का एक विशिष्ट पहचान पत्र (आईडी) तैयार करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा रही हैं। अब तक ग्राम बनगवां में 717, कुसुमखोर कछोड़ा में 608, ठठिया में 561, रामपुर मझिला में 478, अमोलर में 509 व कलसान में 364 सहित कुछ अन्य गांव में अभी भी कई कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री होना बचा है।

उन्होंने बताया कि वहीं तालग्राम देहात में 1368, किशई जगदीशपुर में 1304, नौली में 946 तथा असालताबाद में 912 कृषकों ने सर्वाधिक फार्मर रजिस्ट्री कराई हैं। राजस्व ग्रामों में अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण करने के लिए विभाग नियमित रूप से विशेष शिविर लगा रहा है, ताकि कोई भी पात्र किसान इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। डीडी कृषि ने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए शीघ्र पंजीकरण कराकर इस डिजिटल व्यवस्था का लाभ उठाएं। इस प्रक्रिया में कृषकों की भूमि को आधार से लिंक कर डिजिटल रूप से पंजीकृत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री एक डिजिटल व्यवस्था है, जिसमें किसान की भूमि का पूरा विवरण एक ही आईडी से लिंक कर दिया जाता है। किसानों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होती है।

# जनता को रोजगार व राहत चाहिए आंकड़ों का खेल नहीं : अखिलेश

## सैफई परिवार ने कार्यकर्ताओं के साथ खेली फूलों की होली, भाजपा पर साधा निशाना

आयोजन

संवाददाता सैफई इटावा

**अमृत विचार** । सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई में आयोजित होली मिलन समारोह में नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ जमकर फूलों से होली खेली। पार्टी कार्यालय परिसर में फूलों की बारिश के बीच लंगड़ी फाग गाया गया। कार्यक्रम में जिले के अलावा अन्य जिलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

सैफई में आयोजित होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं के साथ फूलों से होली खेलने के बाद, सपा प्रमुख आखिलेश यादव ने कहा सिर्फ भगवा कपड़े पहनने से कोई योगी नहीं हो जाता जो दूसरे का दर्द समझे वही योगी होता है। उन्होंने कहा शंकराचार्य पीड़ित हैं, दुखी हैं। हम उनके साथ खड़े हैं जो भी पीड़ित और दुखी होगा, समाजवादी उसके साथ। सनातन की सबसे पूज्यनीय जगह पर शंकराचार्य को स्नान नहीं करने दिया गया। अनशन के बाद भी सम्मान नहीं मिला। उन पर ऐसे मुकदमे लगाए गए जो प्रधानी चुनावों में लगाए जाते हैं। अखिलेश यादव ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों का साफ संदेश देते हुए कहा जितनी मजबूत तैयारी करेंगे, सरकार बनाना उतना आसान होगा।



सैंफई में फूलों की होली खेलतीं सांसद डिम्पल यादव अखिलेश यादव व परिवार के अन्य सदस्य। अमृत विचार

● भगवा कपड़े पहनने से कोई योगी नहीं हो जाता : अखिलेश यादव

2012 में होली के बाद सरकार बनी थी अब उससे बड़ी जीत दिलानी है। यूपी में 403 विधानसभा सीटें हैं। दिन कम हैं और विधानसभा ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पीडीए की ताकत से हराना है। मुख्यमंत्री के जापान दौरे पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा पहले 50 लाख करोड़ का एमओयू किया। अब एक लाख करोड़ का एमओयू कर आए हैं। ये पहले मुख्यमंत्री हैं जो विदाई से पहले घूमने जा रहे हैं। उन्होंने निवेश समझौतों की जमीनी हकीकत पर

● पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी से चुनाव की तैयारी में जुटने को कहा

सवाल उठाते हुए कहा कि जनता को वास्तविक रोजगार और राहत चाहिए, आंकड़ों का खेल नहीं। अखिलेश ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा एक देश जिसने राष्ट्रपति को मार दिया, उसके साथ समझौता कर लिया गया। जहां युद्ध चल रहा, वहां करोड़ों भारतीय रह रहे हैं। हमारे हथियार दूसरे देशों में बन रहे हैं। जुगाड़ से डिफेंस मजबूत नहीं होता अपने देश में हथियार बनाने होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और 2027 के लिए अभी से जुट जाने का आह्वान किया। वहीं शिवपाल यादव ने कहा अनुशासन पार्टी के लिए बहुत जरूरी है। समय बहुत कम है 2027 के लिए अभी से जुट जाना है। अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाकर ही दम लेना है।

होली मिलन समारोह में राज्य सभा सांसद प्रोफेसर राम गोपाल यादव, मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, सांसद आदित्य यादव, अखिलेश की बेटी अदिती यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, विधायक रेखा वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, गोपाल यादव सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

# विधायक सरिता भदौरिया के आवास पर जमकर उड़ा अबीर-गुलाल



होली के दौरान लोगों के साथ सदर विधायक सरिता भदौरिया । अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । होली पर्व पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हुए एक-दूसरे को होली की बधाई दी। साथ ही विधायक द्वारा किये गये जलपान का भी लुत्फ उठाया। उन्होंने लोगों को होली की बधाई देते हए कहा कि होली का त्योहार भक्ति का प्रतीक है । उन्होंने आगे कहा कि इटावा जनपद में उनके दूसरे कार्यकाल के आज चार वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, जिसमें उन्होंने अपनी डबल इंजन की सरकार से भरथना रोड, इटावा किशनी रोड, बसरेहर बाईपास सहित तमाम सड़कों का चौड़ीकरण कार्य किया है । सिग्नेचर पुल निर्माण कार्य प्रगति पर है। जो जनपद में व्यापारियों के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में साबित होगी इस मार्ग के चौड़ीकरण से उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में व्यापार करने वाले व्यापारियों को बहुत लाभ मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के बाद अटल एक्सप्रेस कोटा एक्सप्रेसवे से पूरे जनपद में सड़कों का एक्सप्रेस वे का जाल बिछ रहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व सांसद विधायक रधुराज सिहं शाक्य, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल ,विधायक प्रतिनिधि हरि नारायण बाजपेई, बार एसोसियेशन अघ्यक्ष राजेश त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश राजपूत ,विधायक मीडिया प्रमुख ओम रतन कश्यप ,पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार चौधरी, विकास भदोरिया, संजू चौधरी,, बिरला शाक्य , विवेक गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, गुड्डी बाजपेई , अजय गुप्ता , भाजपा नेता राम शरण गुप्ता, विवेक रंजन गुप्ता, जितेन्द्र जैन, सागर दुबे ,मुकेश यादव, नीतू नारायण मिश्रा,भगवती प्रसाद चौरसिया गिरधर दीक्षित, अश्वनी चौहान ,अशोक चौबे समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई

**बकेवर** । लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा निहाल सिंह में पुराने विवाद के चलते हुई गाली–गलौज और मार पीट में पुलिस ने पांच लोगो को शान्ति भंग में पाबंद किया। लवेदी थानाध्यक्ष को गांव के लोगों ने सूचना दी कि ग्राम चंद्रपुरा निहाल सिंह में दो पक्ष पुराने विवाद के चलते एक दूसरे को गाली–गलौज और मार पीट कर रहे है सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा और आसपास में झगड़ा कर रहे हैं। हैपी पुत्र अरविंद, रानू चौहान पुत्र बीरेश सिंह, अरविंद पुत्र सुल्तान सिंह के अलावा दूसरे पक्ष से शीलू व विनोद सिंह पुत्रगण महेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम चंद्रपुरा निहाल सिंह थाना लवेदी को मौके से गिरफ्तार कर शान्ति भंग में पाबंद कर एसडीएम चकरनगर के समक्ष पेश किया।

### सड़क हादसों में दो बच्चे घायल

**बकेवर** । थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने इलाज के लिए दोनों को 50शैया अस्पताल बकेवर पहुंचाया। ग्राम ब्यासपुरा में होली खेलने के लिए घर से बाहर निकली 9 वर्षीय बालिका मुस्कान को बकेवर की ओर से तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मारी दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए 50शैया अस्पताल बकेवर ले गए, जहां चिकित्सक ने घायल बालिका का इलाज किया। दूसरी दुर्घटना ग्राम बिजौली में घटी यहां पर दादा , दादी के पास रह रही 6 वर्षीय अदिति उर्फ खुशी को घर के बाहर खेलते समय गांव के ही एक युवक ने तेज व लापरवाही बाइक चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल बालिका को इलाज के लिए 50शैया अस्पताल बकेवर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने इलाज करने के बाद उसे घर भेज दिया।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इटावा** । थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत राजा का बाग में किसी बात से क्षुब्ध होकर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार राजा का बाग निवासी रिया 22 वर्ष पत्नी विनय प्रकाश ने परिवार में किसी बात से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हार्ट अटैक से अवर अभियंता की मौत

**महेवा** । क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी अश्वनी कुमार पाल 35 पुत्र साहब सिंह की अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अश्वनी कुमार पाल की शादी करीब एक वर्ष पूर्व भरथना क्षेत्र के गड़वाना गांव निवासी डॉली के साथ हुई थी। वह पंजाब में बिजली विभाग में जेई के पद पर तैनात था। होली का त्योहार मनाने के लिए वह अपने ससुराल गए हुए थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बराउख चौकी इंचार्ज दयाशंकर वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कटखने बंदरों के आतंक से लोग परेशान

**महेवा** । विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सराय नौधना में इन दिनों कटखने बंदरों का आतंक फैला हुआ है। कई बार ये कटखने बंदर कारण ही चलते राहगीरों,बच्चों और महिलाओं पर हमला कर देते हैं। वहीं घरों में घुसकर कपड़े, खाने पीने का सामान और कीमती वस्तुएँ उठा कर ले जाते हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह स्थिति केवल सराय नौधना की ही नहीं बल्कि आसपास के दर्जनों ग्राम पंचायतों की है, जिसमें बंदरों का आतंक फैला हुआ है। आये दिन बंदरों के हमलों की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में उत्पाती बंदरों को अतिशीघ्र पकड़वाया जाये, ताकि लोगों को इस भय से निजात मिल सके। लोग बंदरों से इतना भयभीत हैं कि घर बाहर निकलने पर वे कई सोचने को मजबूर होते हैं। वहीं बच्चों का बाहर खेलना बंद हो गया है।

# कार व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो की मौत, कोहराम

कार्यालय संवाददाता भरथना

**अमृत विचार** । थाना क्षेत्र के भरथना बकेवर मार्ग पर मोढी के पास कार तथा बाइक की आमने सामने भिड़ंत में दो बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार के साथ कोहराम मच गया। चालक कार को छोड़कर भाग जाने में सफल रहा।

जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला महावीर नगर निवासी 26 वर्षीय अर्पित उर्फ कन्हैया अपने दोस्त आकाश सविता पुत्र होम सिंह 32 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर लखना स्थित अपने मामा मूलचंद्र के यहां दूज का त्यौहार मनाने गया था । जब दोनों बाइक पर सवार होकर वापस भरथना आ रहे थे तभी भरथना बकेवर मार्ग पर मोढ़ी गांव के नजदीक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होते ही दोनों बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे और दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद कार तथा बाइक दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही मुख्य मार्ग पर हादसा होने के चलते वाहनों की लाइन भी लग गई । मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह



हादसे के बाद लोगों की लगी भीड़ व मृतकों की फाइल फोटो । अमृत विचार

● दूज मनाकर लौट रहे थे बाइक सवार तभी मोढी के पास हुआ भीषण हादसा

पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। तथा घटना में क्षतिग्रस्त हुए दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। अर्पित के पिता अरुण पोरवाल ने बताया कि मैं अपनी पत्नी संतोष देवी तथा अपने छोटे बेटे अर्पित के साथ अपनी ससुराल लखना गया हुआ था। मेरे बेटे के साथ उसका दोस्त आकाश भी था। त्यौहार मनाने के बाद दोनों बाइक पर सवार होकर भरथना आ रहे थे तभी यह हादसा हो गया। विदित हो कि आकाश दो भाइयों में छोटा था। जोकि कस्बा स्थित एक ज्वैलरी की दुकान पर काम करता था।

● दुर्घटना के बाद चालक कार छोड़कर भागने रहा में सफल जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के बड़े भाई मोहित पोरवाल तथा दो शादीशुदा बहनों मोहिनी व सोनम समेत तमाम परिजनों में चीखपुकार के साथ कोहराम मच गया। वहीं आकाश सविता अपने परिवार के साथ कस्बा के मोहल्ला महावीर नगर में किराए के मकान में रहकर वहीं बाल काटने की दुकान किए हुए है। आकाश भी दो भाइयों में छोटा था। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता होम सिंह, बड़े भाई चंदन तथा दो शादीशुदा बहने आशा व राधा बेसुध हो गई।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, चार हुए घायल

**इटावा** । जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।

थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत कोकपुरा स्थित अहिंसा गोदाम के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर और मोहल्ले के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भदेरन जिला जालौन निवासी अरुण कुमार 35 इटावा में रहकर सब्जी बेचते थे। वह बाइक से बाजार सामान लेने जा रहे थे। तभी कोकपुरा स्थित अहिंसा गोदाम के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद अरुण कुमार काफी देर तक सड़क पर ही पड़े रहे। वहां से गुजर रहे लोगों की नजर जब उन पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत उन्हें उठाया और जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार केशव 21 वर्ष निवासी जिला शाहजहांपुर की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया। वहीं थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत सपना पेट्रोल पंप के पास ई रिक्शा पलटने से अमन कुमार 25 वर्ष पुत्र मनीराम घायल हो गया । पीजीआई सैफई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कांधनी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक पर सवार दीपक पुत्र राजेन्द्र व जानवी पुत्री दीपक निवासी कांधनी घायल हो गए। थाना [जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत मलजनी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारकर सुदामा पुत्र शिव कुमार निवासी सुंदरपुर थाना फ्रेंडस कालोनी इटावा को घायल कर दिया।



होली के रंगों में सराबोर होकर होली खेलती युवाओं की टोली अमृत विचार

# बकेवर में युवाओं ने खेली कपड़ा फाड़ होली

**बकेवर** । बकेवर लखना कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जगह जगह पारंम्परिक फाग गायन का भी आयोजन किया गया। होली के दौरान लोग रंगों से सराबोर दिखे।

बुधवार को सुबह से ही लोगों ने जमकर होली खेली। बकेवर कस्बा लखना कस्बा के अलावा क्षेत्र के गांवों कुड़रिया, सरायमिट्ठे, बिजौली, सुनवर्षा, उझियानी, महेवा, बहेड़ा, लुधियानी, मड़ौली, आदि सहित क्षेत्र के सभी गांवों में धूमधाम से होली का त्योहार मनाया गया। कहीं पर लोग रंगों से सराबोर दिखे तो कहीं पर कपड़ा फाड़ होली खेली गई। शाम को लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी।

## धूमधाम से मना भाईदूज

**इटावा** । गुरुवार को जिले में भाई दूज का पर्व धूमधाम व परम्परागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की।

होली के बाद दूज के दिन बहनों ने भाइयों के पास जाकर तिलक लगाया और मिठाई खिला कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर भाइयों ने बहनो को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया।



भाई को तिलक करती बहन। अमृत विचार

# दुकान पर धावा बोल कर 4300 रुपये लूटे

**जसवंतनगर** । बलरई थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दलेल में दबंगों द्वारा एक दुकान पर धावा बोलकर लूटपाट और मारपीट करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर एक कारीगर को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

गढ़ी दलेल निवासी राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे कृष्णा उर्फ बऊआ पुत्र सर्वेश कुमार निवासी कटारी थाना जसवंतनगर और राज धाकरे पुत्र शिवराज निवासी गढ़ी दलेल अपने करीब 15 साथियों के साथ तीन वाहनों में सवार होकर उनकी दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि दुकान पर पहुंचते ही सभी ने राजेन्द्र सिंह को घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए गल्ले में रखे करीब 4300 रुपये जबरन निकाल लिए। जब राजेन्द्र सिंह ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट

● विरोध करने पर चाकू से किया हमला, दो नामजद समेत 15 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

शुरू कर दी। इसी दौरान कृष्णा उर्फ बऊआ ने चाकू से वार कर दिया, जिससे दुकान पर काम कर रहे कारीगर सुनील पुत्र सोनपाल निवासी पूछरी के सिर में गंभीर चोट लग गई। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान आरोपी राज धाकरे ने पिस्टल निकालकर जान से मारने की धमकी दी और राजेन्द्र सिंह, कारीगर सुनील तथा हरिओम के साथ मारपीट की। दबंगों ने दुकान में रखी कुर्सी समेत अन्य सामान में भी तोड़फोड़ कर दी, जिससे दुकान में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसे देख आरोपी मौके से फरार हो गए। जबकि एक कार पुलिस के कब्जे में बताई जा रही है।

पहल | जन कल्याण सेवा समिति के प्रयास से हुआ आयोजन

# छात्रवृत्ति पाकर खिले सबके चेहरे

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । जन कल्याण सेवा समिति करनपुरा केंद्र पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पीवी इंस्टॉलेशन हेल्पर ट्रेनिंग प्रोग्राम में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को 35 सौ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रवृत्ति पाकर छात्र/छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के दौरान संस्था के मैनेजर मोहम्मद कासिम अंसारी ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के एससीजीजे द्वारा कराया जा रहा है जिसमें प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को भारत सरकार द्वारा 3500 रुपये की छात्रवृति प्रदान की गई। जन कल्याण सेवा समिति का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को उक्त सरकारी योजना, ट्रेनिंग का लाभ दिलाकर नौकरी एवं रोजगार के अवसर प्रदान कराए जा सकें। अंसारी ने कहा



छात्रवृत्ति चेक के साथ मौजूद लोग। अमृत विचार

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर मैनेजर कमल सक्सेना, विभाष द्विवेदी एवं मैनेजर अंकुर सूद, शेखर सिंह एससीजीजे की मुख्य भूमिका रही।

कार्यक्रम में छात्रवृत्ति पाने वाले रवि कुमार, आदित्या बाथम, रईस अहमद, मो. मुजीब, मो. आरिफ अंसारी, जीशान, मो. उमैर, मो. शरीफ़, हसनैन मंसूरी, शहजाद, अनस, अजहर, अबू तालिब, इफ़्तिख़ार उद्दीन, जैद, अलीमुद्दीन, मो. काशिफ़, सोहराब, शोएब, मोमनीन, मुशरिफ, अरशद, खुशबू, शीबा बनो, यासमीन बेगम, रिजा, इकरा, शिफा, आमिर अल्ताफ शबाना, नेहा, मो. काशिफ़, सल्फिया अमरीन, फरजाना खातून, रिजा उल्फत नाजिश, खुशनुमा फ़रहीन, सायमीन, फौजिया, सायरा अब्दुल जब्बार, इजहार अहमद शामिल रहे।

# पति से नाराज महिला कुएं में कूदी , बेटी ने भी लगाई

संवाददाता महेवा इटावा

**अमृत विचार** । थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम लालपुर में होली के पर्व पर आटो से सवारियां ले जाने से पति को मना करने के चलते पत्नी कुएं में कूद गई। वहीं मां को कूदता देख बेटी ने भी छलांग लगा दी। लेकिन ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मां को तो बाहर निकाल लिया लेकिन बेटी तीन घंटे तक कुए में ही पड़ी रही । बेटी को निकालने के लिए बकेबर थाना पुलिस ,फायर बिग्रेड की टीम रेस्क्यू अभियान चलाया तब रात करीब साढ़े आठ बजे बेटी का शव निकाला जा सका। मां को महेवा के सीएचसी में भर्ती कराया गया उपचार चल रहा है।

इस सम्बन्ध में ग्राम लालपुर निवासी मोहिनी पुत्री पवन कुमार दोहरे ने बताया कि उनके घर कुछ रिश्तेदार आए थे । रिश्तेदारों के जाने के बाद पर पापा आटो चलाने

● लोगों ने महिला को बचाया बेटी की गई जान

के लिए निकलने लगे । मां रेखा ने मना किया लेकिन पापा नहीं माने। इस पर मां गुस्से में आकर अपने घर के पास बने कुएं में कूद गयी । मां को कुएं में गिरता देख बड़ी बहन भूमि 18 वर्ष भी पीछे से कुएं में कूद गयी, जिसे गिरता देखकर तमाम ग्रामीण मौके पर आ गये। गांव के करन सिंह ने कुएं उतरकर मां रेखा को तो कुएं से बाहर निकाल लिया लेकिन बहन भूमि ज्यादा नीचे जाने के चलते उसका सुराग नहीं लगा लग सका। बाद में ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक , महेबा चौकी इंचार्ज रजनीश तिबारी को सूचना दी, जिस पर उन्होंने पहुंचकर फायर बिग्रेड टीम को रेस्क्यू के लिए बुलाया बाद में फायर टीम ने मशक्कत के बाद उसका शव निकाला ।

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 औरैया

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने लगाई फांसी

**बिल्हौर** थाना क्षेत्र के ग्राम विरुआ नवादा में आज एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया डायल 112 के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम विरुआ नवादा में कमलेश नामक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। हालांकि, यह मामला आत्महत्या और हत्या के संदेह के बीच उलझ गया है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले को संदिग्ध बताया है। पुलिस की कार्रवाई घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए फील्ड यूनिट (फॉरेंसिक टीम) को तत्काल सूचित कर मौके पर बुला लिया गया है। साक्ष्यों को सुरक्षित कर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत का कहना है कि पुलिस टीम मौके पर मौजूद है और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

### आशा बहू बन कर गर्भवती महिला से ठगी

**शिवराजपुर।** चिरंजीवपुरवा गांव निवासी कुलदीप पुत्र छक्कन ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 28 फरवरी को मेरी पत्नी अनीता जो कि 7 माह की गर्भवती है उसके मोबाइल पर अज्ञात महिला ने आशा बहू बनकर बातचीत की व 14160 रुपये खाते से कट गए तब कहीं पीड़िता को जानकारी हुई कि मेरे साथ साइबर ठगी हो गई है पीड़ित अनीता के पति कुलदीप ने थाने में तहरीर देकर ऑनलाइन ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है इस मामले में थाना पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे घायल युवक की इलाज के दौरान गई जान

## बुधवार को पसैया रोड पर हुआ हादसा, युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम



अस्पताल में घायल का होता इलाज। अमृत विचार

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के पसैया रोड पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना बिधूना क्षेत्र के गांव लतपुरा निवासी कुंदन (22) पुत्र विश्वनाथ बुधवार को बिधूना से गांव पसैया में बरमादीन के यहां अपनी भाभी पिंकी से मिलने आ रहा था। बताया जा रहा है कि वह अपने बड़े भाई राजा बाबू की ससुराल में होली खेलने जा रहा था। इसी दौरान पसैया रोड पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई और वह दूर जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर अछल्दा थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को अपनी सरकारी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा पहुंचाया। जहां डॉक्टर गौरव कुमार ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे पहले कन्नौज मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजन उसे कन्नौज से कानपुर इलाज के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही कुंदन ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। होली के त्योहार पर घर में खुशियों के बीच यह दुखद हादसा होने से गांव में भी शोक का माहौल है।

# भर्रापुर मोड़ पर टेंपो बाइक भिड़ंत में तीन लोग घायल

संवाददाता फफूंद, औरैया

- होली के उल्लास के बीच हुआ हादसा, पुलिस की तत्परता से घायलों को मिला जल्दी इलाज
- थानाअध्यक्ष ने स्वयं घायल को एम्बुलेंस में कराया शिफ्ट, लोगों ने की पुलिस की सराहना

**अमृत विचार।** होली के रंग और उल्लास के बीच बुधवार को फफूंद-बाबरपुर रोड़ स्थित ग्राम भर्रापुर के मोड़ पर दोपहर बाद लगभग साढ़े चार बजे टेंपो और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। त्योहार को देखते हुए पुलिस पहले से ही क्षेत्र में मुस्तैद थी, सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

थाना अध्यक्ष अजय कुमार के अनुसार दुर्घटना में बाइक सवार विनय पुत्र अरविंद (22 वर्ष) व निखिल पुत्र निरंजन सिंह (26 वर्ष) निवासी ग्राम चक सत्तापुर थाना अजीतमल तथा टेंपो सवार कमलेश देवी पत्नी ब्रजमोहन (60 वर्ष) निवासी बारेपुर थाना अजीतमल घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर भिजवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि होली के चलते सड़क पर आवाजाही सामान्य से अधिक थी। इसी दौरान भर्रापुर मोड़ पर दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद कुछ देर के लिए अफरा तफरी की स्थिति बन गई, लेकिन पुलिस की सक्रियता से हालात जल्द ही सामान्य कर लिए गए।

थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर एक घायल को अपने हाथों से उठवाकर एम्बुलेंस में शिफ्ट कराया। मौजूद लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की।थाना अध्यक्ष ने बताया कि होली पर्व को लेकर क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही थी और कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



एक-दूसरे को रंग लगाती महिलाएं व पुरुष। अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व

संवाददाता बिधूना, औरैया

- लोगों ने जमकर उड़ाया अबीर और गुलाल और लगाया रंग

**अमृत विचार।** नगर एवं क्षेत्र में होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने होलिका दहन के साथ आखत डाले और एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

होलिका दहन के बाद जगह जगह फागुआरों ने ढोलक की थाप पर फाग गायन किया। होली के पर्व पर घरों में पापड़ गुझिया चिप्स पूड़ी कचौड़ी आदि पकवान बनाए गए। साथ ही जबकि मिठाइयां आदि बनायी गई। इस बार युवाओं ने जमकर कपड़ाफाड़ होली खेली। जबकि लोग भांग के नशे में झूमते नाचते नजर आए। इस वर्ष संभावित प्रधानी के चुनाव को लेकर गांव में होली का रंग कुछ ज्यादा ही देखने को मिला। संभावित उम्मीदवारों द्वारा जमकर मतदाताओं की सेवा के साथ गरीबों की आर्थिक मदद भी की गई।

होली के त्योहार को सकुशल रूप से संपंन कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी खासा चौकन्ना रहा और पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त करती नजर आईं। होलिका दहन के बाद मंगलवार का दिन होने के चलते लोगों ने होली नहीं खेली और बाजार पूरी तरह से खुले नजर आए, जहां लोगों ने जरुरी सामान एवं घर गृहस्थी की चीजें खरीदीं। इक्का दुक्का छुटपुट घटनाओं को छोड़कर होली का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया जबकि जगह जगह होली मिलन समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई है। देवेश शाक्य सांसद एटा ने अपने किशनी रोड स्थित आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन कर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी जबकि राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के नेतृत्व में आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह के लिए रामलीला मैदान में युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में चली गोली, तीन गये जेल

संवाददाता बेला, औरैया

- चार लोग घायल एक के सिर में लगी चोट तो तीन के लगे छर्रे

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव महू में बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे दो पक्षो में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी। इसके बाद एक पक्ष की तरफ से बुजुर्ग के सिर में चोट लग गयी। तो दूसरे पक्ष के तीन लोगों के गोली के छर्रे लग गये।

मारपीट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस व थाना पुलिस ने घायलों को थाने भेजा और वहां से मेडिकल परीक्षण कराने के लिए बेला सीएचसी भेज दिया। बेला सीएचसी में अधीक्षक डॉ जीतेन्द्र कुमार ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कर उन्हें चिचोली स्थिति 100 सैय्या अस्पताल भेज दिया। करीब दस बजे एसओजी व सर्विलांस टीम थाने पहुंची और रात भर आरोपियों की तलाश में दबिश दी। वहीं दोनों पक्षों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया, जिसमें आरोपी सम्राट, शैलेन्द्र व ब्रह्मदेव उर्फ़ नन्हे को पुलिस ने ब्रहस्पतिवार तड़के सुबह चेकिंग के दौरान नीमहार मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। इसमें सम्राट की निशानदेही पर पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस भी बरामद किये। वहीं सम्राट के ऊपर पहले से ही तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायलय के समक्ष पेश किया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव मुहम्मदाबाद में होली का त्योहार उस समय मातम में बदल गया जब एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे की कुंडी से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार गांव मुहम्मदाबाद निवासी रोहित (32) पुत्र महाराम सिंह ने बुधवार रात करीब 8 बजे अपने घर के कमरे में कुंडी से प्लास्टिक की रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर मां को शक हुआ। जब उसकी मां द्रोपदी कमरे में पहुंचीं तो बेटे का शव फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। तुरंत फांसी लगाने की जानकारी बड़े बेटे रामू को दी। बड़े रामू ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।



जांच करती पुलिस व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

सूचना मिलते ही अछल्दा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतरवाया। युवक की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां द्रोपदी का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि मृतक की पत्नी करीब चार साल से दिल्ली में रह रही है और उसका एक बेटा भी है, जो अपनी मां के साथ दिल्ली में रहता है। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# दुर्घटना में महिला की मौत पर बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना 21 फरवरी 2026 को शाम करीब छह बजे फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर परमापुर गांव के सामने हुई थी। अमृतपुर निवासी सुनील कुमार ने अपनी तहरीर में बताया कि उनकी चाची कुसुमलता पत्नी स्वर्गीय अखिलेश मजदूरी कर लौट रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में कुसुमलता गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर राममनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। बाद में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 27 फरवरी को हायर सेंटर ले जाते समय उनकी हालत बिगड़ गई और द केयर अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की। अंतिम संस्कार के बाद 3 मार्च को परिजनों की ओर से थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उपनिरीक्षक रवि सोलंकी को विवेचना सौंपी गई है। थाना पुलिस के अनुसार, आरोपी चालक की पहचान कर जल्द ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात कारणों के चलते कार में लगी आग



आग से जली कार को देखते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के भौली गांव निवासी ग्रामीण ने अज्ञात कारण के चलते कार में आग लगने से जल जाने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के भौली गांव निवासी ग्रामीण सुभाष गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि तीन मार्च की रात एक बजे मोहल्ले के लोगों को कुरारा छोड़कर आया था तथा कार अपने घर के सामने खड़ी करके घर के अंदर चला गया रात डेढ़ बजे मोहल्ले के अंकित पुत्र राजू ने सूचना दी कि गाड़ी में आग लग गई तब हम लोग मौके पर गए तो गाड़ी जल रही थी। मोहल्ले के लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। तब थाना पुलिस व दमकल दस्ते को घटना की जानकारी दी तब दमकल दस्ते ने आकर आग पर काबू पाया। आगजनी में कार पूरी तरह जल गई है। तथा नुकसान हुआ है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। गाड़ी औरा जिसका पंजीकरण नंबर यूपी 77 ए एम 3661 है।

# होली खेल रही किशोरी से की छेड़छाड़

**भरथना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने घर के बाहर होली खेल रही किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दी और उसे बाइक पर बैठाने की कोशिश करने लगा। किशोरी की मां के पहुंचने पर आरोपी भाग निकला।

किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि उसकी बेटी बुधवार की दोपहर घर के बाहर होली खेल रही थी। इसी दौरान गांव के ही एक नामजद व्यक्ति का साला, जो अपनी बहन की ससुराल आया हुआ था, वहां पहुंचा और बेटी के साथ जबरन छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि युवक ने किशोरी को जबरदस्ती अपनी बाइक पर बैठाने का प्रयास भी किया। बेटी की चीख-पुकार सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंची और आरोपी से भिड़ गई। इस दौरान आरोपी ने महिला के साथ भी हाथापाई की। खुद को और बेटी को बचाने के लिए महिला ने पास पड़ा पत्थर उठाकर आरोपी की ओर फेंक दिया। इसी बीच आरोपी के कुछ परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग निकले।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित हो कि मेसर्स कुंवर कंस्ट्रक्शन ग्राम एवं पोस्ट– हंसवर, जिला– अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश छत्रबली सिंह पुत्र श्री वकिल सिंह हुकुलगंज वाराणसी उत्तर प्रदेश सिंह 18–02–2026 को व्यक्तिगत कारणों से उपरोक्त फर्म से पृथक हो रहे हैं तथा उक्त फर्म के भागीदार नहीं रहेगें। उनके स्थान पर नये साझेदार स्वर्णलता सिंह, आयु लगभग 56 वर्ष, पत्नी नरेंद्र मोहन सिंह, निवासी– 889 ग्राम एवं पोस्ट आफिस हंसवर, जिला– अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश के रूप में शामिल किये गये है।

**सूचना**
मैं, ऋतिक चंदेल, सुपुत्र राज भान सिंह चंदेल, निवासी A–52, तात्या टोपे नगर, गुजैनी, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, यह घोषित करता हूँ कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकतालिका (Marksheet) में मेरे पिता का नाम आर बी सिंह दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में उनका सही नाम राज भान सिंह चंदेल है। आर बी सिंह और राज भान सिंह चंदेल एक ही व्यक्ति हैं, यानी मेरे पिता। भविष्य में उन्हें राज भान सिंह चंदेल के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**
मै अपने नाती मोहम्मद शाकिर को उसके गलत आचरण व व्यवहार के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य मे मेरा व परिवार वालो का कोई लेना देना नही है। उसके द्वारा किये गये कृत्यो का वह स्वंम जिम्मेदार होगा। **अनवर जहां पत्नी सादिक निवासी–536/368 ख मदेयगंज,धैला, लखनऊ यू.पी.**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MHAMMAD KAFIL था अब मैने बदलकर अपना नाम KAFEEL रख लिया है भविष्य में मुझे KAFEEL के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- MOHAMMAD HANEEF R/O- 431/405,NEWTI TOLA SAADATGANJ, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित करना है कि प्रार्थिनी अन्तिमा वर्मा पत्नी राकेश कुमार ग्राम दौलतपुर माफी पो0 गौरा चौकी तहसील मनकापुर जिला गोंडा की निवासी हूँ, दिनांक– 02.01.2026 को समय लगभग 3.20 शाम को प्रार्थिनी का मूल दस्तावेज (सेल डीड) मसकनवा गौरा चौकी मार्ग पर घर जाते समय कही गिर गया।जिसका बही नं0 1, जिल्द नं0 5448, पेज नं0 15 से 16, जिसका क्रंमाक सं0 6062 है।

**सूचना**
मैं **हरिश्चन्द्र पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम कन्दावां परगना बछरावां, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र मंशाराम मुझसे अलग रहता है। वह मेरी कोई मदद नहीं करता है। उसके कार्यो से तंग आकर मैं अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
मैं राधा पत्नी लोधे निवासिनी ग्राम माती, मुरादाबाद तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी उ0प्र0, मेरी पालिसी सं0–213927040 में मेरा नाम त्रुटिवश (Laxmi) अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम राधा (Radha) है जोकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक व अन्य अभिलेखो मे दर्ज है। उक्त पालिसी पर मेरा सही नाम राधा (Radha) अंकित किया जाय।

**सूचना**
मैं **विमल कुमार पुत्र कुन्जन लाल ग्रा. गड़वा, पो. डीह, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे बेटे संयम का नाम त्रुटिवश आधार कार्ड में सतेन्द्र कुमार अंकित हो गया है, जो कि पूर्णतया गलत है। अन्य दस्तावेजों में सही नाम संयम अंकित है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। आधार कार्ड में संयम अंकित होना है।


# डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद में चले डंडे

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव राम नगर सरैया में होली पर डीजे पर नाचने को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष के करीब सात लोग घायल हो गए। मारपीट का विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। घायल व्यक्ति के पुत्र ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाही की मांग की है।

गांव राम नगर, सरैया निवासी सुभांशु पुत्र गुड्डू यादव ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि बीते बुधवार की दोपहर करीब दो बजे पड़ोस में ही डीजे बज रहा था, जिसमे पड़ोसी तथा हम सभी लोग नाच रहे थे। तभी अचानक साथ में नाच रहे एक व्यक्ति ने अचानक गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जब मैंने विरोध किया तो छह नामजद तथा कुछ अज्ञात लोगों ने लाठी डंडो के साथ बेरहमी से हमला कर दिया। मुझे मेरे पिता तथा मां व बहन को घर मे घुसकर तथा सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया, जिससे मेरे पूरे परिवार को चोटें आईं। साथ ही मेरे पिता नामजदों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गये। पीड़ित का आरोप है कि नामजदों ने पडोसी फूल कुमार तथा उनके परिजनों के साथ भी बेरहमी से मारपीट की है. वहीं इस घटना के संबध में नामजदों द्वारा मारपीट की जाने की शिकायत रामनगर निवासी फूल कुमार पुत्र अभय नारायण ने भी पुलिस से की है । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना भेजा।

धर्म अध्यात्म

हिन्दू युवा मोर्चा संघ ने कराया आयोजन

# सुंदरकाण्ड पाठ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** औरैया के फफूंद में हिन्दू युवा मोर्चा संघ द्वारा 17वें सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम सभा गदनपुर फफूंद के शिव कुमार शर्मा के आवास प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सक्रिय सदस्य शिव कुमार शर्मा के आह्वान पर किया गया। सुंदरकांड पाठ 11 बजे भजन कीर्तन के साथ प्रारंभ होकर 3बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ संरक्षक अवशेष पांडेय, अशोक शर्मा ,ओबरन सिंह राजपूत, अनिल कुशवाहा , प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री बृजेन्द्र सविता, संगठन महामंत्री गौरव श्रीवास्तव, भारत कुशवाहा, नगर अध्यक्ष अनुराग धनगर, पुत्तन पाठक मनोज राजपूत पूर्व प्रधान, नरेश यादव, दिनेश अवस्थी, विवेकानंद त्रिपाठी, विशाल अवस्थी, अनिल कुमार गदनपुर, वेद प्रकाश राजपूत, अभिषेक राजपूत, अनुज राजपूत , अजय शर्मा गदनपुर, शिव राज सिंह राजपूत, सौरभ राजपूत, दया नारायण राजपूत, आदित्य कुमार, दयाशंकर, रवि, बाला दीन राजपूत पूर्व प्रधान, सूरज सिंह राजपूत, दर्शन सिंह राजपूत, गोविंद प्रताप गदनपुर, महेश बाबू राजपूत, जगत सिंह राजपूत, जगत सिंह, छोटे लाल राजपूत, गोविंद हरि, बीरेंद्र राजपूत, गुलाब सिंह राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।



सुंदरकांड पाठ के दौरान मौजूद भक्त। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल, गंभीर

मौदहा (हमीरपुर)। नगर के राजमार्ग में बीती शाम दो बाइक सवारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवारों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के मराठीपुरा निवासी तनिष्क (26) पुत्र सत्येंद्र अवस्थी बुधवार की शाम अपने नलकूप से बाइक द्वारा वापस लौट रहा था। तभी राजमार्ग में बड़े चौराहे के समीप आकाश (22) पुत्र राम नारायण निवासी सुमेरपुर की बाइक से सीधी भिड़ंत होने के कारण दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने आकाश की हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### भतीजे ने चाचा चाची को किया लहूलुहान

सुमेरपुर(हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के पंचखुरा बुजुर्ग में बाइक का पहिया निकाल लेने का उलाहना देने से नाराज भतीजे ने चाचा चाची को मारपीट करके लहूलुहान कर दिया। चाचा ने मुकदमा दर्ज कराया है। पचखुरा बुजुर्ग निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि उसका छोटा भाई मधुकरन सिंह खेत की रखवाली कर रहा था तभी भतीजे अमर सिंह के मित्र बबलू प्रजापति ने बाइक का पहिया निकाल लिया। इसका उलाहना देने से नाराज होकर अमर सिंह ने घर जाकर गाली गलौज करते हुए जमकर पीटा। जिससे मुझे और मेरी पत्नी मुन्नी देवी को गंभीर चोटे लगी है। पुलिस ने अमर सिंह के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत

राठ (हमीरपुर)। उरई मार्ग पर रिहुंटा गांव के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बुधवार शाम चिकासी थाने के रिहुंटा गांव निवासी चंद्रशेखर (36) पुत्र मूलचंद बाइक से खेत जा रहा था। गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। चंद्रशेखर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए गोहांड सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। पुलिस ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर पकड़े

मौदहा (हमीरपुर)। इस समय लाल सोने की तस्करी चरम पर है हालांकि पुलिस और राजस्व विभाग के जिम्मेदार समय समय पर इनके खिलाफ कार्यवाही करते रहते हैं। उपजिलाधिकारी कर्ण वीर सिंह, तहसीलदार शिखर मिश्रा तथा नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीम ने अछरौड घाट से अवैध बालू लेकर आ रहे तीन ट्रैक्टर कपसा रोड में पकड़ कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिए। जिनके चालक अछरौड निवासी दादू, छत्रपाल और कपिल को भी पकडा गया है तीनों चालकों और ट्रैक्टर के खिलाफ कठोर कार्यवाही के लिए कोतवाली पुलिस को लिखित पत्र दिया गया है।

### कार ट्रैक्टर भिड़ंत में तीन घायल

राठ (हमीरपुर)। जरिया थाने के छिबौली गांव के पास तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच हुई भीषण भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी रामलखन पुत्र नत्थू और नत्थू पुत्र रामगुलाम ट्रैक्टर से जा रहे थे। जरिया थाने के छिबौली मोड़ के पास अचानक तेज रफ्तार कार से उनके ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में राम लखन और नाथू के अलावा कार में सवार अरुण कुमार पुत्र रामभरत निवासी ग्राम गहुली थाना जलालपुर गम्भीर रूप से घायल हो गए।

### कुरान मुकम्मल होने पर हाफिज का हुआ स्वागत

मौदहा (हमीरपुर)। हज़रत मुख़्तार निजामी साहब की दरगाह स्थित मस्जिद खानकाह निजामिया में बीते 14 रमजान की देर रात तरावीह में कुरान मुकम्मल हुआ। जिसके बाद सैकड़ों लोगों ने कुरान सुना रहे हाफिज कारी शाने आलम रजवी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## भव्य शोभायात्रा के साथ रामलीला महोत्सव की हुई शुरुआत


शोभायात्रा में शामिल शिव पार्वती की झांकी। अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

संवाददाता कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला मैदान में रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन शुरू हो गया। गुरुवार को विशाल शोभायात्रा का आयोजन हुआ। शोभा यात्रा का शुभारंभ भगवान के रूप में विभिन्न प्रकार की सजी झांकियों का आरती पूजन कर हुआ।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गुल्ली महाराज ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है जो 5 मार्च को राम वन गमन, 6 मार्च को राम केवट संवाद, 7 मार्च को विशाल धनुष यज्ञ लीला का दिव्य मंचन रात्रि 8:00 बजे से होगा। रामलीला का मंचन सुविख्यात आमंत्रित कलाकारों द्वारा होगा। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की नयनाभिराम झांकियां शामिल रहीं। इस अवसर पर चेयरमैन आशारानी कबीर, ब्रज किशोर गुप्ता, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, अभिनव तिवारी, बंटी सोनी, दीपक द्विवेदी, धर्मेंद्र पालीवाल, हरनारायण सिंह हिन्दू, अनुज द्विवेदी, अंशु द्विवेदी, गुल्लू शिवहरे, लल्ला तिवारी व नगर पंचायत के सभासद के साथ सैकड़ों पुरुष एवं महिला उपस्थित रहे।

## होली पर एक-दूसरे को रंगों से किया सराबोर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


मौदहा कस्बे में होली खेलते युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फाग गायन का आयोजन किया गया, जिसने ग्रामीणों को खूब उत्साहित किया। इचौली में पूर्व विधायक युवराज सिंह, खण्डेह में लालू दुबे व गुसियारी गांव में प्रधान असरार अहमद खान ने ग्रामीणों साथ फाग गायन टोली में शामिल रहे और सभी का मन मोह लिया।

कस्बे में भी होली का पर्व परंपरागत श्रद्धा और भारी उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही युवाओं की टोलियां सड़कों पर निकल पड़ीं और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। जहां बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में होली खेली गई। वही गुरुवार को कस्बे में स्थानीय कमेटियों द्वारा मालिकुआ चौराहा, थाना चौराहा और नेशनल चौराहा जैसे प्रमुख स्थलों पर रंग से भरे ड्रमों की विशेष व्यवस्था की गई थी। राहगीरों और हुड़दंगियों ने इन चौराहों पर रुककर जमकर होली खेली। सुरक्षा की दृष्टि से मालिकुआ चौराहा, थाना चौराहा और कस्बे के अन्य चौराहों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शाम को लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर गिले-शिकवे दूर किए और गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। वहीं कस्बे के बड़ी देवी मंदिर के प्रांगण में भव्य मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ।

# जिले में होली पर जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

### सारा दिन गली कूचों और गलियारों में दर्जनों की तादाद में होलियारों की टोलियां निकलीं, डीजे की धुन पर खूब थिरके युवा


डीजे की धुनों पर होली पर नाचते गाते युवक। अमृत विचार


भाजपा कार्यालय में होली खेलते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार


पौथिया गांव में फाग गायन करते होरियार। अमृत विचार

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- लोगों ने होली खेल कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं

**अमृत विचार।** होली का पर्व कस्बे में धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरुवार को सारा दिन कस्बे में जमकर रंग बरसा। गली कूचों और गलियारों में दर्जनों की तादाद में झुंड झुंड होलियारों की टोली निकली। विभिन्न प्रकार के रंगों से सजे चेहरे लोगों को पहचान नहीं आए।

गलियों में डीजे के धुनों पर सारा दिन युवक होली गीतों पर झूमते नाचते नजर आए। गुरूवार को भाई दोज पर जमकर रंग बरसा। सड़कों और कस्बे की गलियों में खूब होली खेली गई। कस्बे के सिकंदरपुरा, खुशीपुरा, रामलीला मैदान, बुधौलियाना, दीवानपुरा, गायत्री नगर, पठानपुरा समेत अनेक मोहल्लों में युवकों ने जमकर धमाल मचाया। युवकों द्वारा होली खेलने के दौरान जमकर रंग गुलाल उड़ाया और कपडे. फाड़ होली खेली। आपसी सौहार्द और प्रेम का यह पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमकर खेला गया।

## तीन युवकों पर मारपीट कर सोने का लॉकेट व रुपये छीनने का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** दूसरे घर में रात को सोने के लिए जा रहे युवक को रास्ते में तीन युवकों ने रोक कर थप्पड़ घूंसों से मारपीट करते हुए गले में पहने सोने का लॉकेट, पर्स में पड़े रुपये छीन कर ले गए। युवक ने तीनों युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

थाना सुमेरपुर के बांक गांव निवासी गोरेलाल पुत्र वरदानी कुशवाहा ने थाने में तहरीर देते बताया की पत्नी की 3 महीना पहले डिलीवरी होने के चलते अपनी ससुराल उमरी गांव में रहता है। हर दिन की तरह रात 10:00 बजे करीब दूसरे घर में सोने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में शराब के नशे में उमरी गांव के अजय पुत्र छोटे कुशवाहा, बालेंद्र पुत्र बाबूराम धुरिया व जयकरण सिंह का पुत्र रोक कर अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर तीनों युवकों ने थप्पड़ घूंसों से जमकर मारपीट करने के साथ गले में पहने सोने के लॉकेट व पर्स में पड़े पांच हजार रुपये छीन लिए और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि युवक की तहरीर पर जांच कर तीनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा जिला कार्यालय में भी खेली गई होली

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाई बहनों के साथ भव्य होली खेली गई। जिलाअध्यक्ष ने होली, भैया दूज त्योहार पर अपने सभी भाई बहन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ गुलाल, रंग एक दूसरे को लगाकर होली मनाई।

जिलाध्यक्ष ने सभी जनपद वासियों को शुभकामनाएं दी। इस होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय पांडे, उपाध्यक्ष लक्ष्मी रतन साहू, अरविंद श्रीवास्तव, किशन व्यास, उत्तम सिंह, साधना सिंह, रणवीर सिंह, अंकित गुप्ता, योगेंद्र दीक्षित, मोहन कुशवाहा, अरविंद शर्मा, रोशनी साहू, दुर्गेश ओमर, उमा दीक्षित, हिना परवीन, रेनू अनुरागी, मीना सिंह, सिया प्यारी, आशुतोष द्विवेदी, सियाराम विश्वकर्मा, दिनेश द्विवेदी, सुभाष पांडेय, रमाकांत सिंह आदि उपस्थित रहे।

पौथिया संवाद के अनुसार होली पर्व में क्षेत्र के गांवों में फाग गायन की धूम रही। पौथिया, कीरतपुर, सहजना, छीटनपुर, बरदहा, सहुरापुर, शिकरी, कलौलीतीर, उजनेड़ी, ललपुरा, मोराकादर, परसनी, टीकापुर सहित गांवों में बुन्देली संस्कृति की आवाज में बौछार फाग गायन के आयोजन हुए। पौथिया गांव में सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति, ग्राम प्रधान आशीष सचान, ग्राम प्रधान कलौलीजार अरविंद यादव, ग्राम प्रधान सीता निषाद, टीकापुर ग्राम प्रधान शिवेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर गले मिले। पौथिया में शिवाला मंदिर दयाराम गुप्ता, राजू सचान, रेवतीराम, बीरेंद्र सिंह सचान, समाज सेवी विजय बहादुर प्रजापति, सम्मानित किया।

## पिता ने पुत्री को फुसलाकर ले जाने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के एक मोहल्ले की रहने वाली एक किशोरी अपने प्रेमी के साथ लापता हो गई। किशोरी के पिता ने कोतवाली में एक युवक के विरुद्ध उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किशोरी के पिता ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम करीब 7 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ भाग ले गया है। बताया कि पुत्री के लापता होने के बाद उसने अपनी पुत्री को सभी संभावित स्थानों पर खोजने का प्रयास किया लेकिन उसकी पुत्री का कहीं पर भी पता नहीं चल सका। पिता ने पुलिस से पुत्री को खोजने की गुहार लगाई है।


हेड कांस्टेबल को अंतिम सलामी देते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

## हेड कांस्टेबल का बीमारी से हुआ निधन

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के ग्राम गहतौली निवासी पुलिस कर्मी की कौशांबी जनपद में तैनाती के दौरान बीमारी के चलते मौत होने पर शव को पैतृक आवास में आने पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

ग्राम पंचायत जलाला के मजरा गहतौली निवासी शिव प्रकाश प्रजापति की उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल पद पर कौशांबी जनपद में तैनाती थी। बीमारी के चलते उनकी मंगलवार को मौत हो गई थी। देर रात उनका शव गांव लाया गया था। बुधवार को सुबह यमुना नदी के तट पर राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति भी मौजूद रहे।

## पत्नी से विवाद में पति ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**बिवांर(हमीरपुर)।** मिहुना गांव में एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मुस्करा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वेद कुमार (30) पुत्र ख़लक सिंह ने घर में त्योहार के दौरान शराब पीने को लेकर पत्नी से हुए विवाद के बाद आवेश में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो घर में हड़कंप मच गया। परिजन उसे आनन-फानन में सीएचसी मुस्करा लेकर पहुंचे। यहां मौजूद डॉ.हेमंत दसारिया ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल फर कर दिया।

## बाबा पृथ्वी सिंह की पुण्यतिथि मनाई

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में बाबा पृथ्वी सिंह आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि बाबा पृथ्वी सिंह वास्तव में मातृभूमि के सच्चे सपूत थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, इनका पंजाब के लालडू में चौधरी शादी राम के घर 15 सितंबर 1892 में जन्म हुआ था। इन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की, उसके बाद लाला लाजपत राय के जीवन चरित्र तथा एक कविता से उनकी विचारधारा बदल गई। यह 15 वर्ष की उम्र में आंदोलन में कूद पड़े, कई देशों की यात्रा पर गये। वहां से देश की आजादी के लिए पहल की, ये गदर पार्टी के संस्थापकों सदस्यों में से एक थे। इन्हें जिन्दा शहीद भी कहा गया, यह उस समय युवा क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्त्रोत थे। आजादी के बाद भी यह लगभग साढ़े चार दशकों तक जीवित रहे। कालांतर में 05 मार्च 1989 को यह नहीं रहे। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, महावीर प्रजापति, रिचा, रामनारायन सोनकर, विकास, प्रेम, सागर, प्रिन्स, पंकज सिंह, सतेन्द्र और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

परंपरा | राजा हम्मीर देव की प्राचीन परंपरा आज भी चली आ रही

## गाजे बाजे के साथ गौर वंश का गरुड़ ध्वज जुलूस निकला

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)


कुरारा कस्बे में गरुण ध्वज जुलूस निकालते गौर वंश के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में होली के बाद दूज को ऐतिहासिक गरुड़ ध्वज को गाजे बाजे के साथ निकाला गया। इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोगों की भीड़ एकत्र रही। ध्वज का जगह जगह महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर पूजन किया। गौर वंश को विजय ध्वज राजा हम्मीर देव ने युद्ध में विजय पाने के उपरांत दिया था। यह प्राचीन परंपरा आज भी चली आ रही है।

कस्बे में प्राचीन ऐतिहासिक विजय गरुण ध्वज शान से कस्बा में निकलने की परंपरा आज भी चली आ रही है। होली के बाद दूज के इस ध्वज का पूजन करने के बाद कस्बा में गाजे बाजे के साथ निकलने की परंपरा आज भी जीवंत है। इसके प्राचीन इतिहास के सम्बन्ध में गौर वंश के बुजुर्गों से मिली जानकारी के मुताबिक हम्मीर देव राजा के ऊपर किसी राजा ने चढ़ाई कर दी। तब उन्होंने राजगढ़ राजस्थान स्टेट से सहयोग मांगा। तब राजगढ़ स्टेट के युवराज सिहल देव व बीसलदेव ने अपनी सेना लेकर युद्ध में भाग लिया तथा विजय प्राप्त किया। जिसमे बीसल देव को विजय निशान गरुण ध्वज तथा सिंहल देव को विजय निशान नगाड़ा भेंट दिया गया था। राजा हम्मीर देव ने अपनी पुत्री रामकुंवर की शादी वीसल देव के साथ किया तथा बारह गांव दान में दिए थे। जिसमें इनके लिए कुम्हऊपुर में रहने के लिए दिया गया था। इनके नौ पीढ़ी तक एक एक संतान हुई। 9वीं पीढ़ी में हरिहर देव के नौ संतान हुई। जिसमे कोणार्क देव को कुरारा की गद्दी दी गई थी। तथा रिठारी, जल्ला, चकोठी, पारा, कंडौर, पतारा, झलोखर, टीकापुर, बहदीना, कुम्हऊपुर, बैजेइस्लाम पुर गांव में गौर वंश निवास करते थे। दूज के दिन हरेहठा, पतारा में जलसा होता था। जिसमें सभी बारह गांव के गौर एकत्र होते थे। कोणार्क देव के दो पुत्र हुए महल देव व खान देव इनके वंशज आज भी कुरारा में निवास करते है। वही लोग इस परंपरा को जीवंत किए है। प्रतिवर्ष इस विजय निशान गरुण ध्वज को शान से निकलने की परंपरा है। इस अवसर पर तीन दिन रामलीला व दो दिन नौटंकी का कार्यक्रम संपन्न होता है।

विजय ध्वज निकलने के दौरान ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, सतपाल सिंह, गोविंद सिंह, शिव मूरत, गोपाल पालीवाल, मंगल सिंह, चेयरमैन आशा रानी कबीर, अनिल सेंगर आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## रंजिश के चलते घर में घुसकर मां बेटी व पुत्र को पीटा

**बिवांर (हमीरपुर)।** पुरानी रंजिश के चलते बुधवार की रात को गांव के छह युवकों ने घर में घुसकर अभद्रता करते हुए महिला व पुत्र पर लाठी डंडों से हमला कर दिया।

थानाक्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी राम जानकी पत्नी जगर्भन वर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के भीम प्रकाश, बुद्ध प्रकाश, सोम प्रकाश पुत्र गण दशरथ वर्मा, धर्मेंद्र पुत्र सिद्धा वर्मा तथा दो अज्ञात युवकों के साथ बुधवार की रात 9:00 बजे करीब घर में घुसकर अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से हमला कर मारपीट की। शोर मचाने पर महिला की पुत्री काजल व पुत्र कुलदीप वर्मा ने बीच बचाव करने आए तो उन्हें भी मारापीटा। पुत्र के सिर में कुल्हाड़ी लगने से वह लहूलुहान हो गया। पुत्री ने यूपी 112 को सूचना दी। पुलिस जांच कर रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कोहराम

**पौथिया (हमीरपुर)।** ललपुरा थानाक्षेत्र के कलौलीजार गांव में बुधवार को दिन में करीब 4 बजे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कलौलीजार गांव निवासी संदीप (18) पुत्र गया प्रसाद बुधवार को करीब 4 बजे दिन अपने खेत में लगे जामुन के पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों ने बताया मृतक दिन में दोस्तों के साथ होली खेलने के साथ डीजे में डांस करता रहा और अचानक घर चला गया।,घर से रस्सी लेकर खेत चला गया था। जहां फांसी लगा ली। पास के खेत में बड़ा भाई ब्रजेश दोस्तों के साथ होला खा रहा था। तभी देखा कि कोई जामुन के पेड़ में लटका हुआ है। मौके पर जाकर भाई को लटका हुआ देख कर बेसुध हो गया। बाद में पुलिस व परिजनों को जानकारी दी। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था और अपने भाइयों के साथ मजदूरी करने बाहर चला जाता था। परिवार में कोहराम मचा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

राठ (हमीरपुर)। जरिया थाने के कछवाकला गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर में राम अवतार (56) पुत्र फूल सिंह कि संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई। परिजन राम अवतार को आनन फानन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जरिया पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**न्यूज ब्रीफ**

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**महोबा।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के कनकुआं गांव में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान शहर कोतवाली के मुढारा गांव निवासी धीरेंद्र सिह राजपूत (25) पुत्र रतन सिंह राजपूत के रुप में हुई।

### तालाब में उतराता मिला अधेड़ का शव

**महोबा।** कस्बा चरखारी के कोठी तालाब में एक अज्ञात अधेड़ का शव पानी में उतराता मिला। तालाब किनारे होली खेल रहे बच्चों ने देखा तो इसी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकालकर शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं। होली पर्व के दिन घटना घटी। पुलिस ने बताया कि अधेड़ के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए है। पुलिस अभी तक अधेड़ की शिनाख्त नहीं करा पाई है।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के मनकी कला गांव में परिजनों से नाराज महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन करने पर हालत खराब होने पर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के मनकी कला गांव निवासी अंजली (28) पत्नी पप्पू बृहस्पतिवार को परिजनों से नाराज होकर कमरे में जाकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। हालत में सुधार न होता देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।





होली पर्व पर मौज मस्ती करती महिलाएं, होली खेलते युवक व फाग गीत सुनाते बुर्जुग। अमृत विचार

# युवाओं ने एक दूसरे पर रंग डालकर की मौज मस्ती

## जगह जगह डीजे की धुनों पर लोग सारा दिन थिरकते रहे

**संवाददाता कार्यालय, महोबा**

### जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा

■ होली पर्व पर हुड़दंग को रोकने और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी और पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए साथ ही त्योहार पर भारी पुलिस बल तैनात किया। चौराहों, मुख्य मार्गों और होलिका दहन स्थलों के अलावा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिसके चलते जिले में शांतिपूर्ण माहौल में होली पर्व मनाया गया।

**अमृत विचार।** जिले में रंग उमंग और उल्लास का पर्व होली हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। होली के मौके पर लोगों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया, तो तन और मन रंगों से सराबोर हो गया। सारा दिन युवक डीजे के साउड की धुन पर थिरकते हुए धमाल मचाते रहे। इस त्योहार को लेकर कई स्थानों पर मटकी तोड़ने की परम्परा का निर्वहन किया गया। मुहल्लों से आई युवकों की टोलियां मटकी तोड़ने में दमखम दिखाती रहीं। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल और रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

होली पर्व के प्रति बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह और जोश दिखाई दिया। सुबह से ही रंगों से सराबोर युवाओं की टोलियां मुहल्लों मुहल्लों में भ्रमण करती दिखाई दीं। सड़क से गुजरने वाले ज्यादातर लोगों पर बच्चों ने पिचकारी से रंग डालकर उन्हें भी रंग दिया। सुबह से शाम तक रंग खेलने की प्रक्रिया शुरू हुई और शाम तक चलती रही। वाट्सएप, ट्यूटर, फेसबुक, मोबाइल से कॉल करके एक दूसरे को सुबह से शाम तक होली त्योहार की बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। युवाओं की टोलियां बुरा न मानो होली है की आवाज बुलंद करते हुए सारा दिन रंगों से सराबोर होकर एक दूसरे पर रंग डालते हुए दिखाई दिए। ग्रामीण अंचलों में भी ग्रामीणों ने जमकर होली खेली।

रंगों के त्योहार होली में जहां पुरुषों ने सारा दिन होली खेलकर मौज मस्ती की, वहीं महिलाएं भी होली खेलने में पीछे नहीं रहीं। महिलाओं ने भी एक दूसरे के घर जाकर अबीर गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। सारा दिन होली के धमाल में लोग मस्त रहे। शहर के मुख्य चौराहों और मुहल्लों में जगह जगह युवाओं ने डीजे लगाकर होली के गीतों पर नृत्य किया। तमाम लोग इस त्योहार में भांग पीकर सारा दिन इधर से उधर घूमते रहे। मोहल्लों मोहल्लों में निकली युवाओं की टोलियों ने रंगों की बारिश की। सुरक्षा की दृष्टि से चौराहों चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कहीं पर भी किसी तरह का विवाद न हो। पुलिस भी गली कूचों में भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेती रही। बच्चों ने होली खेलकर मनोरंजन किया।

## पुलिस अधिकारियों ने भ्रमण कर लिया जायजा

**संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा**



पर्व पर भ्रमण करती पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने नगर में भ्रमण कर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाए जाने का संदेश दिया। सड़कों पर पुलिस के घूमने से अराजक तत्व भी किसी भी तरह की खुराफात करने का साहस नहीं जुटा सके। पुलिस ने त्योहार के मद्देनजर सतर्कता बरती, जिसके चलते होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से निपट गया।

होली पर्व को लेकर नगर और बाजार में सारा दिन चहल पहल रही। जगह जगह लोंग होली खेलते नजर आए, होली पर किसी भी तरह की अप्रिय घटना न घट सके इस उद्देश्य से पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के साथ सारा दिन सड़कों, चौराहो और गली कूचो में गश्त करते रहे। पुलिस की कड़ी चौकसी के चलते लोगों ने अंजान व्यक्तियों पर रंग डालने से परहेज किया। अबीर गुलाल और रंगों की जमकर बिक्री हुई।

- पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी के चलते शांतिपूर्ण तरीके से निपटा होली पर्व

दो दिन तक चले होली पर्व पर घरों में गुजिया, मिष्ठान और पकवान खाने खिलाने का दौर चलता रहा। सबसे ज्यादा बिक्री मिठाई और खोये की हुई। लोगों ने एक दूसरे के घरों पर जाकर गुजिया और मिष्ठान का आनंद लिया। इसके बाद होली पर्व की एक दूसरे को बधाई दी। इस साल पिचकारी से रंग डालने की परम्परा काफी फीकी रही। अबीर गुलाल सड़कों पर उड़ाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़, नगर प्रभारी विकास तिवारी पुलिस बल के साथ भ्रमण करते रहे। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह अराजक तत्वों पर पैनी नजर लगाए रहे, जिससे त्योहार शांति से निपट गया।

### होली पर फाग गायन की रही धूम

■ **महोबा।** होली त्योहार पर फाग गायन की धूम रही। ग्रामीण अंचलों में फाग की चौपालें सजी रहीं। इसके अलावा शहरों में भी कुछ जगहों पर बुर्जुगों ने फाग गायन सुनाकर लोगों की पुरानी यादें ताजा कर दीं। मंगलवार को फाग गायकों की टोलियां भी फाग गाती नजर आई, जिसे सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। हालांकि फाग कार्यक्रम के मौके पर युवा नजर नहीं आए। बेलाताल, शाहपहाड़ी, दिदवारा, कटकुलवापुरा, पनवाड़ी, कुलपहाड़, हवेली दरवाजा में फाग कार्यक्रम सारा दिन चलता रहा। इसके अलावा बेलाताल में बुंदेली भाषा में ईसुरी फागे सुनकर लोग झूम उठे। फाग कार्यक्रम समाप्त होने के बाद एक दूसरे पर रंग डालकर त्योहार की खुशियां मनाई।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता में हुरियारों ने दिखाया दमखम

■ जिले में होली पर्व के मद्देनजर एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। मटकी फोड़ने के लिए हुरियारों की अलग अलग स्थानों से आई टोलियां 25 से 30 फिट ऊंचाई पर बांधी गई मटकी फोड़ने के लिए एक के ऊपर एक युवक ने चढ़कर मटकी फोड़ने का प्रयास किया। सारा दिन अलग अलग स्थानों पर मटकी फोड़ने के लिए टीमें जुटी रहीं। शहर के मोहल्ला बड़ीहाट, समदनगर, भटीपुरा, बंधानवार्ड के अलावा श्रीनगर, भंडरा, पनवाड़ी सहित तमाम गांव में मटकी फोड़ प्रतियोगिता के लिए लोग सारा दिन जद्दोजहद करते रहे, बमुश्किल से मटकी युवाओं के हाथ लगी।

# अब धीमी पड़ती जा रहीं ईसुरी की फाग की तानें

**नईमुर्रहमान, महोबा**

- ग्रामीण अंचलों में भी होली पर्व के मौके पर अब नहीं सुनाई देती फाग
- युवा पीढ़ी गांव में होने वाली फागों के प्रति पूरी तरह से है अंजान

**अमृत विचार।** बदलते जमाने के साथ होली पर्व पर गाई जाने वाली फाग अब नहीं सुनाई देती। बुंदेलखंड के जनप्रिय लोक कवि ईसुरी की फागों की तान भी अब धीमी पड़ती जा रही है, वहीं जगह जगह अब फाग की जगह फिल्मी गीतों ने ले ली है। होली पर्व पर भी फागों की गूंज की बजाय लाउडर्स स्पीकरों में फिल्मी गीतों की आवाज सुनाई पड़ती है। अब इक्का दुक्का गांव में फाग होती भी है तो ताजा तरीन फिल्मी गानों की तर्ज पर होती है। नतीजतन ईसुरी की फाग की ताने अब गांव में नहीं सुनाई पड़ रहीं हैं। युवा पीढ़ी फागों के प्रति पूरी तरह से अंजान है, जिससे भविष्य में लोग कवि ईसुरी को ही भूल जाएंगे।

गौरतलब है कि एक जमाना था, जब बुंदेलखंड के हर जिले में ईसुरी रचित फागों को गाए बिना होली नहीं होती थी। होली पर्व के पहले ही ग्रामीण अंचलों में फागों की ताने सुनाई पड़ने लगती थी। गांवों के अलावा शहर और कस्बों के कुछ इलाकों में भी खूब फागें गाई जाती थी। फगुवारों के दल अब बहुत कम निकलते हैं, लेकिन साउड सिस्टमों में जगह जगह गूंजते फिल्मी होली के गानों की ऊंची आवाजों के बीच उनकी ढोलक की थाप थम सी गई। लोग कवि ईसुरी में अपनी जिन भागों की रचना की थी उनमें श्रृंगार वियोग के पक्षों को सीधे साधे ग्रामीण शब्दों में पिरोया गया था, जिससे वह लोगों की जबान पर चढ़ गए थे। आध्यात्मिक लिहाज से उनके अर्थ जीवन मूल्यों के सशक्त पक्षधर थे, जो आम आदमी से जुडे.हुए महसूस होते थे।

इक्का दुक्का ग्रामीण अंचलों में फागों की महफिल सजी, जहां पर लोग ढोल मंजीरा, झांझर लेकर पहुंचे, लेकिन फाग की महफिल में सिर्फ बुर्जुग लोग ही नजर आए। फाग गाने वालों से लेकर सुनने वाले भी बुर्जुग ही थे। युवा पीढ़ी ने फाग सीखने का प्रयास करना तो दूर गांव में हो रही फाग को सुनने तक की जहमत तक नहीं उठाई, जबकि बुर्जुगों में फाग तानने की पहले जैसी ताकत नहीं रही, लेकिन उनमें फाग गाने का जोश और जज्बा कम नही हुआ, यही वजह है कि फाग तानने के दौरान उन्होंने किसी भी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी। एक के बाद एक बुर्जुग सुंदर फाग की तान खींचने में कोई कसर नहीं छोड़ता दिखाई दिया। फागें अपनी मिट्टी से जुड़ी होती थी, लेकिन आज फिल्मी गीतों और पाश्चात्य सभ्यता से युवा जुड़ कर मोबाइल में फिल्मी गीत और पाश्चात्य सभ्यता को पसंद कर रहा है।

### चरवाहे तक खेत खलिहानों में गाते थे ईसुरी की फागें

■ महोबा। समूचे बुंदेलखंड में ईसुरी की फागों को बेहद पसंद किया जाता था। बुंदेली भाषा में फाग रचने वाले लोक कवि ईसुरी की फागें इतनी सादा होती थी कि खेत खलिहानों और जंगलों में पशु चराने वाले चरवाहे तक उनकी फागें गा लेते थे। जबकि इन्हें गाने में अच्छे गायक भी लड़खड़ा जाते थे। इसके अलावा परम्परागत फागों के गायक भी इस त्योहार पर पुरानी फागों को गाते थे, जिसमें किसानों, मजदूरों के जीवन का चित्रण होता था, खेती किसानी की बातें होती थीं और प्रेम रस के शब्दों में द्विअर्थी मजाक छिपे होते थे। बुंदेलखंड की परम्परों के अनुरूप इनमें आल्हा ऊदल व अन्य वीरों की गाथाएं होती थी, धीरे धीरे यह गायन परम्परा कमजोर होती गई, अब होली में कस्बों व शहरों से फाग गायब सी हो गई हैं। फाग के साउंड सिस्टम भी नहीं बजते सुनाई दे रहे हैं। अभी इक्का दुक्का देहाती क्षेत्रों में जरूर फागों का गायन करके ईसुरी की यादें ताजा कर दी गईं। पहले होली पर्व से पूर्व गांवों में फागों के गायन की प्रतियोगिताएं होती थीं, एक से एक सुंदर फाग लोग गाते थे, लेकिन अब फाग नहीं सुनाई पड़ते हैं।

# कुलपहाड़ में दो गुटों में जमकर चले लाठी डंडे, 4 लोग घायल

**संवाददाता कुलपहाड़ महोबा**

- पुलिस ने तहरीर लेने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है
- पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है

**अमृत विचार।** मामूली विवाद को लेकर दो गुटो में जमकर चले लाठी डंडों की चपेट में आने से दोनो पक्षों के चार लोंग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पहले पक्ष से एक और दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इंदौरा में दो गुटों के बीच गाली गलौच को लेकर जमकर मारपीट हुई। प्रथम पक्ष से ग्राम इंदौरा प्रधान प्रतिनिधि पप्पू पाल पुत्र सुम्मेरा पाल ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि म भाई महेन्द्र पाल गांव के एक दुकान से वापस घर आ रहा था, तभी जयसिंह आदि ने उस पर लाठी डंडो से हमला कर घायल कर दिया।

दूसरे गुट के सत्येन्द्र यादव पुत्र लक्ष्मी प्रसाद ग्राम इंदौरा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जब वह अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव के ही महेन्द्र, महेश, भगवत दयाल व पप्पू पाल लाठी लेकर आए और देखकर गाली गलौच करने लगे, गाली देने से मना किया, तो सभी एक राय होकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर जयसिंह, भाग सिंह, साहब सिंह आकर बीच बचाव करने लगे, तभी हमलावरों ने दूसरे गुट के जय सिंह, भाग सिंह और साहब सिंह पर लाठी डंडों से हमला कर बीच बचाव कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया हैं और हमलावरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस घटना से गांव में भय और दहशत का माहौल है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

**फर्रुखाबाद।** पत्नी से विवाद के कारण युवक नीलेश कठेरिया ने फांसी लगाकर जान दे दी। तिवारियान निवासी नीलेश बीते दिन पत्नी देवकी के साथ साथ आया, उसने पत्नी को ग्राम कादर दादपुर सराय मायके में छोड़ दिया। नीलेश बीती शाम घर पहुंचा उसने आज सुबह गांव के आम के बाग में आम के पेड़ से दुपट्टे से फांसी लगा ली। मामले की जांच हो रही है।



इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

# पहला अशरा खत्म होने के बाद इफ्तार पार्टियों का सिलसिला तेज

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

- मस्जिदों और घरों में इफ्तार कराने में जुटे लोग

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान का पहला अशरा खत्म होने के बाद अब रोजा इफ्तार पार्टियों का सिलसिला तेज हो गया। मस्जिदो, घरों में एक के बाद एक लोग इफ्तार का कार्यक्रम करा रहे है, जहां पर भारी संख्या में रोजेदारो की भीड़ जुट रही है। लोग ज्यादा से ज्यादा रोजेदारों को बुलाकर इफ्तार करा सवाब (पुन्य) कमा रहे हैं। आज कल छोटे छोटे बच्चे भी रोजा रखकर परिवार के साथ इफ्तार में शामिल हो रहे हैं।

इस साल मौसम खुशनुमा होने के कारण भारी संख्या में लोग रोजे रख रहे हैं। मौसम को देखते हुए आठ से बारह साल के बच्चे भी खूब रोजे रख रहे हैं। मासूम बच्चे न तो दिन में पानी पीते और न ही कुछ खाते हैं, लेकिन शाम ढलने से पहले ही इन मासूमों के चेहरे मुर्झाने से लगते हैं। इसके बाद भी बच्चे अगले दिन फिर से रोजा रखते हैं। मां बाप के समझाने के बाद भी बच्चे रोजा रखना नहीं छोड़ रहे हैं। यही वजह है कि आज कल मस्जिदें रोजेदारों से खचाखच भर जाती हैं।पवित्र माह रमजान में तड़के सुबह तीन बजे रात से ही चहल पहल बढ़ जाती है। लोग शहरी के लिए उठते हैं और सहरी करने के बाद रोजा रख लेते हैं। यह पहला ऐसा मौका है, जब एक दशक के अंदर सबसे ज्यादा लोग रोजे रख रहे हैं। रोजेदार शाम पांच बजे से ही अपने कामकाज छोड़कर अपने अपने घरों के लिए इफ्तार के लिए निकल जाते हैं। वह दुकानदारी और कामकाज की कोई चिंता नहीं कर रहे हैं। मस्जिदों में रोजेदारों की संख्या बढ़ने के साथ साथ लोग इफ्तार के लिए मस्जिदो में तरह तरह के व्यंजन, फल और तमाम चीजें भेज रहे हैं।

### अब राजनीतिक दल नहीं कराते इफ्तार पार्टियां

■ एक दशक से राजनीतिक दलों ने भी इफ्तार पार्टियां कराना बंद कर दिया है। एक दशक पहले हर साल रमजान माह में सपा, बसपा, कांग्रेस, जनता दल जैसी तमाम पार्टियों में इफ्तार कराने की होड़ सी लग जाती थी, लेकिन अब किनारा कर रही हैं। यही वजह है कि पिछले दस सालों से किसी भी राजनीतिक दल ने इफ्तार पार्टी नहीं कराई।

## अलग-अलग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

**कार्यालय संवाददाता महोबा**

**अमृत विचार।** जिले में अलग अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लों गंभीर से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन ट्रक की टक्कर से बुरी तरह लहूलुहान हुए घायल युवक की हालत गंभीर होनें पर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया,

जनपद हमीरपुर के बिरख गांव निवासी रश्मि (33) पत्नी मुन्ना बाइक से छतरपुर जा रही थी, तभी झांसी मिर्जापुर हाईवे में हरपालपुर कस्बे में बने ब्रेकर में बाइक तेजी से चढ़ जाने के कारण पीछे बैठी महिला उचककर सड़क पर गिर गई। सिर पर गंभीर चोटे आने के कारण उसे सीएचसी हरपालपुर ले गए, जहां से उसे झांसी के लिए भेज दिया गया है। इसी तरह लवकुश नगर मार्ग में चितेहरी तिराहा के पास बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार लवकुश नगर निवासी कल्लू और उसकी पत्नी संगीता घायल हो गए, जिन्हें लवकुश नगर अस्पताल ले जाया गया।

- ट्रक की टक्कर के बाद घायल युवक को मेडिकल कालेज झांसी भेजा

कुलपहाड़ नगर के कटवारिया पुरा स्थित बेलाताल रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल जा रहे राठ निवासी मुन्ना को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

**मनमानी** — ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह आज भी टूटी पड़ी हैं सड़के

# खोदी गई सड़कों की नहीं हुई मरम्मत

**संवाददाता, बेलाताल महोबा**



पाइप लाइन डालने के बाद नहीं हुई सड़क की मरम्मत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हर घर जल योजना के तहत गांव गांव में बिछाई गई पाइप लाइनों की खुदाई के बाद आज तक उनकी मरम्मत न कराए जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर एक माह पहले महोबा आगवमन पर राज्य सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव की भाजपा विधायक चरखारी बृजभूषण राजपूत से तीखी नोंक झोंक हो गई थी। इतना ही नहीं सड़क पर सरेआम हुई बहस के बाद कैबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर जिले के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई और केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन दौरान खोदी गई सड़कों की मरस्मत बीस दिन के अंदर कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी आज तक सड़कों की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

विधानसभा चरखारी क्षेत्र में हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न कराने के मामले को चरखारी विधायक द्वारा सदन में भी उठाया गया था। इसके बाद भी सड़कों की मरम्मत न होने पर प्रधानों की विधायक के प्रति बढ़ती नाराजगी को लेकर एक माह पहले महोबा आए जल शक्ति मंत्री के काफिले को विधायक ने प्रधानों के साथ मिलकर हाईवे में ही काफिले को रोक लिया था, जिससे राज्यमंत्री और विधायक के बीच जमकर नोंक झोंक हुई थी। मामला हाईकमान तक पहुंच गया था। बावजूद इसके राजनैतिक सरगर्मी तो बढ़ गई लेकिन क्षेत्र में टूटी पड़ी सड़कों की मरम्मत नहीं हुई।

विधानसभा चरखारी की बड़ी ग्राम पंचायत बेलाताल में अधिकांश हिस्से में पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क उखड़ी पड़ी है। इसके अलावा बछेछर कला, बछेछर खुर्द, आनंदपुरा, बड़ेरा, रिवई समेत कई गांव में कमोवेश यही स्थिति है। कैबिनेट मंत्री के आदेश के बाद भी अधिकारी आज तक खोदी गई सड़कों को ठीक नहीं करा सके हैं। कुछेक सड़कों की मरम्मत के नाम पर खानापूरी की गई।

## पैसों को लेकर दो दोस्तों ने एक दूसरे को किया घायल

**संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा**

- दोनो घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के गांव में 1000 रुपये के लेनदेन को लेकर दो दोस्तों के बीच विवाद हो गया। एक दोस्त ने दूसरे पर चाकू से हमला किया, तो दूसरे दोस्त ने ईंट से पलटवार करते हुए लहूलुहान कर दिया।

मुढ़ारी गांव निवासी हलकुट्टा (22) और 30 वर्षीय युवराज दोस्त थे। एक साल पहले हलकुट्टा ने युवराज से 1000 रुपये का उधार लिया था, जो दोनो दोस्तों के बीच विवाद की जड़ बन गई। हलकुट्टा हाल ही में दिल्ली से होली मनाने अपने गांव लौटा था। युवराज ने उससे ब्याज सहित 2000 रुपये की मांग की। हलकुट्टा ने बीमारी और त्योहार का हवाला देते हुए भुगतान के लिए दो घंटे का समय मांगा। आरोप है कि इसी बात पर युवराज ने आपा खो दिया और चाकू से हलकुट्टा के पेट पर तीन वार कर दिए।इस हमले के जवाब में हलकुट्टा ने पास पड़ी ईंट उठाकर युवराज के सिर पर मार दी। सड़क पर हुई इस मारपीट को देखकर लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस मामले में दोनों घायलों ने एक-दूसरे पर अलग-अलग आरोप लगाए हैं। हलकुट्टा का कहना है कि हमला 1000 रुपये के विवाद को लेकर हुआ। वहीं, युवराज का दावा है कि उसने जून 2024 में हलकुट्टा को 2000 रुपये दिए थे और पैसे मांगने पर हलकुट्टा ने हमला किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के सकरौहा गांव में बुधवार होली के दिन एक युवक ने शराब के नशे में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया है। जानकारी के अनुसार सकरौहा निवासी कल्लू (36) मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक वह अक्सर शराब का सेवन करता था। उसकी पत्नी ने बताया कि होली के दिन भी उसने अधिक शराब पी रखी थी। मना करने के बावजूद भी उसने शराब पीना नहीं बंद किया। पत्नी के अनुसार घटना के समय वह शौच के लिए बाहर गई थी और बच्चे बाहर होली खेल रहे थे। सास-ससुर व जेठानी-जेठ खेत पर गये हुए थे। इसी दौरान कल्लू ने घर के अंदर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद लौटकर जब उसने दरवाजा खोला तो पति को फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। शोर मचाने पर बेटा आकाश (15) दौड़कर आया और पिता को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक के तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी आरती की शादी हो चुकी है, जबकि बेटा आकाश (15) और बेटी नंदनी (13) घर पर ही रहते हैं। पत्नी ने बताया कि किसी से कोई विवाद या झगड़ा नहीं हुआ था। सूचना मिलने पर आज गुरुवार को मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चीरघर भेज दिया।

### घास में आग लगने से मचा हड़कंप

**कालपी-जालौन।** बुधवार शाम क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर के पास बंजर भूमि में खड़ी घास में आग लग गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अग्नि शमन दल ने घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे घरों तक आग नहीं पहुंच सकी। मौसम में परिवर्तन के साथ आग की घटनाएं आनी शुरू हो गई है जिसके तहत बुधवार शाम क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर में ग्रामीण होली मना रहे थे। इसी दौरान गांव के पास बंजर भूमि में खड़ी घास में आग लग गयी थी और लोग जब तक समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मामले की जानकारी गांव में मौजूद समाज सेवी अनुराग पंडित द्वारा प्रशासन को दी गई थी। आग की सूचना पाकर एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह तथा कोतवाली प्रभारी अजय ब्रहम तिवारी अग्नि शमन दल के साथ मौके पर पहुंच गए लेकिन आग तब तक काफी बडे क्षेत्रफल में फैल चुकी थी, जिससे आग पर काबू पाने में अग्निशमन दल को घण्टों मशक्कत करनी पड़ी। समय रहते आग पर काबू पा लेने से आग गांव तक नहीं पहुंच सकी। एसडीएम के मुताबिक अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया गया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# होली के रंगों से सराबोर हुआ तन और मन

## जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और एसपी अरुण कुमार सिंह सहित अधिकारियों ने एक-दूसरे को दी बधाई



मऊ में होली खेलने के बाद मौजूद युवक। अमृत विचार



पुलिस लाइन परिसर में रंग खेलते एसपी अरुण सिंह व अन्य लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कभी डकैतों की बंदूकों की गूंज और भय के साए में रहने वाला चित्रकूट का पाठा क्षेत्र अब बदल चुका है, जिस इलाके में पहले त्योहार भी डर के बीच मनाए जाते थे, वहां अब गांवों में फूल और गुलाल से होली खेलकर लोग भाईचारे और उल्लास के साथ पर्व मना रहे हैं।

अब गांवों में होली के अवसर पर जबरदस्त रंग और उत्साह दिखाई देता है। ग्रामीण रंग, फूल और गुलाल से होली खेलते हुए आपसी सौहार्द का संदेश दे रहे हैं। सभी लोग होली की मस्ती में झूमते नजर आये। जिला मुख्यालय पर भी होली का उत्साह देखने को मिला। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

राजापुर थाने के ग्राम पंचायत रगौली सचिवालय में होली मिलन व फाग समारोह आयोजित हुआ। यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी फूलचंद यादव रहे। कार्यक्रम में राकेश द्विवेदी, कमलेश कुमार पांडेय, कृष्ण दत्त द्विवेदी, महेश दत्त द्विवेदी, अन्नू मिश्रा, सुनील पांडेय, हरिशंकर पांडेय, अजीत मिश्रा, अवनीश पांडेय, संतोष त्रिपाठी और ओमप्रकाश मिश्रा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**मऊ में धूमधाम से खेली गई होली, फगुआ गाकर झूमे लोग:** क्षेत्र की प्राचीन बैजला परंपरा के अनुसार होली के अगले दिन गुरुवार को मऊ सहित आसपास के 24 गांवों में रंगों का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे और पूरा क्षेत्र के सभी लोग रंगों से सराबोर नजर आया।

दोपहर में पारंपरिक फगुआ जुलूस निकला, जिसमें फगुआरों की टोली ने फाग गीत गाकर माहौल को उत्सवमय बना दिया। इस दौरान मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के आवास पर भी लोग पहुंचकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक एकता और भाईचारे का पर्व है।

त्योहार के दौरान क्षेत्राधिकारी फहद अली के नेतृत्व में पुलिस गश्त करती रही। प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर अंजनी कुमार सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में मुस्तैद रहे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क रही, ताकि लोग त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मना सकें।

# यमुना में नहाते समय 10वीं के छात्र की डूबने से गई जान

संवाददाता मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले के मऊ तहसील क्षेत्र में यमुना नदी में बुधवार को नहाने के दौरान एक 16 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई। घटना महिला पुल के पास की बताई जा रही है। छात्र अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था, तभी वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। बुधवार सुबह करीब 10 बजे आनंदी नगर निवासी शुभ मिश्रा उर्फ शिवांश अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था। दोपहर तक उसका फोन न उठने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।



शुभ मिश्रा।

शाम करीब 4 बजे शुभ के दोस्तों अमन पांडे और सचिन त्रिपाठी ने परिजनों को सूचना दी कि वे लोग कौशांबी क्षेत्र में आने वाले यमुना पुल के नीचे नहा रहे थे। इसी दौरान शुभ गहराई में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। डर के कारण वे घर चले गए और बाद में परिजनों को घटना की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि शुभ के पिता का निधन करीब 6 वर्ष पहले हो चुका है। वह दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ा था। उसकी मां पति के निधन के बाद एक बेटी के साथ मायके में रहती हैं। शुभ अपने 80 वर्षीय बाबा रामकृष्ण और छोटी बहन के साथ रहता था। उसका पालन-पोषण बाबा खेती करके करते थे। शुभ मऊ स्थित पंडित पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलेज में दसवीं का छात्र था। शुभ की मां ज्योत्सना मिश्रा और बाबा रामकृष्ण मिश्रा का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर मऊ के उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन, क्षेत्राधिकारी फहद अली और थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह मौके पर पहुंचे। कौशाम्बी सीओ जनेश्वर प्रसाद पांडेय ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद दिन गुरुवार को शाम चार बजे के आस पास यमुना से शव खोजा गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्यवाई की जा रही है। देर शाम तक घटनास्थल पर पुलिस बल और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही।

# हादसा : ट्रैक्टर पलटने से नीचे दबकर दो मजदूरों की गई जान

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- मेहनत-मजदूरी कर परिवार पाल रहे थे दोनों, खबर पहुंचते ही गांवों में मचा कोहराम, त्योहार के रंग पड़े फीके

**अमृत विचार।** चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। भौंरी बाजार के पास सामान लेने जा रहा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसके नीचे दबकर दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और मृतकों के घरों में मातम छा गया।

मृतकों की पहचान अर्पित मिश्रा पुत्र रामशिया निवासी भौंरी और इल्ली उर्फ फूलचंद्र 45 पुत्र श्यामलाल के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों मजदूर धान दराई मशीन के साथ काम करते थे और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक बुधवार देर रात दोनों मजदूर ट्रैक्टर से भौंरी बाजार कुछ सामान लेने जा रहे थे। बाजार पहुंचने से पहले ही रास्ते में ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। देखते ही देखते दोनों उसके नीचे दब गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे दोनों मजदूरों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची रैपुरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

जैसे ही इस हादसे की खबर मृतकों के घर पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेसुध हो गए। वहीं रैपुरा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से दो लोगों की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**चित्रकूट।** सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर रात तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में शैलेंद्र उर्फ गोलू पुत्र रसिक लाल निवासी इटरौर भीखमपुर (28) की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मनजीत को प्राथमिक उपचार के बाद दिवाकर अस्पताल रेफर किया गया है। उधर जिला अस्पताल पहुंचे परिजन और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर धरने पर बैठे भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि डाक्टरों की लापरवाही से शैलेन्द्र की मौत हुई है क्योंकि डॉक्टरों ने इलाज नहीं किया बल्कि शराब पी रहे थे। उनके कमरे से शराब की बोतलें मिली हैं अगर इस मामले पर उच्च जांच नहीं हुई तो आन्दोलन बड़ा रूप लेगा। घटना से आक्रोशित परिजनों ने जिला अस्पताल परिसर में शव रखकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत साथी हुआ घायल

**चित्रकूट।** जनपद के भरतकूप थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों बाजार से सामान लेकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान भरथौल गांव निवासी छोटू (35) पुत्र सूरजदीन के रूप में हुई है। वह पेशे से ट्रक ड्राइवर था। परिवार में उसकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। परिजनों के मुताबिक, छोटू बुधवार देर रात अपने साथी प्रमोद के साथ खोह बाजार सामान लेने गया था। बाजार से वापस घर लौटते समय रास्ते में बाइक अचानक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छोटू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस और परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल प्रमोद को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

# होली पर रही रंगों की धूम जमकर उड़ा अबीर गुलाल

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** शहर के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में बुधवार को चारों तरफ होली की धूम मची रही। उसके बाद गुरुवार को भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को टीका लगाया। बुधवार को हर कोई होली के रंग में रंगा हुआ था। सुबह से ही बच्चों की टोलियां घरों से निकल पड़ीं और एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया। वहीं जिलाधिकारी आवास पर भी जिलाधिकारी ने अपने मातहतों संग जमकर होली खेली और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

बुधवार को सुबह से ही बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों की मस्ती में झूमते नजर आये। गली- मोहल्लों में मस्ती के साथ होली खेली गई। होली गीतों के बीच श्रद्धालु जमकर झूमते रहे। लोगों ने एक दूसरे को जमकर रंग लगाने के साथ साथ होली की शुभकामनायें दीं। महिलाएं भी घरों से निकलीं और टोलियों में जाकर एक दूसरे को होली की बधाइयां दीं। होरियारों की टोली मंडली के साथ जगह जगह फाग गाते हुए घूमते रही। रंगों के इस पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं देने का चलन रंगपंचमी तक चलेगा। इसी तरह जिलाधिकारी राकेश पांडेय के आवास पर भी जमकर होली खेली गई। यहां पर तमाम प्रशासनिक अधिकारी सुबह 11 बजे उनके आवास पर पहुंचे और जमकर होली खेली। होली के बाद सभी को जलपान की व्यवस्था भी की गई। होली के चलते बुधवार को शराब ठेकों पर ताला लटकता रहा और पुलिस का भी पहरा रहा। हालांकि शाम को कुछ घण्टो के लिए बिक्री पर छूट रही थी फिर भी अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस की गश्त तेज रही। वहीं होली के अगले दिन दिन गुरुवार को भाई दूज का त्योहार मनाया गया। इसी दिन कायस्थ समाज द्वारा चित्रगुप्त पूजा भी की गई। भाई दूज पर बहनों भाई की कुशलता एवं लंबी उम्र की कामना के लिए घरों में पूजन किया और इसके बाद भाई को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाया।

**होली मिलन कार्यक्रम भी हुए आयोजित:** गुरुवार को समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नगर में होली मिलन समारोह भी आयोजित किए गए, जिसमें बिहारी घाट पर हसन्तु घुमन्तू क्लब द्वारा होली मिलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं काली देवी मन्दिर समिति द्वारा भी होली मिलन समारोह आयोजित हुआ, जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।



उरई में होली खेलते जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार



भाईदूज पर भाइयों को टीका करती बहनें। अमृत विचार

### गुरुवार को पुलिस ने मनाई होली, उड़ाया गुलाल

होली का त्योहार शान्ति एवं सदभाव से मनाया जाए कही किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर विगत तीन दिनों से पुलिस अलर्ट पर थी। पुलिस की मुस्तैदी के चलते होली का त्योहार शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। त्योहार शांतिपूर्ण निपटाने के बाद गुरुवार को पुलिस ने भी जमकर होली खेली। इस दौरान कोतवाली मे डीजे लगाकर तथा पद का अन्तर भूल कर सभी पुलिस कर्मियों ने होली का जश्न मनाया।

# रोजेदारों ने देश में अमन चैन की मांगी दुआ



रोजा अफ्तार पार्टी में मौजूद रोजेदार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** रमजान के पाक माह में मोहल्ला चिमनदुबे में इमरान अंसारी के आवास पर रोजा अफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोला और देश में अमन व चैन की दुआएं मांगी।

रमजान के पाक माह में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। रोजेदारों को अफ्तार कराना भी नेक काम है। इसी को लेकर सपा नेता इमरान अंसारी के आवास पर रोजा अफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। सूर्यास्त होने पर निर्धारित समय पर अजान होते ही रोजेदारों ने खजूर और पानी के साथ रोजा खोला। इसके बाद नमाज अदा की गई और सभी ने मिलकर अफ्तार के विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। अफ्तार में खजूर, फल, शरबत व अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। मौलाना खालिद रहमानी ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, संयम और भाईचारे का संदेश देता है। रोजा रखने से इंसान में सब्र और सहनशीलता का भाव विकसित होता है तथा वह जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील बनता है। सामूहिक अफ्तार जैसे आयोजन समाज में आपसी मेलजोल और एकता को और मजबूत बनाते हैं। इमरान अंसारी ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ाने का काम करते हैं और लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं। रोजा अफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद देश में अमन, सुकून और समृद्धि की दुआएं मांगी गई। इस मौके पर सुलेमान अंसारी, जाकिर सिद्दीकी, इरशाद, अंसारी, इरफान अंसारी, जीशान अंसारी, साबिर अंसारी रहे।

# रंग लगाने के बहाने अश्लीलता का आरोप

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक घर में अकेली किशोरी के साथ रंग लगाने के बहाने अश्लीलता करने का मामला सामने आया है।

बुधवार देरशाम यमुना पटटी स्थित एक ग्राम में रात के दौरान घर में अकेली किशोरी के साथ रंग लगाने के नाम पर अश्लीलता का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने गुरुवार को पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह रात लगभग 9 बजे घर से बाहर गयी थी। घर पर उसकी पुत्री अकेली थी। इसी दौरान गांव निवासी सगे भाई शेरा, कल्लू व धर्मेन्द्र तथा रामभरोसे घर में घुस आए थे और पुत्री को रंग लगाने के लिए पकड़ लिया था, जिसका उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर उसको कमरे के अन्दर भी खीचने लगे। तभी उसके वापस आ जाने पर सभी उसे धमकी देते हुए भाग गये। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी के अनुसार मामला सन्दिग्ध लग रहा है। इसलिए मामले की जांच कराई जा रही है।

# मनरेगा में जारी अनियमितताओं की जांच करने की उठाई मांग

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** महेवा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेखपुर गुढा मे मनरेगा के नाम पर खेल जारी है। ग्राम प्रधान और सम्बंधित की मिलीभगत से 171 मजदूर सम्पर्क मार्ग में काम कर रहे है लेकिन हकीकत में वहां कुछ भी नहीं है।

शासन ने मनरेगा मे गड़बड़ी रोकने के लिए नियम कड़े कर नाम भी परिवर्तित कर दिया हालांकि अभी नयी व्यवस्था लागू नहीं हुई है पर व्यवस्था पहले से ही आनलाईन है, जिसमें मजदूरों की हाजिरी के साथ कार्यस्थल का भी योजना की वेबसाइट पर देखा जा सकता है ,लेकिन इसके बाद भी गड़बड़ी बन्द नहीं है। ग्राम प्रधान और सम्बंधित मिलकर सरकारी धन को ठिकाने लगाने मे लगे हैं। योजना में गड़बड़ी का ताजा मामला महेवा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेखपुर गुढा से सामने आया है, जंहा ग्राम पंचायत द्वारा गांव स्थित अशोक के मकान से पंकज के खेत तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जाना दर्शाया गया है, जबकि उक्त सम्पर्क मार्ग पहले से ही बना हुआ है। वहीं उक्त मार्ग को बनाने में 171 मजदूर काम कर रहे हैं लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं है। होली के त्योहार पर भी यहां पर मजदूर काम कर रहे हैं, जबकि वहां काम शुरू भी नहीं हुआ है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना में भारी फर्जीवाड़ा हुआ है अगर सभी कार्यो की जांच हो जाए तो हकीकत सामने आ जाएगी लेकिन ग्राम प्रधान की दबंगई के चलते कोई शिकायत करने का साहस नही कर पाता है। वहीं खण्ड विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह के अनुसार मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी और अगर काम में गड़बड़ी मिली तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**मनोनयन** गहोई उत्थान समिति का हुआ गठन, होली मिलन समारोह का आयोजन भी हुआ

# विवेक सोनी अध्यक्ष व संतोष बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** गहोई उत्थान समिति के निर्वाचन में विवेक सोनी को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान गहोई समाज का होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया।

स्थानीय गहोई भवन में गहोई उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित निर्वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। समाज के वरिष्ठजन श्रीराम बहरे, राजेश सुहाने, अनंत कुरेले, संतोष गुप्ता (सिकरी वाले), सोहन गांधी, राधेश्याम गांधी, राजबहादुर कनकने व शिव कुमार कनकने की उपस्थिति में निर्वाचन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसमें संपूर्ण कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से की गई। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से विवेक सोनी को अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता को महामंत्री व नीरज कुमार छिरौल्या को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। गहोई क्लब के अध्यक्ष पद पर श्याम गुप्ता, महामंत्री पद पर गौरव छिरौल्या व कोषाध्यक्ष पद पर राहुल गुप्ता के नामों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में आकाश कठिल समेत समाज के लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष समेत कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया। अंत में फूलों की होली होकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन महेश चौधरी ने किया। इस मौके पर गौरव कस्तवार आदि रहे।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते समिति के लोग। अमृत विचार

# अमृत विचार

शुक्रवार, 6 मार्च 2026



अगर आप केवल भविष्य के विषय में ही सोचते रहेंगे, तो वर्तमान को भी खो देंगे।
–गुरु गोबिंद सिंह

## ऊर्जा संकट के संकेत

ईरान के दावे और अमेरिका तथा इसराइल के बयानों से लगता है कि पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुकी यह जंग लंबी खिंच सकती है। यह टकराव कुछ सप्ताह से आगे बढ़ता है, तो भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए आर्थिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। हमारी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल बाहर से और उसका बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से बरास्ता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए प्रतिदिन आता है। इसके बाधित होने से तेल आपूर्ति व कीमत दोनों पर गंभीर दबाव पड़ेगा।

भारत के पास विशुद्ध रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 10 दिन के आयात के बराबर है, जबकि सार्वजनिक और निजी कंपनियों के पास वाणिज्यिक स्टॉक मिलाकर कुल भंडार लगभग 70 दिन तक माना जाता है। यही कारण है कि आधिकारिक और अनौपचारिक आंकड़ों में अंतर दिखाई देता है। युद्ध तीन सप्ताह से अधिक खिंचने और होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने की आशंका गलत नहीं है। इससे भारत का आयात बिल और चालू खाते का घाटा बढ़ेगा, तो रुपये पर दबाव पड़ेगा। ईंधन महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी। फलतः खाद्य वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा की सेवाओं तक कीमतें बढ़ जाएंगी। थोड़ी राहत उन जहाजों से मिल सकती है, जो पहले ही होर्मुज पार कर चुके हैं या रूसी तेल लेकर समुद्र में खड़े हैं। ये कुछ दिनों या हफ्तों की आपूर्ति बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं हैं। ऐसे में भारत को वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। पश्चिम अफ्रीका-विशेषकर नाइजीरिया और अंगोला तथा दक्षिण अमेरिकी देशों से तेल आयात एक विकल्प हो सकता है, हालांकि इन स्रोतों से तेल लाने की दूरी अधिक होने से परिवहन लागत बढ़ेगी। अमेरिकी दबाव के बावजूद, यदि वैश्विक संकट गहराता है तो भारत को रूस से तेल खरीद कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी जोखिम कम नहीं है। खाड़ी क्षेत्र से एलएनजी आपूर्ति बाधित होने की आशंका और कतर के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले की खबरें चिंता बढ़ाती हैं। यदि आयातित गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो पीएनजी और सीएनजी की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। ऐसे में घरेलू उत्पादन बढ़ाने, एलएनजी के वैकल्पिक अनुबंध करने और उद्योगों को प्राथमिकता-आधारित वितरण नीति अपनाने की आवश्यकता पड़ सकती है। आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण, अतिरिक्त एलएनजी कार्गो की व्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भंडार बनाए रखने के निर्देश इसके संकेत हैं।

सरकार बाजार की अस्थिरता के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने की हर संभव कोशिश करेगी। वह रिफाइनरियों से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर अस्थायी नियंत्रण लगा सकती है, ताकि घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित रहे। व्यापार मार्गों में बदलाव और रणनीतिक भंडार का नियंत्रित उपयोग भी विकल्प हो सकते हैं। इस आसन्न संकट ने याद दिलाया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए मात्र आयात पर निर्भरता तज कर देश की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक समाधान के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा, घरेलू गैस उत्पादन और रणनीतिक भंडार क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेज़ कदम तत्काल उठाने होंगे।

### प्रसंगवश

## भारतीय इतिहास के नक्षत्र छत्रपति शिवाजी महाराज

भारत के इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था।

पंचांग के अनुसार शिवाजी का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया छह मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर छह मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहींस बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था।

मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना, उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया।

1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1663 में उन्होंने मुगल सूबेदार शाइस्ता खान पर पुणे में साहसिक आक्रमण कर उसे अपमानित होकर भागने को विवश किया। 1666 में आगरा दरबार में बंदी बनाए जाने के बाद उनका अद्भुत पलायन उनकी बुद्धिमत्ता और धैर्य का परिचायक है। वे विपत्ति में भी अवसर खोज लेते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# 'युद्ध-भय': भारत को आर्थिक पैटर्न बदलने की जरूरत





प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

भारत का 'युद्ध-भय' सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुंचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है। निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

इस 'युद्ध-भय' की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुंचा, महंगाई सात प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा। कहीं दूर युद्ध और यहां विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक 'युद्ध-भय' को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है।

जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहां से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था, जहां महंगाई काबू में और विकास संतुलित था, अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है।

ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महंगा होता है, तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम 'ऊर्जा झटके' को 'मुद्रास्फीति तूफान' में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है। यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है, तो विदेशी ऋण महंगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महंगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है। ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। 'युद्ध-भय' इसलिए भी गहरा है, क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है।

पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पांच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएं पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब 'युद्ध-भय' आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है।

यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो 'युद्ध-भय' स्थायी नियति नहीं रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के करीब पहुंच गया है, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भारत को मजबूत नेतृत्व की जरूरत, लेकिन देश के पास समझौता कर चुके प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता किया है।

–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

चीन ने वर्षों तक ईरान का कूटनीतिक समर्थन किया और उसका तेल खरीदा, लेकिन अब उससे दूरी बना रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस ईरान के लिए भारत का आंख बंद करके समर्थन चाहती है, जबकि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है और वहां लाखों भारतीय रहते हैं और काम करते हैं।

–अमित मालवीय
भाजपा प्रवक्ता



# राज्यसभा चुनाव में एनडीए को हो सकता है लाभ



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

साल 2026 का राज्यसभा चुनाव भारतीय राजनीति के लिए केवल नियमित संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन के पुनर्निर्धारण का वर्ष साबित हो सकता है। राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से लगभग 72 से 75 सीटें वर्षभर में विभिन्न चरणों में रिक्त हो रही हैं। मार्च में 37 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि शेष सीटों पर अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में चुनाव होंगे। इन चुनावों का सीधा असर केंद्र की विधायी रणनीति और विपक्ष की प्रभावशीलता पर पड़ेगा, क्योंकि उच्च सदन में बहुमत का समीकरण कई महत्वपूर्ण विधेयकों की दिशा तय करता है।

ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सदन में भाजपा के पास 103 सीटें, कांग्रेस के पास 27, तृणमूल कांग्रेस के 12, आम आदमी पार्टी के पास 10, द्रमुक की 10, बीजद की सात, वाईएसआरसीपी की पांच और अन्नाद्रमुक के सात सदस्य हैं। सात सदस्य नामित श्रेणी में हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की कुल ताकत लगभग 121 के आसपास मानी जा रही है, जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक करीब 80 सीटों के साथ मौजूद है। मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को सात से नौ सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है, जिससे उसकी संख्या 140 के पार जा सकती है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन को लगभग पांच सीटों का नुकसान संभव है।

मार्च में जिन 37 सीटों पर चुनाव होंगे, वे महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से संबंधित हैं। इन राज्यों की विधानसभा संरचना ही परिणामों का आधार बनेगी। राज्यसभा के चुनाव प्रत्यक्ष जनमत से नहीं, बल्कि निर्वाचित विधायकों के वोट से होते हैं। प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और विधायकों की कुल संख्या के आधार पर 'कोटा' तय किया जाता है। सूत्र है- कुल विधायक संख्या को (सीटें +1) से भाग देकर उसमें एक जोड़ दिया जाता है। यही न्यूनतम मत संख्या है, जो किसी उम्मीदवार को प्रथम वरीयता के आधार पर जीत के लिए चाहिए।

मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को 7–9 सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है।

बिहार का उदाहरण इस गणित को स्पष्ट करता है। वहां विधानसभा में 243 सदस्य हैं और इस चरण में पांच सीटों पर चुनाव होना है। सूत्र के अनुसार 243 को 6 से भाग देने पर 40.5 आता है, उसमें एक जोड़ने पर कोटा 41.5 बनता है, जिसे व्यावहारिक रूप से 42 माना जाता है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं। इस आधार पर वह चार सीटें सहजता से जीत सकता है, क्योंकि 202 को 42 से भाग देने पर चार पूर्ण कोटे बनते हैं। इसके बाद उसके पास 38 वोट शेष रहते हैं। पांचवीं सीट के लिए उसे कम से कम तीन अतिरिक्त विधायकों का समर्थन चाहिए। यही वह बिंदु है, जहां सियासी रणनीति और क्रॉस वोटिंग की संभावनाएं अहम हो जाती हैं।

बिहार में एनडीए के घटक दलों में भाजपा के 89 और जदयू के 85 विधायक हैं। इसके अतिरिक्त लोजपा (रामविलास), हम और अन्य सहयोगियों को मिलाकर संख्या 202 तक पहुंचती है। दूसरी ओर महागठबंधन में राजद के 25, कांग्रेस के छह और वामदलों के तीन विधायक हैं। इनके अलावा पांच विधायक एआईएमआईएम और एक विधायक बसपा का है, जो किसी खेमे में औपचारिक रूप से शामिल नहीं हैं। महागठबंधन की कुल संख्या 35 है, जो एक सीट के लिए भी पर्याप्त नहीं। यदि विपक्ष एआईएमआईएम और बसपा का समर्थन जुटा ले, तब भी उसे कोटा पूरा करने के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता रहेगी। इसीलिए बिहार में पांचवीं सीट का मुकाबला केवल गणित नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास और रणनीतिक तालमेल का प्रश्न बन गया है।

एनडीए की रणनीति स्पष्ट है कि वह चार सुनिश्चित सीटों के बाद पांचवीं पर भी दांव लगाए। इसके लिए बसपा के विधायक, महागठबंधन से जुड़े कुछ असंतुष्ट चेहरों या निर्दलीय समर्थन पर नजर है। वहीं विपक्ष भी यह समझता है कि यदि वह एकजुट होकर एक ही उम्मीदवार उतारे और अतिरिक्त समर्थन सुनिश्चित करे तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। किंतु यदि विपक्षी खेमे से एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में आते हैं, तो प्रथम वरीयता के वोटों के बंटवारे से एनडीए को लाभ मिल सकता है।

राष्ट्रीय स्तर पर भी यही गणित कई राज्यों में दोहराया जा रहा है। महाराष्ट्र में हालिया विधानसभा परिणामों ने एनडीए को बढ़त दी है, जिससे वहां अतिरिक्त सीट मिलने की संभावना है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भी क्षेत्रीय दलों की बदली ताकत का असर दिख सकता है। गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा में भाजपा की स्थिति मजबूत होने से विपक्ष की सीटें घट सकती हैं। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में सीमित नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है, परंतु कुल मिलाकर संतुलन एनडीए के पक्ष में झुकता दिखाई देता है। इन चुनावों का एक प्रतीकात्मक पहलू भी है। कई वरिष्ठ नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कायर और क्रांतिकारी

चे ग्वेरा को उनके छुपने की जगह से पकड़ा गया, क्योंकि एक चरवाहे ने उसकी सूचना दी थी! तो किसी ने उस चरवाहे से पूछा– 'तुमने उस आदमी की शिकायत क्यों की, जिसने अपनी पूरी ज़िंदगी तुम्हारे जैसे लोगों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए गुज़ारी?'

चरवाहा बोला, 'उसकी दुश्मन से लड़ाई मेरी भेड़ों को डरा देती थी।'



आरती सिंह
ब्लॉगर

इसी तरह जब मिस्र में मोहम्मद करीम ने नेपोलियन के नेतृत्व में आई फ्रांसीसी सेना का डटकर मुकाबला किया, तो अंत में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसे फांसी की सज़ा सुनाई गई। नेपोलियन ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, 'मुझे अफसोस है कि मैं तुम्हें मारूंगा, क्योंकि तुमने बहादुरी से अपने देश की रक्षा की। मैं नहीं चाहता कि इतिहास मुझे उन लोगों में गिने जो अपने देश के रक्षकों को मार डालते हैं, इसलिए मैं तुम्हें माफ़ कर सकता हूं, लेकिन एक शर्त पर.... तुम्हें मेरे सैनिकों की मौत के बदले दस हज़ार सोने की मुद्राएं भरपाई के रूप में देनी होंगी।'

मोहम्मद करीम ने कहा, 'मेरे पास इतना पैसा नहीं है, लेकिन व्यापारियों पर मेरा सौ हज़ार सोने की मुद्राओं से भी ज़्यादा का क़र्ज़ है।'

नेपोलियन बोला, 'ठीक है, मैं तुम्हें समय देता हूं। जाओ, उनसे वसूल कर लो।'

इसके बाद मोहम्मद करीम जंजीरों में जकड़ा हुआ और फ्रांसीसी सैनिकों से घिरा हुआ बाज़ार में गया। वह अपने देशवासियों से आशा लेकर गया था, जिनकी स्वतंत्रता के लिए उसने अपनी जान तक दांव पर लगा दी थी, लेकिन किसी व्यापारी ने उसकी मदद नहीं की, बल्कि उल्टा उसे ही दोष देने लगे, 'इसी की वजह से अलेक्ज़ान्द्रिया बर्बाद हो गया। इसी की वजह से हमारा कारोबार तबाह हुआ।'

मायूस होकर वह नेपोलियन के पास लौटा।

नेपोलियन ने कहा, 'अब मेरे पास तुम्हें मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, लेकिन सुनो! मैं तुम्हें इसलिए नहीं मार रहा कि तुमने हमारे सैनिकों को मारा, बल्कि इसलिए कि तुमने अपनी जान उन लोगों के लिए कुर्बान कर दी, जो डरपोक और स्वार्थी हैं, जिन्हें अपनी आज़ादी से ज़्यादा अपने कारोबार की फिक्र है।'

जैसा कि मोहम्मद रशीद रिदा ने कहा, 'एक अंधे समाज के लिए क्रांतिकारी वही है, जैसे कोई आदमी अपने शरीर को जला कर रोशनी करे, लेकिन जिस रास्ते पर चलने वाला ही अंधा हो।'

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## महिला सशक्तीकरण से बदल रही यूपी की सूरत

उत्तर प्रदेश की गलियों, गांवों और कस्बों में आज एक शांत, लेकिन गहरा बदलाव महसूस किया जा सकता है। यह बदलाव केवल आधारभूत संरचनाओं का नहीं, बल्कि सोच, अवसर और भागीदारी का है। जिन महिलाओं की भूमिका कभी घर की चौखट तक सीमित मानी जाती थी, वे अब शिक्षा, रोजगार, प्रशासन, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह परिवर्तन एक दिन में नहीं आया, बल्कि वर्षों की सामाजिक चेतना, सरकारी पहलों और महिलाओं के आत्मविश्वास का परिणाम है। आज महिला सशक्तिकरण राज्य की विकास यात्रा का अनिवार्य अध्याय बन चुका है।

वहीं उत्तर प्रदेश में शिक्षा इस परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 'बेटी पढ़ेगी तो समाज बढ़ेगा' जैसी सोच अब केवल नारा नहीं रही। केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने समाज में जागरूकता का वातावरण बनाया, वहीं राज्य स्तर पर छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और साइकिल वितरण जैसी योजनाओं ने बालिकाओं की विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी माता-पिता अब बेटियों की शिक्षा के प्रति अधिक सजग हुए हैं, हालांकि उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक समान पहुंच अब भी चुनौती है, विशेषकर दूरदराज़ क्षेत्रों में। फिर भी यह बदलाव आश्वस्त करता है कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।



धनीश शर्मा
लेखक

आज राज्य में आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने सामाजिक समीकरणों को नई दिशा दी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कार्यों में सक्रिय हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत इन समूहों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका मजबूत हुई है। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप संस्कृति में भी महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ रही है। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने महिलाओं के आत्मसम्मान और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ किया है। अब वे केवल परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाली नहीं, बल्कि आय और विकास की सहभागी भी हैं।

राजनीतिक सहभागिता ने इस परिवर्तन को और गहराई दी है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में आरक्षण के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनी हैं। ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और पार्षद के रूप में वे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पेयजल जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यद्यपि कुछ स्थानों पर 'प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व' की समस्या देखी जाती है, फिर भी यह अनुभव महिलाओं को नेतृत्व और प्रशासन की समझ प्रदान कर रहा है। यह सहभागिता आने वाले समय में व्यापक राजनीतिक सशक्तिकरण का आधार बन सकती है।

सरकार ने वूमेन पॉवर लाइन 1090 और मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। 1090 हेल्पलाइन विशेष रूप से छेड़छाड़, स्टॉकिंग और साइबर उत्पीड़न जैसी शिकायतों के समाधान के लिए संचालित की जाती है, जहां शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों तथा महिला पुलिस थानों की स्थापना से सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिला है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## खोज

# इंटरनेट का आविष्कार

आज इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जानकारी प्राप्त करना, ई-मेल भेजना, वीडियो देखना, ऑनलाइन खरीदारी करना या दुनियाभर के लोगों से जुड़ना- ये सब इंटरनेट की बदौलत संभव हुआ है, लेकिन इसका विकास एक दिन में नहीं हुआ, बल्कि कई वैज्ञानिकों और दशकों के शोध का परिणाम है। इंटरनेट की शुरुआत 1960 के दशक में हुई। उस समय अमेरिका में शीत युद्ध का दौर था और अमेरिकी रक्षा विभाग चाहता था कि ऐसा संचार तंत्र बनाया जाए, जो किसी आपात स्थिति या हमले की स्थिति में भी काम करता रहे। इसी उद्देश्य से अमेरिकी रक्षा विभाग की संस्था ARPA (Advanced Research Projects Agency) ने एक परियोजना शुरू की, जिसे ARPANET कहा गया। 1969 में ARPANET के माध्यम से पहली बार दो कंप्यूटरों को आपस में जोड़ा गया। पहला नेटवर्क कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेलिस (UCLA) और स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के कंप्यूटरों के बीच स्थापित हुआ। इसी घटना को इंटरनेट के जन्म की शुरुआत माना जाता है। इंटरनेट किसी एक व्यक्ति का आविष्कार नहीं है, बल्कि कई वैज्ञानिकों के योगदान का परिणाम है। फिर भी दो वैज्ञानिकों को इंटरनेट का प्रमुख जनक माना जाता है विंटन सर्फ और बॉब कान।



1970 के दशक में इन दोनों वैज्ञानिकों ने मिलकर TCP/IP (Transmission Control Protocol / Internet Protocol) नामक संचार प्रणाली विकसित की। यही तकनीक विभिन्न कंप्यूटर नेटवर्कों को आपस में जोड़ने का आधार बनी। 1 जनवरी 1983 को ARPANET ने आधिकारिक रूप से TCP/IP को अपनाया और यहीं से आधुनिक इंटरनेट की वास्तविक शुरुआत मानी जाती है।

## वैज्ञानिक के बारे में



विंटन सर्फ का जन्म 23 जून 1943 को अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य के न्यू हेवन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें गणित व विज्ञान में गहरी रुचि थी। उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में पीएचडी की। सर्फ बचपन से आंशिक रूप से श्रवण बाधित थे, इसलिए उन्होंने संचार तकनीक के महत्व को बहुत करीब से महसूस किया। उन्होंने इंटरनेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें अक्सर "इंटरनेट का जनक" कहा जाता है।

वहीं बॉब कान का जन्म 23 दिसंबर 1938 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में हुआ। उन्होंने सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की। उन्हें बचपन से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार तकनीक में रुचि थी। वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने नेटवर्किंग तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर तब, जब चंद्रमा में कोई बदलाव आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक



# ऐसा था साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण

### भारत में चंद्र ग्रहण

भारत में साल का पहला चंद्र ग्रहण का प्रारंभ बीती 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे हुआ। इसकी पूर्णता का प्रारंभ शाम 4:34 बजे रहा, समाप्ति शाम 5:33 बजे हुई और संपूर्ण ग्रहण की समाप्ति शाम 6:48 बजे हुई, लेकिन देश के तमाम हिस्सों में बचा-खुचा चंद्र ग्रहण यानी आंशिक चंद्र ग्रहण ही दिखाई दिया।

### अंब्रा और पेनअंब्रा

ग्रहण के दौरान दो छायाएं बनती हैं। पहली छाया को प्रच्छाया (अंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते यह छाया छोटी होती जाती है। यह ग्रहण की छाया का गहरा केंद्र होता है। दूसरी छाया को उपछाया (पेनअंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते उपछाया बड़ी होती जाती है। अर्थात् उपछाया चंद्रमा की छाया का बाहरी भाग होता है। यह वह जगह है, जहां प्रकाश आंशिक रूप से ही अवरुद्ध होता है।

### पूर्ण व आंशिक चंद्र ग्रहण

देश के कई हिस्सों में इस चंद्र ग्रहण को चंद्र उदय के साथ आंशिक रूप से देखा गया। अपने उदय के समय ही चंद्रमा हल्की लालिमा लिए नजर आया। ध्यान रहे, मुख्य छाया (अम्ब्रा), ग्रहण की अंधेरी, घनी छाया होती है। चंद्रमा इसमें पूरी तरह घुस जाए तो पूर्ण ग्रहण लगता है और चंद्रमा लाल-कॉपर रंग का हो जाता है अर्थात् सूर्य की रोशनी पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ती है और चंद्रमा पर लाल-भूरा रंग डालती है, इसे रक्त चंद्रमा (ब्लडमून) कहते हैं। वहीं उपछाया (पेनअम्ब्रा), ग्रहण की बाहरी हल्की छाया होती है। चंद्रमा इसमें गुजरने पर सिर्फ थोड़ा धुंधला या मंद दिखता है, कोई बड़ा रंग परिवर्तन नहीं होता। जैसा की इस बार आंशिक चंद्र ग्रहण के समय दिखाई दिया।

पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की प्रच्छाया से आवृत हो जाता है तथा आंशिक चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब चंद्रमा का एक हिस्सा ही पृथ्वी की प्रच्छाया से ढक पाता है। अर्थात् जब पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया पृथ्वी पर पड़ती है, तब पूर्ण चंद्रग्रहण होता है। इस दौरान चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दिया, जिसे ब्लडमून कहा जाता है। इस बार पूर्ण चंद्र ग्रहण की घटना घटित हुई, लेकिन यह भारत के





अधिकांश स्थानों पर चंद्रोदय के समय चंद्र ग्रहण का समापन दिखाई दिया सिवाय उत्तर-पूर्वी भारत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ स्थानों के, जहां ग्रहण के पूर्ण चरण का अंत भी दिखाई दिया। देश की कई वैज्ञानिक संस्थाओं के आह्वान पर बच्चों और बुजुर्गों ने इस खगोलीय घटना को नंगी आंखों से देखने का आनंद लिया।

### क्या होती है ग्रहण ऋतु

जब सूर्य वर्ष में दो बार चंद्रमा की कक्षा के उन बिंदुओं के निकट पहुंचता है, जिन्हें राहु और केतु (नोड) कहा जाता है, तब लगभग 35-35 दिनों की दो विशेष अवधियां बनती हैं। इन्हीं अवधियों को ग्रहण ऋतु कहा जाता है। लगभग हर 173 दिन, यानी करीब छह महीने में, सूर्य एक नोड से दूसरे नोड के पास पहुंचता है और उसी समय यह ग्रहण ऋतु बनती है।



इस अवधि में ग्रहण होने की संभावना अधिक रहती है। सामान्यतः इस लगभग 35 दिनों की खिड़की में पहले अमावस्या के दिन सूर्यग्रहण हो सकता है। इसके लगभग 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है, जब चंद्र ग्रहण की संभावना बनती है। फिर करीब 15 दिन बाद अगली अमावस्या पर एक और सूर्यग्रहण संभव हो सकता है। इसलिए एक ही ग्रहण ऋतु में अधिकतम तीन ग्रहण हो सकते हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में सामान्यतः छह ग्रहण तक हो सकते हैं, हालांकि विशेष खगोलीय परिस्थितियों में कभी-कभी सात ग्रहण भी संभव हो जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से ग्रहण तभी संभव होता है, जब सूर्य चंद्र कक्षा के नोड से लगभग 15 डिग्री के भीतर हो। सूर्य आकाश में प्रतिदिन लगभग 1 डिग्री आगे बढ़ता है, इसलिए नोड से 15 डिग्री पहले और 15 डिग्री बाद तक का क्षेत्र लगभग 30 डिग्री का होता है। इसी कारण यह अवधि लगभग 30 दिनों के आसपास बनती है। वास्तविक खगोलीय परिस्थितियों के कारण यह सीमा लगभग 31 से 37 दिनों तक भी हो सकती है। इसी औसत अवधि के कारण लगभग 35 दिनों की ग्रहण ऋतु मानी जाती है, जिसके दौरान सूर्य और चंद्रमा की स्थिति ऐसी बनती है कि पृथ्वी से सूर्यग्रहण और चंद्र ग्रहण देखने की संभावना रहती है।

## वैज्ञानिक फैक्ट

# ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जमता है गर्म पानी

यह बात सुनने में कुछ अटपटी लग सकती है कि कभी-कभी गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जम जाता है। सामान्य अनुभव तो यही बताता है कि ठंडा पानी पहले बर्फ बनेगा, लेकिन विज्ञान में एक ऐसी घटना दर्ज है, जो इस सामान्य धारणा को चुनौती देती है। इस अनोखी घटना को म्पेंबा प्रभाव कहा जाता है।

इस प्रभाव का नाम 1960 के दशक में तंजानिया के एक किशोर छात्र के नाम पर रखा गया, जिसने एक साधारण-सी घरेलू प्रक्रिया के दौरान एक असामान्य बात पर ध्यान दिया। उसने देखा कि जब घर पर आइसक्रीम बनाने के लिए गर्म मिश्रण को सीधे फ्रीजर में रखा गया, तो वह उस मिश्रण की तुलना में जल्दी जम गया, जिसे पहले ठंडा होने दिया गया था। यह



अवलोकन उसके लिए भी हैरानी भरा था। शुरुआत में कई लोगों ने इस दावे को संदेह की दृष्टि से देखा, लेकिन बाद में वैज्ञानिकों ने इस पर प्रयोग शुरू किए और पाया कि कुछ परिस्थितियों में ऐसा वास्तव में संभव है। इसके बाद से वैज्ञानिक इस रहस्य को समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों होता है?

हाल के शोधों से यह संकेत मिला है कि इसका संबंध पानी की उस अवस्था से हो सकता है, जिसे ऊष्मागतिक संतुलन से बाहर होना कहा जाता है। साधारण शब्दों में कहें, तो जब कोई प्रणाली संतुलन में होती है, तब उसके गुण- जैसे तापमान या ऊर्जा स्थिर रहते हैं और उनमें बदलाव नहीं होता, लेकिन जब पानी गर्म अवस्था में होता है और तेजी से ठंडा होने लगता है, तो वह इस संतुलन से बाहर की स्थिति में होता है, जिससे उसके व्यवहार में कुछ असामान्य परिवर्तन देखे जा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इस प्रभाव को समझाने के लिए कई अन्य संभावित कारण भी सुझाए हैं। एक विचार यह है कि गर्म पानी का कुछ भाग वाष्प बनकर उड़ जाता है, जिससे पानी की कुल मात्रा कम हो जाती है और वह जल्दी ठंडा हो सकता है। एक अन्य सिद्धांत यह बताता है कि ठंडा पानी जमते समय अपनी सतह पर बर्फ या पाले की पतली परत बना सकता है। यह परत नीचे के पानी को ढककर उसे इंसुलेट कर देती है और उसके जमने की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है।

इस विषय पर कई अध्ययन किए जा चुके हैं, फिर भी म्पेंबा प्रभाव का सटीक कारण आज तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। यही वजह है कि यह घटना विज्ञान के क्षेत्र में एक दिलचस्प रहस्य बनी हुई है।

## वाइल्ड लाइफ



# ऊंचे पैरों वाला अनोखा वन्यजीव

मैनड वुल्फ का स्वरूप अत्यंत विशिष्ट और आकर्षक है। इसके अतिरिक्त लंबे समय तक चलने वाले और लोमड़ी जैसे दांतों के चेहरे के कारण इसे अक्सर 'ऊंची टांगों वाली लोमड़ी' कहा जाता है। यह नाम केवल उनकी फर्म पर ही आधारित नहीं है, बल्कि इसकी चाल-चलन और रहन-सहन में भी एक अलग सी भव्यता झलकती है। इसकी आकृति लंबी, काली किरणों की पट्टियां इसकी पहचान का प्रमुख हिस्सा हैं। जब यह किसी को खतरा महसूस होता है, तो अपने मुखिया के बालों को खड़ा कर खुद को बड़ा और भोला बना लेता है।

मैनड वुल्फ के शरीर के अन्य हिस्से भी कैनिडे परिवार के अन्य सदस्यों से अलग हैं। इसके बड़े और चौकन्ने कान, लंबे व नुकीला थुथन, ऊंचे पैर और गाढ़े रंग की गर्दन इसे एक अनोखे रूप में पेश करते हैं। इस परिवार में भेड़िये, लोमड़ीयन, सियार, कोयोट और कुत्ते जैसे जीव शामिल हैं, लेकिन मैनड वुल्फ न तो किसी भेड़िये का निकट संबंधी है और न ही किसी फॉक्स का। मैनड वुल्फ का वैज्ञानिक नाम क्राइसोसियोन ब्रैच्यूरियस है। यह क्राइसोसियोन वंश का एकमात्र सदस्य है। यह रहस्यमयी जीव दक्षिण अमेरिका के घास के मैदानों, जंगलों और खुले जंगलों में पाया जाता है। ब्राजील, पार्वे, अर्जेंटीना और बोलीविया जैसे देशों के विस्तृत घास के मैदानों में इसकी उपस्थिति सामने आई है। यह अकेलापन वाला जीव है और दिन की एकांत शाम या रात के समय से अधिक सक्रिय रहता है।

एक वयस्क मैनड वुल्फ की ऊंचाई आमतौर पर लगभग तीन फीट तक होती है और इसका वजन लगभग 50 पाउंड तक होता है। इसके शरीर पर सुनहरा-लाल या लाल-भूरा होता है, जबकि ग्लास, सिरप का भीतरी भाग और पूंछ का सिरा सफेद रंग का होता है। दाढ़ी के बाल और पैर काले होते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसके पिछले पैर, बाकी जनजातियों की तुलना में लंबी-लंबी बातें होती हैं, जो इसके लंबे और ऊंचे आकार को और लंबी चट्टानें हैं। इसके लंबे पैर घास के ऊंचे मैदानों में चलने और दूर तक देखने में भी सहायक माने जाते हैं।



# पंछियों को 'अंधा' भी बना देता है प्रेम



डॉ. कैलाश चंद सैनी
जयपुर

क्या प्यार वाकई अंधा होता है? वैज्ञानिकों ने पक्षियों की दुनिया का वह विरोधाभास उजागर किया है, जहां नर तीतरों का सौंदर्य ही उनकी दृष्टि की बाधा बन जाता है। प्रेम की उस महंगी कीमत की दास्तान, जहां आकर्षण ही जान का जोखिम बन जाता है। 'प्यार अंधा होता है' यह कहावत इंसानी रिश्तों पर तो सटीक बैठती ही है, लेकिन ताजा वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि पक्षियों की दुनिया में यह केवल कहावत नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। आमतौर पर नर पक्षी रंग-रूप, पंखों की बनावट और प्रणय-नृत्य आदि में मादाओं से कहीं अधिक आकर्षक होते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब यह सवाल उठाया है कि क्या नर पक्षियों की यह सुंदरता हमेशा उनके लिए लाभप्रद सिद्ध होती है?

वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, 'क्राइसोलोफस' वंश की दो पक्षी प्रजातियां- गोल्डन तीतर और लेडी ऐम्हर्स्ट तीतर इस तथ्य के सबसे रोचक उदाहरण के रूप में उभरे हैं। इन नर तीतरों के सिर पर राजाओं की तरह एक सुंदर कलगी और गर्दन के चारों ओर पंखों का खूबसूरत घेरा होता है, जो प्रजनन काल में मादा को रिझाते समय किसी जादुई पर्दे की तरह फैल जाता है। दिखने में बेहद भव्य लगने वाली यही सजावट उनकी आंखों की दृष्टि के लिए सबसे बड़ी बाधा बन जाती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि इन नर तीतरों का दृश्य क्षेत्र यानी देखने का दायरा मादाओं की तुलना में काफी कम हो जाता है। उनके 'ब्लाइंड एरिया' (जहां आंखों से कुछ भी दिखाई नहीं देता), मादाओं की तुलना में लगभग 137 प्रतिशत अधिक पाया गया है। इतना ही नहीं, उनकी द्विनेत्री (बाइनोक्युलर) दृष्टि, जो दोनों आंखों से एक साथ देखने और दूरी का अनुमान लगाने में मदद करती है, वह भी औसतन 41 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

यह स्थिति लगभग वैसी ही है, जैसे कोई व्यक्ति माथे तक झुकी हुई लंबी छज्जे वाली कैप पहनकर चारों ओर निगरानी रखने की कोशिश करे, उसे न तो ऊपर से आता खतरा साफ दिखेगा और न ही किनारों की हलचल। यह वैज्ञानिक खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब तक दुनियाभर की करीब 300 पक्षी प्रजातियों के अध्ययन में नर और मादा के देखने के दायरे में इतना बड़ा अंतर कभी दर्ज नहीं किया गया था। दिलचस्प तथ्य यह है कि इन्हीं के निकट संबंधी सिल्वर और ग्रीन तीतरों में ऐसा कोई अंतर नहीं पाया गया।

वैज्ञानिकों का मानना है कि प्यार के लिए चुकाई जाने वाली यह कीमत केवल दृष्टि तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह उनके जीवन के लिए भी खतरा पैदा करती है। दृष्टि में आई यह कमी नर तीतरों को शिकारियों के प्रति अधिक असुरक्षित बना देती है, विशेषकर उस समय जब वे नीचे झुककर दाना चुग रहे होते हैं और ऊपर से आने वाले खतरों को नहीं देख पाते, लेकिन संतोष की बात यह है कि यह अंधापन स्थायी नहीं होता।



प्रकृति ने उनके अस्तित्व को बचाने के लिए एक संतुलन भी बनाया है। साल के कुछ महीनों में जब इन पक्षियों के पंख झड़ जाते हैं और यह भारी-भरकम सजावट हट जाती है, तब उनकी दृष्टि फिर से पूरी तरह सामान्य हो जाती है। यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि प्रकृति में नियंत्रण और संतुलन का नियम कितना सूक्ष्म है, जो सौंदर्य जीवन के नए अध्याय यानी प्रेम को आमंत्रित करता है, वही कभी-कभी जीवन के अंत का कारण भी बन सकता है। इसीलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस प्राकृतिक संसार में पक्षी भी कभी-कभी प्यार में अंधे हो जाते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 80,015.90 | 24,765.90 |
| बढ़त | 899.71 | 285.40 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.17 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,300 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार, 6 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### सेंट्रल बैंक के प्रस्ताव को प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उसकी संयुक्त उपक्रम वाली बीमा और जीवन बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिल गयी है। आयोग ने गुरुवार को बताया कि सेंट्रल बैंक ने जेनराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी (जीसीआईसीएल) और जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (जीसीएलआईसीएल) में क्रमशः 1.09 प्रतिशत और 0.82 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूदी दी गयी है। दोनों कंपनियां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इटली के जेनराली समूह का संयुक्त उपक्रम हैं।

### राजमार्ग इंफ्रा के आईपीओ का मूल्य दायरा 99-100 रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी 6,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 99 से 100 रुपये प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया है। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार इस इन्विट का पहला सार्वजनिक निर्गम 11 मार्च को खुलेगा और 13 मार्च को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मार्च को लगेगी।

### इंडिगो जामनगर से नवी मुंबई के लिए शुरू करेगी सीधी उड़ान

नयी दिल्ली, एजेंसी। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो गुजरात के जामनगर से महाराष्ट्र के नवी मुंबई के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह दैनिक उड़ान 23 अप्रैल से शुरू होगी। इस मार्ग पर वह ए320 विमान का परिचालन करेगी। अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत, राजकोट और भावनगर के बाद जामनगर इंडिगो के नेटवर्क में शामिल होने वाला गुजरात का छठा शहर होगा। उसने बताया कि नयी उड़ान से व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### सीएम योगी ने किया कपिल देव के अस्पताल का उद्घाटन

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-10 में स्थित नवनिर्मित केडीजीएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर आयोजित विधिवत पूजा-पाठ और हवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया। अधिकारियों के अनुसार, यह अस्पताल पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव और उनकी कंपनी द्वारा बनवाया गया है। इस अवसर पर कपिल देव, उनकी पत्नी रोमा देव, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, धीरेंद्र सिंह और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नरेंद्र भाटी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ओमनीटेक का शेयर पहले दिन के कारोबार में 10 प्रतिशत टूटा

**नयी दिल्ली।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर बृहस्पतिवार को 227 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 205 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 9.69 प्रतिशत कम है और अंत में यह 9.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 205.15 रुपये पर बंद हुआ।

## खुशहाली की ओर...




जम्मू और कश्मीर अब विकास की राह पर लगातार अग्रसर है। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू में चट्ठा स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमें एक स्टार्टअप आउटरीच प्रोग्राम के दौरान एक अवार्ड दिया। **फोटो : एजेंसी**

# करदाता अनुकूल व्यवस्था बनाए आयकर विभाग

## टीडीएस विसंगतियों संबंधी शिकायत के निपटारे के आदेश में सीईसी ने की यह टिप्पणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- टीडीएस सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार डीडीओ की तय हो जवाबदेही
- व्यक्तिगत करदाता को टारगेट करने से परेशान होते हैं ईमानदार करदाता

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने इस बात पर चिंता जतायी है कि करदाताओं को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अक्सर कई विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसको देखते हुए सीआईसी ने आयकर विभाग को ''करदाता-अनुकूल प्रणाली को संस्थागत रूप देने की'' की सलाह दी है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कई आकलन वर्षों में आवेदक के खाते में जमा किए गए स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) में 'विसंगतियों' से संबंधित शिकायत का निपटारा करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की।

आयोग ने पाया कि ऐसे कई मामलों में, करदाताओं को विसंगतियों को दूर करने के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में, करदाता को आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा जारी किए गए प्रपत्र 16 और आयकर विभाग द्वारा रखे गए प्रपत्र 26एएस के बीच विसंगतियों के समाधान के लिए प्रायः दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि पहले कटौती करने वाले संबंधित अधिकारी /डीडीओ पर जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, जो वैधानिक रूप से टीडीएस को सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार हैं।

सीआईसी ने कहा कि अधिकारी कभी-कभी कर कटौती की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार कटौती प्राधिकारी के बजाय व्यक्तिगत करदाता पर ध्यान देने का 'सबसे आसान रास्ता' अपनाते हैं। आदेश में कहा गया कि यह बेहद खराब चलन है क्योंकि इससे एक ईमानदार करदाता परेशान होता है, जबकि गलत काम करने वाला डीडीओ पूरी तरह से बच जाता है। आयोग ने व्यवस्था में सुधार की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में करदाता-अनुकूल व्यवस्था को संस्थागत रूप देना" उचित होगा ताकि विसंगतियों को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी तरीके से दूर किया जा सके।सीआईसी ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी से पहले विसंगति का स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए और यह पुष्टि करने के लिए कहा जाना चाहिए कि कर की विधिवत कटौती, जमा और रिपोर्टिंग की गई है या नहीं। आयोग ने कहा कि ऐसी जांच के बाद ही, यदि गलती करदाता की है, तो करदाता और कर कटौतीकर्ता दोनों को एक साथ सुना जाना चाहिए ताकि मामले को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हल किया जा सके। आयोग को इस मामले में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्भावना या जानबूझकर सूचना छिपाने का कोई संकेत नहीं मिला और उसने शिकायत को खारिज कर दिया।

# भारत-फिनलैंड में कौशल विकास और कार्यबल आवाजाही में सहयोग पर चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और फिनलैंड ने बृहस्पतिवार को कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षित कार्यबल की आवाजाही के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी और फिनलैंड के रोजगार मंत्री मैतियास मार्टिनेन के बीच यह बातचीत फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की भारत यात्रा के दौरान हुई है।



नई दिल्ली में डेलीगेशन लेवल की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब। **फोटो : एजेंसी**

स्टब चार-दिवसीय दौरे पर भारत आए हुए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, निवेश और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बयान में कहा-दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण संस्थानों, उद्योग और शिक्षा प्रणालियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत किया जा सके और प्रशिक्षित युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकें।

इस दौरान चौधरी ने कहा कि भारत की युवा आबादी और फिनलैंड की प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण में विशेषज्ञता, कौशल क्षेत्र में स्वाभाविक साझेदारी का आधार बनाती है।

मार्टिनेन ने कहा कि फिनलैंड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के योगदान की सराहना करता है और कौशल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि बैठक में स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, हरित प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा हुई। इसके साथ प्रशिक्षकों की क्षमता के निर्माण, भाषा प्रशिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण को अकादमिक शिक्षा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए संस्थागत साझेदारी और निरंतर संवाद जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

## रुपया 41 पैसे उछलकर 91.64 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 41 पैसे चढ़कर 91.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संदिग्ध हस्तक्षेप की खबरों के कारण भारतीय मुद्रा में यह उछाल आया।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितताओं और अत्यधिक उतार-चढ़ाव से स्थानीय मुद्रा को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया।

हालांकि, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी निकासी ने रुपये पर दबाव बनाए रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.16 पर खुला और कारोबार के दौरान 91.30 के उच्चस्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में यह 91.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 41 पैसे की बढ़त है।

# सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

न्यूयॉर्क के एक संघीय न्यायाधीश ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि जिन कंपनियों ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए आयात शुल्क का भुगतान किया है, वे अब रिफंड (धन वापसी) की हकदार हैं। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी हार के रूप में देखा जा रहा है।



- अमेरिकी अदालत ने कहा- एकतरफा शुल्क निर्धारित नहीं कर सकते राष्ट्रपति

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के न्यायाधीश रिचर्ड ईटन ने लिखा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सभी आयातक सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का लाभ उठाने के हकदार हैं, जिसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून (आईईईपीए) के तहत लगाए गए भारी आयात करों को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत वे शुल्क असंवैधानिक थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति एकतरफा रूप से शुल्क निर्धारित और परिवर्तित नहीं कर सकते, क्योंकि कराधान की शक्ति स्पष्ट रूप से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है।

न्यायाधीश ईटन ने अपने फैसले में लिखा कि वह सिर्फ आईईईपीए शुल्क के रिफंड से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। यह फैसला रिफंड प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता प्रदान करता है, जिसका सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 फरवरी के फैसले में उल्लेख नहीं किया था।

# हनोई-दिल्ली और मुंबई-टोक्यो के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया

**मुंबई, एजेंसी**

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एशिया में अपने नेटवर्क विस्तार के तहत हनोई-दिल्ली और तोक्यो (हानेडा)-मुंबई मार्गों पर सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। ये सेवाएं इसी साल जून तिमाही से शुरू होंगी। वर्तमान में एयर इंडिया राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और जापान के तोक्यो के लिए उड़ानें संचालित कर रही है।

नई योजनाओं के अनुसार, एक मई से हनोई के लिए सप्ताह में पांच दिन उड़ानें शुरू होंगी। इन उड़ानों के लिए ''ए320 नियो'' विमान का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी श्रेणी की सुविधा होगी।

एयर इंडिया के अनुसार, इस नए मार्ग के खुलने से वियतनाम के लिए हर महीने 7,028 सीटें जुड़ेंगी। वियतनाम वर्तमान में दक्षिण-पूर्व एशिया का तीसरा सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है, जहां 2025 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। जापान के लिए विस्तार करते हुए एयर इंडिया जून से मुंबई और तोक्यो (हानेडा) के बीच सप्ताह में चार बार सीधी उड़ानें संचालित करेगी। इसके लिए बोइंग 787-8 विमान का उपयोग किया जाएगा। जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 3.15 लाख से अधिक भारतीयों ने जापान की यात्रा की, जो 2024 के मुकाबले 35 प्रतिशत की वृद्धि है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (सीसीओ) निपुण अग्रवाल ने कहा, 'जापान और वियतनाम भारतीय यात्रियों के लिए तेजी से बढ़ते गंतव्य के रूप में उभरे हैं।

## बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिये बीओबी ने जुटाए 10हजार करोड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। बीओबी ने बयान में कहा कि इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है।

बैंक ने बताया कि सात वर्षीय बॉन्ड को एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक ऋण बोली मंच पर 5,000 करोड़ रुपये के आधार बॉन्ड और 5,000 करोड़ रुपये के ग्रीन शू यानी अधिक बोली आने पर उसे रखने के विकल्प के साथ पेश किया था। बीओबी ने कहा कि मौजूदा बाजार अस्थिरता के बावजूद, बैंक ने 7.10 प्रतिशत ब्याज के साथ यह बोली हासिल की है।

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक फीसदी से ज्यादा चढ़े

**मुंबई, एजेंसी।**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया।

इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में धन प्रबंधन के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि प्रमुख व्यापारिक मार्ग हर्मुज दर्रे से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षा और बीमा की अमेरिका की गारंटी से बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। अमेरिका ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध रखने के लिए ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच हर्मुज दर्रे से होकर गुजरने वाले तेल के टैंकरों को उसकी सेना एस्कॉर्ट भी




कर सकती है। साथ ही इन खबरों से भी बाजार को समर्थन मिला कि ईरान युद्ध समाप्त करने के विकल्प तलाश रहा है।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,335 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,210 के शेयर ऊपर और 1,038 के गिरावट में बंद हुए।

अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.51 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एलएंडटी का शेयर 3.88 प्रतिशत, एनटीपीसी का 3.36, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 3.29, बीईएल का 2.98, पावरग्रिड का 2.66, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.56, इंडिगो का 2.55 और टाटा स्टील का 2.01 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा में 1.92 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.86, बजाज फाइनेंस में 1.83, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.62, टाइटन में 1.57, बजाज फिनसर्व में 1.24, एचडीएफसी बैंक में 1.11, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.08 और ट्रेंट में 0.91 प्रतिशत की तेजी रही।

## ईरान संघर्ष लंबा खिंचा तो कंपनियों पर असर पड़ेगा : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर मौजूदा ईरान संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक बना रहता है, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। तेल और गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव डाल सकती हैं।

बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने पहले ही निवेशकों की धारणा को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। खासतौर से विदेशी निवेशक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापक आर्थिक स्थिरता से जुड़े जोखिमों को लेकर संवेदनशील बने हुए हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया- सप्ताहांत में ईरान संघर्ष शुरू होने के साथ, विदेशी निवेशकों का रुख फिर से सतर्क हो गया है क्योंकि भारत तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान के प्रति संवेदनशील है और यहां चालू खाते का घाटा (कैड) अनुमान से अधिक होने का जोखिम है।

# सेबी ने 'कस्टोडियन' को दिशा-निर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी ने गैर-बैंक कस्टोडियन (संरक्षक) के लिए विनियमित और गैर-विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग रणनीतिक व्यापार इकाइयों (एसबीयू) के माध्यम से संचालित करने को दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें इन इकाइयों के लिए अलग खाते बनाए रखने और इन व्यवसायों के लिए स्वतंत्र रूप से नेटवर्थ संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश भी शामिल हैं।

नियामक ने अपने परिपत्र में कहा कि कस्टोडियन एंड डीडीपी स्टैंडर्ड्स सेटिंग फोरम (सीडीएसएसएफ), सेबी के परामर्श से उन वित्तीय सेवा गतिविधियों की सूची तय करेगा, जो संरक्षक कर सकते हैं। सेबी ने कहा कि ऐसे कस्टोडियन जो बैंक नहीं हैं, या बैंकों की अनुषंगी कंपनियां, सहयोगी या संयुक्त उद्यम नहीं हैं, उन्हें सेबी विनियमित और गैर-सेबी विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग एसबीयू के माध्यम से संचालित करना होगा।

सेबी ने बुधवार को जारी अपने परिपत्र में कहा-एसबीयू के लिए समान दूरी के आधार पर अलग खाते तैयार और बनाए रखे जाएंगे, कस्टोडियन के लिए नेटवर्थ के मानदंड एसबीयू के बही-खातों को छोड़कर पूरे किए जाने चाहिए।

# पोत परिवहन कंपनियों की अधिक अधिभार की मांग, निर्यातकों ने जतायी चिंता

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्यातकों ने कहा है कि जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं ले जा रही पोत परिवहन कंपनियां 40 फुट के कंटेनर पर 4,000 डॉलर तक का आकस्मिक अधिभार मांग रही हैं। वे उन उत्पादों की खेप भी छोड़ने से इनकार कर रही हैं जो अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमले से पहले बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। इस मांग से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें यह अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ रही है।

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले जहाज पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। लेकिन वे माल की डिलिवरी नहीं कर रहे हैं और भारी अधिभार की मांग कर रहे हैं। हमने वाणिज्य मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया है। सरकार ने भारत के निर्यात, विशेष रूप से आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पर चल रहे वैश्विक घटनाक्रमों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयीय समूह का गठन किया है।

ये शुल्क 28 फरवरी से ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण लगाए गए हैं। सहाय ने कहा कि ये शुल्क उन उत्पादों पर भी लगाए जा सकते हैं जिन्हें अभी भारत से जहाजों पर लादा जाना बाकी है। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने सभी सामान पर शुल्क लगा दिया है। इससे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। माल की डिलिवरी नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि इस लागत को कौन वहन करेगा?घरेलू निर्यातकों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं क्योंकि पोत परिवहन कंपनियों ने पश्चिम एशियाई देशों के लिए माल लेना बंद कर दिया है।

मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सर्राफ ने कहा कि समुद्री माल ढुलाई भाड़ा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गया है। धीरे-धीरे हमें कंटेनर की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जहाज बीच समुद्र में ही फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोत परिवहन से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं।

### चावल निर्यातकों ने तुरंत मांगी राहत

**नयी दिल्ली।** चावल निर्यातकों ने बृहस्पतिवार को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद ईरान संकट से निपटने के लिए सरकार से तुरंत राहत के उपाय की मांग की है। जिसमें बंदरगाह से जुड़े प्रभार में छूट तथा भुगतान समायोजन की मांग भी शामिल है। उन्होंने बंदरगाह से जुड़े प्रभार (स्टोरेज/डेमरेज और दूसरे शुल्क) में छूट मांगी है, जहां जहाज रद्द होने की वजह से कार्गो वापस हो जाता है। ऐसे में पारगमन में कार्गो को वापस करने, राह बदलने करने की सुविधा के साथ दस्तावेजीकरण और भुगतान समायोजन के लिए सीमा शुल्क और रिजर्व बैंक की मदद की मांग की गई है। उन्होंने सरकार से एक परामर्श जारी करने का आग्रह किया है जिसमें इस रुकावट को एक अपरिहार्य स्थिति की घटना के रूप में मान्यता दी जाए ताकि गलत तरीके से जुर्माने को रोका जा सके और कोविड-काल की राहत की तरह ही अस्थायी कार्यशील पूंजी सीमा और ऋण विस्तार के ज़रिये तात्कालिक बैंकिंग मदद दी जाए।

### खाड़ी के बाजारों में भारतीय चाय निर्यात पर खतरा

कोलकाता, एजेंसी। अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये निर्यात खेपों पर असर पड़ता है, तो भारतीय चाय निर्यात में बड़ी रुकावट आ सकती है। भारतीय चाय संघ ने यह जानकारी दी है। संघ ने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र के मुख्य बाजार, जिनमें इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, में भारत की चाय खेप का एक बड़ा हिस्सा इस रणनीतिक रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान ने कहा कि वह चीन के मालवाहक जहाज को छोड़कर इस रास्ते से अन्य जहाजों को गुजरने की अनुमति नहीं देगा। संघ ने कहा कि वर्ष 2025 में, भारत ने लगभग 28 करोड़ किग्रा चाय का निर्यात किया, जिसमें से लगभग 41 प्रतिशत, यानी 11.5 करोड़ किग्रा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान और इराक को इकट्ठा मिलाकर भेजी गई।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को दिया जाएगा देश का सर्वोच्च सम्मान

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'स्वाधीनता पदक 2026' के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा कर दी है, जिनमें देश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की दिवंगत मां बेगम खालिदा जिया का नाम भी शामिल है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को स्वतंत्रता, लोकतंत्र और महिलाओं की शिक्षा में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 15 विशिष्ट व्यक्तियों और पांच संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा। जारी अधिसूचना में स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, संस्कृति, खेल, ग्रामीण विकास, सामाजिक सेवा, लोक प्रशासन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में योगदान को मान्यता दी गई है।

### एनएचआरसी ने दो सफाई कर्मियों की मौत का स्वतः संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उस मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि दो मार्च को मध्य प्रदेश के इंदौर में एक सीवर कक्ष में दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। आयोग के मुताबिक समाचार रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्य यदि सत्य हैं तो पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन हैं। आयोग ने इंदौर नगर निगम और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में जांच की स्थिति और पीड़ितों के परिजनों को दिए गए मुआवजे का विवरण मांगा गया है। जल निकासी प्रक्रिया के दौरान सीवर में गिरे एक सक्शन टैंकर पाइप के हिस्से को निकालने के लिए पीड़ित सीवर कक्ष में घुसे थे, तभी जहरीली गैसों के कारण वे बेहोश हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई।

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

# अमेरिका के मोंटाना राज्य में गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी




- गवर्नर ने कहा- गांधी के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में जरूरी

अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं।

मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को भेंट करने के लिए वाणिज्य दूतावास का आभार जताया। भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया।

## कच्चा तेल आपूर्ति की बड़ी चुनौती

होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत गंभीर संकट है। ईरान की ओर से दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण तेल गलियारे को बंद करने के एलान से पूरी दुनिया में भारी उथल-पुथल मची हुई है। होर्मुज के बंद होने का सबसे ज्यादा विनाशकारी असर सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान समेत कई खाड़ी देशों पर पड़ने की आशंका है क्योंकि तेल और गैस के बड़े निर्यातक इन देशों की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन पूरी तरह इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है। ऐसे में काफी साफ है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके इस लड़ाई में एक निर्णायक बढ़त हासिल की है। अगर यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहता है तो तमाम देश अमेरिका और इजराइल पर जल्द युद्ध समाप्त करने का दबाव बना सकते हैं।

# होर्मुज : दुनिया की दुखती रग



### क्या पड़ेगा दुनिया पर असर

- दुनिया के कच्चे तेल का 20% और वैश्विक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का 20% से अधिक इसी मार्ग से गुजरता है।
- आशंका जताई जा रही है कि यह मार्ग बंद होने से तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।
- कतर जैसे बड़े निर्यातकों से होने वाली एलएनजी सप्लाई रुकने से बिजली-गैस की कीमतों पर सीधे असर की संभावना है।

### भारत की स्थिति

- भारत अपनी तेल आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत इसी मार्ग से पूरा करता है।
- तेल सप्लाई रुकने से पेट्रोल और डीजल के दाम भारत में तेजी से बढ़ सकते हैं।
- रूस जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर भारत को अपनी निर्भरता बढ़ानी पड़ सकती है।
- टैंकरों को लंबे रास्तों से जाना पड़ेगा, जिससे लागत कई गुना बढ़ेगी।

### सैकड़ों जहाज फंसे

- अनुमान है कि फारस की खाड़ी के अंदर लगभग 800 से 3,200 जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें कंटेनर जहाज, तेल टैंकर और मालवाहक जहाज शामिल हैं।
- अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार लगभग 20,000 नाविक इन जहाजों पर फंसे हुए हैं। यात्री जहाजों पर लगभग 15,000 लोग भी प्रभावित हैं।

पिछले हफ्ते में इस मार्ग से गुजरने वाले टैंकरों में 90% कमी आई है। पहचान छुपाने के लिए कई जहाज ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद करके इस मार्ग को पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अगर कुछ महीने मार्ग बंद रहा तो...

- कच्चे तेल की कीमतें 130 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, 300 डॉलर का स्तर भी छूने की आशंका है।
- कतर से सप्लाई रुकने से यूरोप में प्राकृतिक गैस कीमतें तीन गुना होकर 100 डॉलर मेगावाट घंटे तक जा सकती हैं।
- परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ेगी। इससे वैश्विक मुद्रास्फीति में 0.6% से 0.8% की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।
- कई देशों के केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी, इस कारण से वैश्विक जीडीपी विकास दर धीमी हो जाएगी।

### खाड़ी देशों की जीवन रेखा

- सबसे सीधा और विनाशकारी असर खाड़ी देशों पर पड़ेगा जो तेल और गैस के बड़े निर्यातक हैं।
- इन देशों की अर्थव्यवस्था के साथ दैनिक जीवन भी पूरी तरह से इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है।
- कुवैत, कतर और बहरीन जैसे देशों का करीब 100% तेल और गैस निर्यात इसी मार्ग से होता है।
- मार्ग बंद होने से इन देशों की सरकारी आय ठप हो जाएगी, जिससे खर्चों पर संकट आ सकता है।
- खाड़ी देशों की लगभग 70% खाद्य सामग्री होर्मुज के रास्ते आती है। बड़ा खाद्य संकट पैदा होगा।

# नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर

## तख्तापलट के बाद हुए आम चुनाव में शाम पांच बजे तक करीब 60% मतदान, मतगणना शुरू

- पड़ोसी देश में चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा भारत

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी विरोध प्रदर्शन के बाद पहले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम पांच बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना पूर्व रुझानों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि पूर्व रैपर एवं काठमांडू से महापौर रहे बालेंद्र शाह के नेतृत्व में नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने देश के दोनों परंपरागत राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस पार्टी और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को कड़ी टक्कर दी है। भारत इस चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा है और राजनीतिक रूप से अस्थिर हिमालयी देश में स्थिर सरकार बनने की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके।

जेन जी के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को देश में आम चुनाव कराए गए। चुनाव प्रचार के दौरान ही 2022 में गठित आरएसपी को काफी समर्थन मिला, इस कारण शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) उस सरकार का हिस्सा थीं जिसे पिछले साल जेन जी ने गिरा दिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा अपनी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, जबकि सीपीएन (यूएमएल) ने ओली को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना चेहरा बनाया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार नेपाल में मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुआ। निर्वाचन आयुक्त सगुन शमशेर राणा के मुताबिक देश भर में कुछ स्थानों पर मामूली घटनाएं हुई हैं। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि कुछ स्थानों पर मामूली मतभेदों के अलावा कोई गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के बाद मतगणना शुरू हो गई।



नेपाल में बृहस्पतिवार को वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर लगीं कतारें।

### 1.89 करोड़ मतदाता, पुरुषों से ज्यादा महिलाएं

नेपाल में प्रत्यक्ष और समानुपातिक दोनों विधियों से सांसदों का चुनाव हुआ। 165 सीटों के लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया का पालन हुआ, जबकि 110 सीटों के लिए समानुपातिक विधि अपनाई गयी। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में 65 राजनीतिक दल 61 चुनाव चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे हैं तथा इसके तहत 3,406 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 3,017 पुरुष और 388 महिलाएं हैं, जबकि एक अन्य श्रेणी का उम्मीदवार शामिल हैं। आनुपातिक चुनाव प्रणाली में 3,135 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1,363 पुरुष और 1,772 महिलाएं शामिल हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में 1.86 लाख अनंतिम मतदाता भी हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं।



### कार्की, थापा, बालेंद्र शाह ने किया मतदान

कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बृहस्पतिवार सुबह काठमांडू के बाहरी इलाके धापासी में काठमांडू-5 निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाला। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी उम्मीदवार गगन थापा ने सुबह मैतिदेवी स्थित काठमांडू-4 निर्वाचन क्षेत्र से वोट डाला। आरएसपी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने काठमांडू के बाहरी इलाके चुचेपाटी और बालेंद्र शाह 'बालेन' ने काठमांडू के गैरेगांव से अपना वोट डाला। वह झापा-5 से चुनाव लड़ रहे हैं।

## चीन ने रक्षा बजट 10% बढ़ाकर 275 अरब डॉलर किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने रक्षा बजट में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करते हुए बृहस्पतिवार को इसे 275 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 अरब डॉलर अधिक है और इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को तेज कर अमेरिकी सेना के बराबर तक पहुंचना है।

- अमेरिकी सेना की बराबरी का लक्ष्य, भारत पर बढ़ा दबाव

चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने गुरुवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में पेश अपनी कार्य रिपोर्ट में घोषणा की कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए लगभग 1.9 ट्रिलियन युआन (275 अरब डॉलर) आवंटित किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी में हिस्सेदारी, प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय और प्रति सैनिक रक्षा खर्च जैसे प्रमुख मानकों के लिहाज से चीन का रक्षा खर्च तुलनात्मक रूप से अभी भी सीमित है।

पिछले वर्ष चीन ने 2025 के लिए रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 249 अरब डॉलर करने की घोषणा की थी, जो 2024 की तुलना में 17 अरब डॉलर अधिक था। अमेरिका के बाद दूसरे सबसे बड़े रक्षा बजट वाले चीन का सैन्य खर्च कुछ वर्षों से बढ़ रहा है। इससे भारत और अन्य पड़ोसी देशों पर आर्थिक चुनौतियों के बावजूद रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है।

# आपसी सहयोग को पुख्ता करेंगे भारत और फिनलैंड

नई दिल्ली, एजेंसी



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ मोदी।

- मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से की मुलाकात
- दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का लिया निर्णय

भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। मोदी ने कहा, हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। यह साझेदारी एआई से लेकर 6 जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग, कई हाईटेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, कूटनीति और संवाद में विश्वास रखते हैं। हम एकमत हैं कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिमी एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत में ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता हुआ। यह समझौता भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और प्रबल करेगा। फिनलैंड के राष्ट्रपति शाम को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे और मुख्य भाषण देंगे।

## डीआर कांगो में खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोग मरे

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या 400 से ज्यादा पहुंच सकती है, क्योंकि तमाम लोग अभी लापता हैं।

- तमाम लोग लापता, 400 के पार पहुंच सकती है मृतकों की संख्या

कहा गया है कि यह दुर्घटना बहुत ज़्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज़्यादा लोगों की जान चली गई। बयान में कहा गया है कि रुबाया माइनिंग क्षेत्र 2024 से मार्च 23 मूवमेंट (एम23) विद्रोही ग्रुप के नियंत्रण में है, जिससे इस हादसे में बचाव कार्य खास तौर पर मुश्किल हो गया है। मंत्रालय ने बताया कि खनन क्षेत्र को पहले नवंबर से खतरे के क्षेत्र के तौर पर वर्गीकृत किया गया था। इस वर्गीकरण के बाद यहां खनन पर रोक लग जानी चाहिए थी। रूबाया के रहने वाले और खनिक डेविड कासेरेका ने बताया, कसासा नाम के पहाड़ पर भारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ था। भूस्खलन ने कई लोगों को निगल लिया।

# आईएसआईएस, अल कायदा के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करे अंतरराष्ट्रीय समुदाय

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र में भारत ने किया आह्वान, कहा- अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद बड़ा खतरा

भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवादी संगठनों आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने का आह्वान किया है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के अस्तित्व के लिए खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने बुधवार को कहा, आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। यह सीमाओं, राष्ट्रीयता या जातीयता को नहीं जानता और यह एक ऐसी चुनौती है जिसका सामना अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सामूहिक रूप से मिलकर करना होगा। संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कार्यालय (यूएनओसीटी) द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वार्षिक राजदूत स्तरीय संबोधन में पुरी ने अप्रैल 2025 में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। इस हमले को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध आतंकवादी संगठन) के सहयोगी संगठन ''द रेजिस्टेंस फ्रंट'' ने अंजाम दिया था। इस आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, हमें आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करनी होगी।

भारत ने बहुपक्षीय सहयोग के लिए एक केंद्रीय साधन के रूप में वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति (जीसीटीएस) के महत्व पर जोर दिया। पुरी ने कहा कि भारत जीसीटीएस की 9वीं समीक्षा के लिए परामर्श में सक्रियता से हिस्सा लेगा तथा उन्होंने इस प्रक्रिया में वार्ता के दौरान सह-सहायकों फिनलैंड और मोरक्को को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुरी ने कहा, न्यूयॉर्क और दुनिया भर में (आतंकवादी घटनाओं के बाद) भारत की सभी पहल हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जिसमें 'दिल्ली घोषणा' भी शामिल है। आतंक फैलाने के उद्देश्य से संचालित गतिविधियों में नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के मुद्दे पर 'दिल्ली घोषणा' एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। पुरी ने कहा कि आतंकवादी उद्देश्यों में नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मुद्दा कई सदस्य देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मोदी ने राजनीतिक-नैतिक रूप से आत्मसमर्पण किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है।

- खरगे ने लगाया ईरान युद्ध के घटनाक्रमों पर चुप्पी साधने का आरोप

उन्होंने कहा, एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। मोदी मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा, होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। खरगे ने कहा, खाड़ी क्षेत्र के देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद मांगने के लिए हताशा भरा वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, भारत सरकार उनकी भलाई कैसे सुरक्षित कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप उत्साह और एकाग्रता से काम करेंगे। सरकारी कार्यों की रुकावट दूर होगी। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष** – आज मानसिक रूप से शांति रहेगी। कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समय बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन** – आज आपको बचत पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक बातों पर क्रोध न करें। अचानक की गई यात्रा में समस्या हो सकती है।

**कर्क** – आज आय की अपेक्षा आपको व्यय अधिक करना पड़ेगा। विद्यार्थियों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** – आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय को लेकर महत्वपूर्ण डील हो सकती है। समाज में आपको विशेष पहचान मिल सकती है।

**कन्या** – आज किसी के बहकावे में न आएं। स्वभाव में लचीलेपन के कारण आपको लोग पसंद करेंगे। परिजनों का बेहतरीन समर्थन मिलेगा।

**तुला** – आज दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। अपनी बातों को शांतिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें। छोटे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंधों में आई खटास दूर होगी। व्यवसाय में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। सहकर्मियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है।

**मकर** – आज बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। अपनी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आज नए संबंधों में स्थायीत्व कम रहेगा। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। बेवजह के मामलों में न उलझें।

**मीन** – आज कारोबार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठा सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 17.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त 09.29 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

औपचारिकता बना चुनाव

दस राज्यों से 37 सीटों के लिए कुल 39 उम्मीदवारों ने दाखिल किए हैं नामांकन

# राज्यसभा चुनाव : आठ राज्यों में 35 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त 37 सीटों के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के 37 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किए। दो निर्दलीय उम्मीदवार ने भी अपनी नामांकन दाखिल कर दावेदारी पेश की है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि सीटों की संख्या के अनुरूप उम्मीदवारों के नामाकंन दाखिल होने से उनके निर्विरोध निर्वाचन तय माने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन ने चार उम्मीदवार रामदास अठावले, विनोद तावड़े, माया वाघमारे और रामराव वडकुटे को मैदान में उतारा तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ओर से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और दिवंगत नेता अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पार्टी प्रवक्ता ज्योति वाघमारे को एकमात्र उम्मीदवार घोषित किया है। विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने दिग्गज नेता शरद पवार को अपना उम्मीदवार बनाया है। अस्वस्थ पवार के आवास पर जाकर अधिकारियों ने नामांकन की औपचारिकताएं पूरी कीं। राज्य में सीटों और उम्मीदवारों की संख्या बराबर है इसलिए मतदान के बगैर प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न होगी।

हरियाणा से दो सीटों के लिए भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया और कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को प्रत्याशी बनाया है। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने भी नामांकन दाखिल कर चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। हिमाचल प्रदेश से एक सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने नामांकन दाखिल किया है जिनका निर्वाचित होना तय है। तमिलनाडु से राज्यसभा की छह सीटों के लिए छह उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल कर दिए। इनमें सत्तारूढ़ दल के चार और विपक्ष के दो उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ मोर्चे की ओर से एन शिवा, प्रो. जे कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन, क्रिस्टोफर तिलक और एलके सुदीश ने नामांकन दाखिल किया। विपक्षी गठबंधन की ओर से वर्तमान सांसद एम थंबीदुरई और पीएमके नेता अम्बुमणि रामदास ने नामांकन दाखिल किया। यहां भी सभी छह उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना है।

पश्चिम बंगाल में पांच सीटों के लिए टीएमसी के चार और भाजपा के एक उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया है। ओडिशा की चार सीटों के लिए भाजपा और बीजद के दो-दो सदस्य मैदान में उतरे हैं, दिलीप रे भाजपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।




नितीश के राज्यसभा के लिए नामांकन कराने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया।

### असम में विपक्ष नहीं खड़े कर सका अपने प्रत्याशी

असम में तीन सीटों के लिए विपक्ष सर्वसम्मति से उम्मीदवार नहीं खड़े कर सका। यहां राजग से तीनों नामांकित उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय है। कैबिनेट मंत्री जोगेन महान, पूर्व भाजपाविधायक तेराश गोवाला और यूपीपीएल के प्रमुख प्रमोद बोरो ने नामांकन दाखिल किया है। विपक्ष के किसी भी उम्मीदवार के मैदान में नहीं उतरने के कारण राजग के उम्मीदवारों के लिए चुनाव महज औपचारिकता बनकर रह गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजग की ओर से पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।



मैं बस घर जाना चाहता हूं। कम से कम एक अपडेट तो दो, हमें कुछ तो बताओ। आज कल, अगले हफ्ते। पांच दिन हो गए हैं। टीम के सभी सदस्य परेशान हो रहे हैं। फिलहाल एक अपडेट मिला, देखते हैं कब जाने को मिलेगा।
–डेरेन सैमी, वेस्टइंडीज के कोच



अमृत विचार
www.amritvichar.com

### आज का मैच

**टीम :** भारत-ऑस्ट्रेलिया महिला टीम का टेस्ट मुकाबला
**समय :** सुबह 10 :50 बजे से

### हाईलाइट

## फाइनल में चुनौतियां अलग होंगी : सैंटनर



**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ़ 12.3 ओवरों में हासिल कर लिया। इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फ़ाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ़्रीका पर दबाव बनाए रखा।

## आर्सेनल ने खिताब का दावा मजबूत किया

**लंदन।** आर्सेनल ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ।

# संजू की तूफानी पारी से भारत फाइनल में न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत

### टी-20 विश्व कप : दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रनों से हराया



संजू सैमसन।

**मुंबई, एजेंसी**

संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड 7 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड 246 रन बना सका।

इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले मैच में भारत की जीत के हीरो सैमसन ने 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की।

हार्दिक पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद (41 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशः 61 और 53 रन लुटाए। आर्चर को एक विकेट मिला जबकि कुरेन की झोली खाली रही। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने सैमसन की तूफानी पारी से पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। सैमसन ने जोफ्रा आर्चर की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ तेवर दिखाए। इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में मिड ऑन पर कप्तान हैरी ब्रूक ने सैमसन का आसान कैच छोड़ा और इस बल्लेबाज ने ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़ दिया। अभिषेक शर्मा (09) ने भी स्पिनर विल जैक्स पर दो चौके मारे लेकिन फिर उनकी गेंद को हवा में लहराकर डीप मिडविकेट पर फिल सॉल्ट को आसान कैच दे बैठे।

ईशान किशन ने भी जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौके मारे जबकि सैमसन ने सैम कुरेन के साथ ऐसा किया। सैमसन ने लेग स्पिनर आदिल राशिद का स्वागत चौके के साथ किया और फिर बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन पर छक्के के साथ सिर्फ 26 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी डॉसन पर छक्का मारा।

सैमसन और इशान ने अगले ओवर में कुरेन पर भी छक्के मारे जिससे नौवें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। ईशान हालांकि इसके बाद राशिद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहराकर लॉन्ग ऑफ पर जैक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 18 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े। शिवम दुबे ने आते ही राशिद पर दो छक्के मारे। सैमसन ने भी आर्चर पर दो छक्के मारे लेकिन इसके बाद जैक्स की गेंद पर सॉल्ट को कैच दे बैठे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (11) ने राशिद पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर स्टंप हो गए। हार्दिक पंड्या ने ओवरटन पर तीन चौकों के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। दुबे ने कुरेन पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद पंड्या के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। तिलक वर्मा (21) ने 19वें ओवर में आर्चर पर तीन छक्के मारे लेकिन फिर बोल्ड हो गए। पंड्या ने अंतिम ओवर में दो छक्के जड़कर टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया लेकिन फिर रन आउट हो गए।


जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम।

### भारत

**253/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का सॉल्ट बो जैक्स | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सॉल्ट बो जैक्स | 09 |
| ईशान किशन का जैक्स बो राशिद | 39 |
| शिवम दुबे रन आउट | 43 |
| सूर्यकुमार स्टं बटलर बो राशिद | 11 |
| हार्दिक पंड्या रन आउट | 27 |
| तिलक वर्मा बो आर्चर | 21 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 02 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-61-1, जैक्स 4-0-40-2, ओवरटन 3-0-36-0, कुरेन 4-0-53-0, राशिद 4-0-41-2, डॉसन 1-0-19-0

**19** छक्के लगे भारतीय पारी में | **07** छक्के सर्वाधिक सैमसन ने लगाए

# यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है : कोच कॉनराड

**कोलकाता, एजेंसी**

- पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ बुरी हार से हुए निराश

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे 'चोकर' कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था। कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था।



उन्होंने कहा आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द 'मोएर्ड' (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं। कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को 'ग्रोवल' (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहाआज रात हमें एक करारा 'स्नॉटक्लैप' मिला। यह एक अफ़्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ।

## द. अफ्रीका का सामना डटकर करने का किया था फैसला : एलन

**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही।

दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया।

# भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

**पर्थ, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला आज से

वनडे श्रृंखला में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली श्रृंखला का भी समापन होगा जिसमें भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है।

भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर अक्टूबर में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी20 श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। जहां टी20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे, वहीं टेस्ट मैच के विजेता को चार अंक मिलेंगे।

भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह कम से कम इस श्रृंखला को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय टीम इस बात से आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कि उसने दिसंबर 2023 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच आठ विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया था। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में हराया था। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार हरमनप्रीत, उप-कप्तान मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर होगा। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली सतघरे।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान एवं विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, मैटलान ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पेरी, एनाबेल सदरलैंड, राहेल ट्रेनामन, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

### शुभ घड़ी आई

स्टार कपल की शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल

# अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की

**मुंबई, एजेंसी**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे और क्रिकेटर अर्जुन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को उद्यमी सानिया चंडोक के साथ मुंबई के 'द सेंट रेजिस मुंबई' में भव्य समारोह में विवाह किया। इस हाई-प्रोफाइल शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। अर्जुन ने भारत के लिए अंडर-19 स्तर पर क्रिकेट खेला है और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में वह गोवा क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दुल्हन सानिया उद्योगपति रवि घई की पोती हैं और पशु-चिकित्सा (वेटरिनरी) क्षेत्र में उद्यमी के तौर पर काम कर रही हैं। समारोह में कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह, पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़, पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, वेंकटेश प्रसाद और मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले शामिल थे। इसके अलावा पूर्व भारतीय खिलाड़ी और सीनियर पुरुष चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर, चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा, पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, पीयूष चावला, पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस सांसद यूसुफ पठान तथा बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन और उनकी पत्नी जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और उनका परिवार, आमिर खान, आशा भोसले और सोनू निगम समेत कई गणमान्य व्यक्ति शादी में उपस्थित थे। मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी, उनके बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी तथा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे भी शादी में शामिल हुए।


महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और उद्योगपति रवि घई की पोती सानिया चंडोक की शादी के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। एजेंसी


बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान, पत्नी गौरी खान (बीच में) और बेटी सुहाना खान के साथ।



पर्व क्रिकेटर पृथ्वी शॉ, एक्टर आकृति अग्रवाल के साथ। सुरेश रैना पत्नी प्रियंका चौधरी के साथ।


रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (बाएं) परिवार के साथ।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य

**बर्मिंघम, एजेंसी**

- प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को हराया

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने बेहद तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया।

इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। लक्ष्य ने कहा शुरुआती दोनों गेम बहुत ही प्रतिस्पर्धी रहे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही दमदार खेल था। दूसरे गेम भी वापसी करने का श्रेय लोंग को जाता है।

> रणनीतिक रूप से मैं दोनों गेमों में सही खेल रहा था और हां, बस आखिरी कुछ अंकों को भुनाने की अपनी योजना पर मैं कायम नहीं रह पाया और कई आसान गलतियां कर दीं। तीसरे गेम को अपनी योजना के मुताबिक खेलने में सफल रहा।
> – लक्ष्य सेन

मुझे लगता है कि दूसरे गेम के अंत में मैं खुलकर नहीं खेल पाया और उन्हें कई आसान शॉट दे दिए जिन पर उन्होंने आसानी से अंक हासिल कर लिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं तीसरे गेम में पूरी ताकत से खेलने के लिए तैयार था और तीसरे गेम में अपने खेल से खुश हूं। लक्ष्य इससे पहले लोंग के खिलाफ खेले तीनों मैचों में हार का सामना कर चुके थे।